राष्ट्रीय दैनिक


# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




11 आईपीएल के चार सत्रों में 600 से...

बाइडेन ने पुलिस सुधार कार्यकारी... 12



वर्ष : 13 | अंक : 10 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 27 मई, 2022 | वैशाख शुक्ल, द्वादशी, विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 40.0°C

न्यूनतम तापमान 29.0°C

मौसम विभाग के अनुसार सुबह हल्के बादल रहने की संभावना हैं, लेकिन दिन में गर्मी बरकरा रहेगी।।

**पोल**

**उत्तर प्रदेश के पेश हुए बजट से क्या आम आदमी को भी मिलेगी राहत**

| | |
|---|---|
| हां | 70% |
| नहीं | 20% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

सोना 52,520

चांदी 61,500

सेंसेक्स 54,252

निफ्टी 16,170

# ओवैसी के गढ़ में गरजे प्रधानमंत्री मोदी, कहा-सपने कुचलता है परिवारवाद

**हमला**

- इशारों में किया केसीआर पर वार, कहा अबकी तेलंगाना में तय है भाजपा की सरकार'

**हैदराबाद, एजेंसी**

**सपनों को कुचल रहा परिवारवाद : पीएम**

रैली में संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने परिवारवाद को लेकर विरोधियों पर जमकर करारा हमला बोला। मोदी ने कहा कि परिवारवाद की वजह से ही देश के युवाओं को, देश की प्रतिभाओं को राजनीति में आने का अवसर भी नहीं मिलता है। परिवारवाद उनके हर सपनों को कुचलता है, उनके लिए हर दरवाजा बंद करता है। इसलिए, आज 21वीं सदी के भारत के लिए परिवारवाद से मुक्ति, परिवारवादी पार्टियों से मुक्ति एक संकल्प भी है। जहां-जहां परिवारवादी पार्टियां हटी हैं, वहां-वहां विकास के रास्ते भी खुले हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हैदराबाद में भाजपा की रैली को संबोधित करते हुए कहा कि जहां से परिवारवादी पार्टियां साफ, वहां विकास तेज होता है। परिवारवादी पार्टियां लोकतंत्र की दुश्मन, परिवारवाद युवाओं से मौके छीन लेता है। परिवारवादी पार्टियां सिर्फ अपना भला चाहती हैं- ऐसी पार्टियों का नारा है एक परिवार लगातार। परिवारवाद युवाओं के सपनों को कुचलता है। परिवारवादी पार्टियां सिर्फ अपनी तिजोरियां ही भरती हैं प्रदेश का भला कभी नहीं चाहती हैं।



**जनता के दिलों से हमारा नाम नहीं मिटा सकते'**

पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने गरीबों को पक्का घर दिया। हमारी सरकार ने किसानों के खातों में खास कर छोटे किसानों को किसान सम्मान निधि, मुद्रा योजना जैसी योजनाओं से लाभान्वित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आप सियासत करिये जनता के दिलों से हमारा नाम नहीं मिटा सकते। उनको नहीं पता कि हम गरीबों के लिये जीने वाले लोग हैं।

**सीएम योगी की पीएम मोदी ने की तारीफ**

रैली में जनता को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने यूपी सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उदाहरण पेश करते हुए कहा कि विपक्षी योगी जी पर आरोप लगाते थे कि ये तो संत समाज से हैं... ये कैसे सरकार चलाएंगे। लेकिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी सरकार को बखूबी चलाकर दिखा दिया। टेक्नालॉजी के इस्तेमाल को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि हमारे सीएम जरूर संत समाज से हैं, लेकिन अंधविश्वासी नहीं हैं।

# उप्र. में 6.15 लाख करोड़ का मेगा बजट

## पुलिस तंत्र की बेहतरी के साथ सरकार का किसानों, युवाओं, महिलाओं और आस्था केंद्रों पर जोर



**लखनऊ, एजेंसी**

योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे कार्यकाल का पहला बजट गुरुवार को वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने विधानसभा में पेश किया है। बजट में हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव में जनता से किए गए वादों को निभाने पर जोर दिया गया है। करीब 6.15 लाख करोड़ के इस बजट में महिलाओं और युवाओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। महिला सुरक्षा के लिए 720, मिशन शक्ति के लिए 20 करोड़ का बजट रखा है। वहीं, साल में 2 मुफ्त सिलेंडर का वादा भी पूरा किया जाएगा। इसके अलावा युवाओं के लिए 5 साल में 4 लाख नौकरियां और 2 करोड़ टैबलेट व स्मार्टफोन बांटने का लक्ष्य रखा गया है। सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स उद्योग नीति के तहत अगले 5 साल में 40,000 करोड़ रुपए निवेश किए जाएंगे।



बजट प्रदेश की 25 करोड़ जनता की आकांक्षाओं की भावनाओं के अनुरूप प्रदेश के समग्र विकास, गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाएं, श्रमिक और समाज के प्रत्येक तबके को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह बजट 05 वर्षों का एक विजन भी है जो प्रदेश के सर्वसमावेशी, समग्र विकास के साथ-साथ एक उज्ज वल भविष्य की रूप-रेखा भी तैयार करेगा

**-सीएम योगी आदित्यनाथ**

**प्रदेश बजट की कुछ बड़ी घोषणाएं**

- वृद्धावस्था पेंशन 500 से बढ़ाकर 1000 की गई है।
- बिजली में रीवैम्प के लिए 31 हजार करोड़ का बजट प्रस्तावित किया गया है।
- 14 मेडिकल कॉलेजों को 2100 करोड़ का बजट दिया गया है।
- ग्रीन फील्ड और इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए 500 करोड़ का प्रावधान किया।
- मेरठ-प्रयागराज गंगा एक्सप्रेसवे के लिए 695 करोड़ का प्रावधान किया।
- पीडब्लूडी की सड़कों के लिए 18500 करोड़ का बजट प्रावधान है।
- काशी विश्वनाथ राजघाट पुल के लिए 500 करोड़ का बजट प्रावधान किया।



योगी सरकार के पिछले पांच साल में जनता को सिर्फ धोखा मिला है। उसका यह छठा बजट भी आंकड़ों का मकड़जाल है। यह बजट तो छठा है लेकिन इस बजट में सब कुछ घटा (कम हुआ) है।

**-अखिलेश यादव**



सरकार का बजट प्रथम दृष्टया वही घिसापिटा व अविश्वनीय तथा जनहित एवं जनकल्याण में भी खासकर प्रदेश में छाई हुई गरीबी, बेरोजगारी व गड्ढायुक्त बदहाल स्थिति के मामले में अंधे कुएं जैसा है।


**-मायावती**

# दिल्ली के उप-राज्यपाल की शपथ में नाराज हुए हर्षवर्धन

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

दिल्ली के 22वें उप-राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के शपथग्रहण समारोह में एक अजब वाकया हुआ। जब इवेंट में बैठने की जगह नहीं मिलने से नाराज भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन समारोह छोड़कर चले गए। विनय सक्सेना को दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस विपिन संघी ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण में दिल्ली के उट अरविंद केजरीवाल भी मौजूद रहे। उपराज्यपाल के शपथग्रहण से पहले ही गुस्से में जाते हुए हर्षवर्धन ने कहा, 'संसद सदस्यों के लिए इन्होंने सीट नहीं रखी हुई है।' इतना कहकर हर्षवर्धन अपनी गाड़ी की ओर बढ़ गए। उन्होंने दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार से कहा, 'मैं उपराज्यपाल विनय सक्सेना को इस बारे में लिखूंगा।' पूर्व केंद्रीय मंत्री को जहां बैठाया जा रहा था वे उससे संतुष्ट नहीं थे।

**राज निवास नहीं सड़कों पर नजर आऊंगा : विनय**



शपथ लेने के बाद दिल्ली के नए उपराज्यपाल विनय ने कहा, 'दिल्ली के लोगों को बताना चाहता हूं कि मैं लोकल गार्जियन के रूप में काम करूंगा न कि लेफ्टिनेंट गवर्नर के रूप में। मैं राज भवन से ज्यादा सड़कों पर नजर आऊंगा।' गौरतलब है कि सक्सेना अक्टूबर 2015 से खादी और ग्रामोद्योग आयोग में चेयरमैन थे।

## संक्षिप्त खबर

### 1 जून को श्रीराम मंदिर गर्भगृह की आधारशिला रखेंगे योगी

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि के गर्भगृह की आधार शिला रखने के कार्यक्रम तैयारी जोरों पर है। मंदिर ट्रस्ट हर हाल में 29 मई तक इसकी तैयारी पूरी करने की कोशिश में लगा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्र के मुताबिक जब सीएम योगी आदित्यनाथ मुख्य मंदिर के 403 वर्गफुट क्षेत्र के गर्भगृह की आधार शिला रखेंगे, तब मौके पर वरिष्ठ संत धमार्चार्यों के साथ ही मंदिर आंदोलन से जुड़े हिंदू संगठनों के पदाधिकारी, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य, पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। इस समय मंदिर ट्रस्ट, गर्भगृह के निर्माण के अवसर पर आयोजित वैदिक पूजन कार्यक्रम को स्मरणीय बनाने की तैयारी में जुटा है।

### ताजमहल के अंदर नमाज पढ़ते धरे गए चार लोग

आगरा। ताजमहल परिसर के अंदर मौजूद मस्जिद में नमाज अदा करने के आरोप में चार पर्यटकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ताजमहल आम जनता के लिए केवल शुक्रवार को बंद रहता है, क्योंकि सिर्फ उसी दिन परिसर में मौजूद मस्जिद के अंदर नमाज पढ़ी जाती है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अनुसार, ताजमहल के अंदर मस्जिद में किसी अन्य दिन नमाज अदा करने की अनुमति नहीं है। यह पूरा मामला तब सामने आया है जब हिन्दू संगठन ने ताजमहल परिसर में शिवमंदिर का दावा करते हुए पूजा करने की अनुमति मांगी थी। संगठन प्रमुख का कहना है कि ऐसा ही चलता रहा तो वे तेजो महालय में भी पूजा करेंगे। एसपी विकास कुमार ने कहा कि बुधवार को गिरफ्तार किए गए चार लोगों में से तीन तेलंगाना के हैं जबकि एक उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले का रहने वाला है।

## नकली नमक फैक्ट्री का भंडाफोड़

**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी**

ग्रेटर नोएडा में अवैध तरीके से ब्रांडेड कंपनी के नाम से फर्जी नमक बनाने वाली फैक्ट्री पर पुलिस ने छापेमारी करते हुए भारी मात्रा में नकली नमक बरामद किया है। पुलिस के आला अधिकारियों का कहना है कि 600 क्विंटल नकली नमक के साथ टाटा कंपनी के 24000 रे पर भी पुलिस ने बरामद किए हैं। मामले में पुलिस ने 2 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। फैक्ट्री पर छापेमारी के दौरान 24000 नमक पैकेट के रैपर बरामद किए गए हैं। फैक्ट्री में नमक बनाने का सामान भी मिला है।

पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। डीसीपी मीनाक्षी कात्यायन ने बताया कि दादरी पुलिस को शिकायत मिली थी इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। डीसीपी मीनाक्षी कात्यायन का कहना है कि पकड़े गए नमक की कीमत कई लाख रुपए है। उन्होंने कहा जानकारी की जा रही है कि कब से ये लोग इस अवैध कारोबार के धंधे में लगे हुए थे और किस-किस जगह ये लोग इस नकली नमक को सप्लाई किया करते थे।

## नकुल दुबे कांग्रेस में शामिल

नई दिल्ली। बसपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे और यूपी की सियासत में ब्राह्मण चेहरे के तौर पर जाने जाते रहे नकुल दुबे आज दिल्ली में कांग्रेस में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस पार्टी एक आंदोलन है, जिसे हम बचपन से देख रहें हैं। आज उस आंदोलन को षड़यंत्र कर प्रदेश व देश से हटाने का कार्य किया गया है। कांग्रेस पार्टी शामिल होने पर खुशी जाहिर कि है और बसपा से पार्टी छोड़े जाने पर नकुल ने कहा कि, देशभक्ति जाग आई, इसलिए कांग्रेस में शामिल हुए हैं।

# हॉकी में टीम इंडिया का कमाल

## एशिया कप में इंडोनेशिया को 16-0 से हराया

**जकार्ता, एजेंसी**

भारतीय हॉकी टीम ने एशिया कप के अपने आखिरी पूल मैच में इंडोनेशिया को 16-0 के बड़े अंतर से हराकर सुपर-4 में प्रवेश कर लिया है। इस जीत से भारत के पाकिस्तान के बराबर अंक हो गए। हालांकि, भारत को गोल अंतर भी पाकिस्तान से बेहतर करना था और इसके लिए 16 गोल के अंतर से जीत जरूरी थी। इसी के साथ जापान, साउथ कोरिया, मलेशिया 2023 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई हो गए हैं। भारत मेजबान के नाते क्वालिफाई हो चुका है। शुरूआती मुकाबलों के प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम लगभग टूनार्मेंट से बाहर हो चुकी थी। लेकिन पूल-ए में जापान ने पाकिस्तान को 3-2 से हरा दिया था। इससे भारत के लिए मौके बन गए।



टूनार्मेंट के शुरूआती मुकाबलों में टीम इंडिया ने उम्मीदों के अनुरूप प्रदर्शन नहीं किया। उसने पहले मुकाबले में पाकिस्तान से 1-1 से ड्रॉ मैच खेला था।

**प्वाइंट टेबल का गणित**

पूल-ए में जापान 9 अंक के साथ नॉकआउट के लिए क्वालिफाई हो गया है। उसने अपने तीनों मैच जीते हैं, जबकि पाकिस्तान तीन मुकाबलों में से एक जीत। एक हार और एक ड्रॉ की मदद से 4 अंक ही अर्जित कर सका। भारत की भी यही स्थिति रही। लेकिन भारत ने गोल डिफरेंस से सुपर-4 में जगह बनाई।

**जानकारी** थोक में 45 से 50 रुपये किला, फुटकर में 100 रुपये किलो के पार पहुंचा टमाटर

# महंगाई ! टमाटर फिर हुआ 'लाल'

**नई दिल्ली**

दो दिन की बारिश के बाद सब्जियों की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। टमाटर की कीमतें फुटकर में 100 रुपये प्रति किलो के पार पहुंच गई है। साथ ही फूल गोभी भी 100 रुपये प्रति किलो बिक रही है। लौकी, तोरई से लेकर खीरे तक की कीमतों में भी तेजी देखी जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि थोक में सब्जी के दामों में उतनी तेजी नहीं आई है, जितनी फुटकर बाजार में हो गई है। नींबू की कीमत गिरकर 35 रुपये प्रति किलो तक आ गई है, लेकिन आम लोगों को अब भी फुटकर में 125 से 150 रुपये प्रति किलो खरीदना पड़ रहा है। आजादपुर मंडी के आढ़ती जय किशन का कहना है कि बारिश के कारण मंडी में कुछ सब्जियों की आवक कम हुई है।



टमाटर की आवक भी घटी है, जिससे कीमत में थोड़ा इजाफा हुआ है। दो दिन पहले टमाटर का थोक मूल्य 40 रुपये प्रति किलो के आसपास था, जो बढ़कर 45 से 50 रुपये हो गई है। इससे जाहिर है कि फुटकर में भी कीमतें बढ़ेंगी, लेकिन यह बात सही है कि कई बार थोक के मुकाबले फुटकर बाजार में कहीं ज्यादा कीमतें होती हैं। अब नींबू को ही ले लीजिए। बेहतर क्वालिटी नींबू 35 रुपये प्रति किलो पर आ गई है, लेकिन थोक में चार गुने दाम हैं। उधर, बारिश के बाद लौकी, तोरई, भिंडी, करेला और खीरे की कीमतों में भी तेजी आई है। दो दिन पहले तक मंडी में खीरा सात से आठ रुपये किलो था जो गुरुवार को 10 रुपये प्रति किलो हो गया। जबकि देसी खीरे की कीमत 15 से 20 रुपये प्रति किलो थी।

**इलाके के हिसाब से कीमतें अलग-अलग**

सब्जी की कीमतों में भी इलाके और बाजार के हिसाब से अंतर देखा जा सकता है। दिल्ली में गुरुवार को जहां सदर, सरोजिनी नगर, करोलबाग, रोहणी और अन्य कुछ इलाकों में अच्छी क्वालिटी का टमाटर 90 से 110 रुपये प्रति किलो बिका, वहीं साप्ताहिक बाजार में टमाटर की कीमतें 80 से 90 रुपये प्रति किलो के बीच रहीं। इस तरह से इलाके के हिसाब से सब्जी की कीमतों में अंतर देखा जा सकता है।




# केजरीवाल ने पिछले सात सालों से बाहरी दिल्ली जिले को उपेक्षित छोड़ दिया : आदेश

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा का पोल खोल अभियान लगातार जारी है। आदेश गुप्ता ने बाहरी दिल्ली जिले के किराड़ी, सुल्तानपुरी और मंगोलपुरी विधानसभा में पोल खोल अभियान के तहत लोगों और किसानों से मिलकर केजरीवाल के झूठे वायदों को बताया। गुप्ता ने कहा कि ऐसा लगता है कि बाहरी दिल्ली जिले में आज तक दिल्ली सरकार का कोई भी मंत्री या विधायक आने की जहमत नहीं उठाया है, इसलिए यह क्षेत्र उपेक्षित छोड़ दिया है।

आदेश गुप्ता ने बाहरी दिल्ली जिले में रह रहे किसानों की समस्या सुनने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज देशभर में किसानों को कई तरह के लाभ मिल रहे हैं। जैसे- उपकरण खरीदने पर छूट, ट्रैक्टर की खरीद पर सब्सिडी, खाद खरीदने पर सब्सिडी मिलती है, लेकिन केजरीवाल के शासन में दिल्ली के किसानों को कोई सब्सिडी नहीं मिलती।

सिंचाई के लिए बिजली की व्यवस्था राज्य सरकार करती है, लेकिन दिल्ली में ऐसा नहीं है। क्योंकि दिल्ली के किसानों को केजरीवाल किसान समझते ही नहीं है। उन्होंने कहा कि आज किसानों को कमर्सियल रेट के हिसाब से बिल आ रहे हैं, इससे शर्मनाक और कुछ नहीं हो सकता।



पोल खोल अभियान

● दिल्ली में किसान सम्मान निधि न देकर केजरीवाल ने किसानों के साथ छलावा किया : आदेश गुप्ता

आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में किसानों को प्रोत्साहन देना तो दूर उन्हें दबाया जा रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जो राशि किसानों के खाते में आनी चाहिए थी, उसे भी रोकने का काम केजरीवाल सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि किसानों की फसल बर्बाद होने पर मुआवजा के लिए 20,000 रुपये प्रति एकड़ का वायदा करने वाले केजरीवाल के खिलाफ जब किसानों ने आंदोलन किया तो उस राशि को बढ़ाकर 50,000 रुपये प्रति एकड़ कर दिया, लेकिन अभी तक वह मुआवजा किसानों को नहीं मिला है।

आदेश गुप्ता ने कहा कि अरविंद केजरीवाल पंजाब में जाकर झूठा प्रचार करते है कि वे दिल्ली के किसानों को 2616 रुपये एमएसपी दे रहे हैं। दिल्ली देहात के विकास के लिए आज तक कुछ नहीं किया है। दिल्ली के देहातों का सही मायने में विकास मुख्यमंत्री स्व. मदन लाल खुराना एवं स्व. श्री साहिब सिंह वर्मा के कार्यकाल में हुआ। चाहे वह सड़क बनाने की बात हो या फिर फ्लाईओवर बनाने की बात हो। उन्होंने कहा कि 400 करोड़ की लागत से नरेला-बवाना फ्लाईओवर बनाकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के गांवों में रहने वालों को तोहफा दिया है। आदेश गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल सरकार की नाकामियों की कहानी इस से समझी जा सकती है कि दिल्ली के कई गांवों में बारिश का पानी भरा हुआ है, वहां खेती नहीं हो पा रही है, लेकिन पिछले सात सालों से वहां पानी निकासी का कोई भी उपाय नहीं किया गया।

केंद्र सरकार द्वारा 2419 करोड़ रुपये यमुना की सफाई एवं 18 प्लांट लगाने के लिए दिया गया, लेकिन आज यमुना की हालत पहले से बदतर है। आने वाले समय में दिल्ली देहात एवं किसानों की आवाज बुलंद होगी क्योंकि भाजपा यह अनदेखी बर्दाश्त नहीं करेगी। आदेश गुप्ता ने कहा कि किसानों एवं अन्नदाताओं के बारे में जिसने नहीं सोचा उसे सत्ता में रहने का कोई हक नहीं है। केजरीवाल सरकार ने पिछले सात सालों में किसानों का दोहन एवं शोषण किया है।

# पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना लाभकारी: उपायुक्त अजय

नूंह, प्रात : किरण संवाददाता

नूंह उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड के तहत गाय, भैंस, भेड़, बकरी, मुर्गी के रख-रखाव के लिए तीन लाख रुपये तक का ऋण मिल सकता है ताकि पशुपालकों की आर्थिक स्थिति सुधर सके। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत छोटे किसानों की पशुपालन व अन्य संबद्ध क्षेत्रों से होने वाली आय को बढ़ाने के उद्देश्य से यह योजना क्रियान्वित की जा रही है।

उपायुक्त ने बताया कि पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड के तहत किसान अपने पशुओं की देखभाल के लिए होने वाले खर्च हेतु पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण ले सकता है। कोई भी पशुपालक एक लाख 60 हजार रुपये तक का राशि की लिमिट तक का पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड बिना कोई जमीन गिरवी रखें या किसी प्रकार गारंटी न देते हुए कोलैटरल सुरक्षा बनवा सकता है। यदि कोई पशुपालक इस राशि से अधिक लिमिट का पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड बनवाना चाहता है तो उसे अपनी जमीन या कोई जमानत देना अनिवार्य होगा उन्होंने बताया कि पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड धारक को सालाना 7 प्रतिशत साधारण ब्याज दर पर बैंक द्वारा ऋण दिया जायेगा। यदि कार्डधारक अपने ऋण का समय पर भुगतान करता है तो उसे केंद्र सरकार की तरफ से 3 प्रतिशत ब्याज दर का अनुदान दिया जायेगा तथा उस पशुपालक को यह ऋण केवल 4 प्रतिशत के हिसाब से चुकाना होगा।



● ऋण का केवल 4 प्रतिशत के हिसाब से करना होगा भुगतान

उन्होंने बताया कि 7 प्रतिशत ब्याज दर के हिसाब से अधिकतम 3 लाख रुपये तक की ऋण राशि पर केंद्र सरकार की ओर से 3 प्रतिशत ब्याज दर का अनुदान दिया जायेगा।

कार्डधारक द्वारा ऋण की राशि जरूरत के अनुसार समय-समय पर ली जा सकती है और सुविधा अनुसार जमा करवाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि आवेदन करने के लिए पशुपालक को अपने सभी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, पशु का बीमा, पशु का हैल्थ सेर्टिफिकेट आदि आवेदन पत्र सहित बैंक में जमा करवाना होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### तावडू में गौवध अधिनियम के तहत 4 लोगों पर मामला दर्ज

तावडू। उपमंडल के गांव पचगांवा से पुलिस ने सूचना पर गौकसी करने वाले 4 लोगों में से 1 व्यक्ति को गौमास व सामान सहित काबू कर लिया। पुलिस ने नामजद 4 लोगों के खिलाफ गौवध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस क्राईम की रोकथाम के लिए गांव पचगांवा चौक पर मौजदू थी कि सूचना मिली कि आजाद उर्फ कौली, मौहम्मद, मुबारिक उर्फ तन्ना, महमुद उर्फ मुन्दा निवासियान गांव पचगांवा व काला निवासी गांव चिलावली गौकशी का धन्धा करते हैं। जो आज भी गांव पचगांवा मं मुबारिक उर्फ तन्ना के घर के पीछे खाली खेत में गौकशी कर रहे हैं, अगर रेड की जाए तो काबु आ सकते हैं। पुलिस ने सूचना पर बताए गए स्थान पर रेड मारी तो 4 व्यक्ति अपने-अपने हाथ में छुरा लेकर 1 घर के पीछे खाली खेत में गौकशी कर रहे थे। उनके पास में 1 बाइक भी खड़ी थी। पुलिस पार्टी को देखकर 3 लोग बाईक पर सवार होकर व 1 व्यक्ति पैदल भागने लगे। पुलिस ने पैदल भागने वाले व्यक्ति को काबू कर लिया।

# टॉयकैथॉन 2022 में सात टीमों ने सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट के साथ जीते 25-25 हजार रूपये

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज को पांच अन्य मंत्रालयों के समन्वय में शिक्षा मंत्रालय के शिक्षा नवाचार सेल और एआईसीटीई द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित टॉयकैथॉन 2022 के भौतिक संस्करण की मेजबानी के लिए नोडल केंद्र के रूप में चुना गया था। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय और कपड़ा मंत्रालय। 24 मई को एआईसीटीई और एमआईसी के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा एआईसीटीई मुख्यालय से पांच नोडल केंद्रों को दिए गए उद्घाटन भाषण के साथ इस कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस केंद्रीय उद्घाटन में प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धे (अध्यक्ष एआईसीटीई), प्रो. एम.पी. पूनिया (वाइस चेयरमैन एआईसीटीई), प्रो राजीव कुमार (सदस्य सचिव



एआईसीटीई), डॉ अभय जेरे (मुख्य नवाचार अधिकारी, एमआईसी) और डॉ मोहित गंभीर (निदेशक, एमआईसी) उपस्थित थे। टॉयकैथॉन स्थानीय सामग्रियों का उपयोग करके नए और अभिनव खिलौनों की अवधारणा पर ध्यान केंद्रित करता है जो भारतीय और वैश्विक दोनों बाजारों के लिए असाधारण उच्च गुणवत्ता के साथ-साथ किफायती, सुरक्षित, और पर्यावरण अनुकूल हैं। टॉयकैथॉन 36 घंटे तक लगातार चलने वाला कार्यक्रम था, जिसमें एआईसीटीई, एमआईसी और मानव रचना के वरिष्ठ अधिकारियों ने छात्रों के साथ बातचीत करने और उन्हें अपने खिलौने के आईडिया को कार्यशील प्रोटोटाइप में बदलने के संभव प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रो. राजीव कुमार, सदस्य सचिव एआईसीटीई; डॉ. नीरज सक्सेना, सलाहकार, एआईसीटीई; डॉ. मोहित गंभीर, निदेशक एमआईसी; श्री गिरीश कुमार भसीन, वरिष्ठ लेखा अधिकारी एआईसीटीई; श्री योगेश वधावन, लेखा अधिकारी एआईसीटीई; डॉ. संजय श्रीवास्तव (वीसी-एमआरआईआरएस);आर.के. अरोड़ा (रजिस्ट्रार एमआरआईआईआरएस); लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) आर. के. आनंद ने मानव रचना परिसर में अपनी उपस्थिति के साथ टॉयकैथॉन कार्यक्रम में शिरकत की।

### महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा सरकार देगी पुरस्कार: अजय

नूंह। उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि आजादी अमृत महोत्सव के तहत हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली हरियाणवी प्रतिभाओं को सुषमा स्वराज पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस पुरस्कार के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों के माध्यम से भी आवेदन किए जा सकेंगे। उपायुक्त अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बजट के दौरान बेहतरीन शख्सियत एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय राजनीति में अहम योगदान देने वाली हरियाणा की बेटी सुषमा स्वराज के नाम से पुरस्कार शुरू करने की घोषणा की थी। उन्होंने बताया कि इस पुरस्कार की विजेता को पांच लाख रूपए की राशि, शॉल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुषमा स्वराज पुरस्कार के लिए अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर पर जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में अतुलनीय योगदान देने वाली हरियाणा की महिलाएं आवेदन कर सकेंगी।

# मैथिली भाषा को लेकर राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

अखिल भारतीय मिथिला राज्य संघर्ष समिति ने अंतरराष्ट्रीय संयोजक प्रो० अमरेन्द्र कुमार झा के नेतृत्व में 11 सूत्री मांग पत्र बिहार के राज्यपाल और कुलाधिपति फागू चौहान को बिहार निवास दिल्ली में सौंपा। प्रो० झा ने कहा कि मैथिली भाषा का दमन 8 करोड़ मैथिलों पर अत्याचार है। प्रतिनिधिमण्डल में प्रो० झा के अलावा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट श्री प्रदीप झा जी और दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष हीरालाल प्रधान थे।

प्रमुख मांगों में भारत सरकार के नई शिक्षा नीति के तहत मैथिली भाषा में प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा, मैथिली शिक्षक की बहाली, उत्तर भारत के एकमात्र संवैधानिक भाषा मैथिली को राजभाषा का दर्जा, मिथिलाक्षर लिपि का संरक्षण और संवर्धन, मैथिली अकादमी का सुचारू रूप से काम करना, मातृभाषा मैथिली में तकनीकी शिक्षा और शोध प्रबंधन

मांग

● मैथिली भाषा का दमन 8 करोड़ मैथिलों पर अत्याचार: प्रो0 झा

आदि है। संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा० बैद्यनाथ चौधरी बैजू ने कहा कि 20 वीं सदी से मैथिली भाषा के लिये हमारी लड़ाई जारी है। 21 वीं सदी में भी यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जबतक हमारी मांगें पूरी नहीं होगी।

राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी ईंजीनीयर शिशिर कुमार झा ने कहा है कि बिहार सरकार मैथिली भाषा के प्रति सौतेलापन व्यवहार करती आ रही है। मगही शासन प्रशासन शत्रु के तरह मैथिली का दमन करती आयी है। अतः राज्यपाल का कर्तव्य बनता है कि संवैधानिक भाषा मैथिली के उत्थान के लिये उचित कदम उठायें। संघर्ष समिति ने राज्यपाल के नेत्र शल्य चिकित्सा के बाद जल्द स्वास्थ्य लाभ के लिये माँ जानकी से प्रार्थना की है।

### व्यक्ति ने गांव के ही 2 लोगों पर लगाए विभिन्न आरोप, मामला दर्ज

तावडू। उपमंडल के गांव खोरी कलां निवासी 1 व्यक्ति ने गांव के ही 2 व्यक्तियों पर मारपीट करने, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीडित व्यक्ति की शिकायत पर 2 नामजद लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव खोरी कलां निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसके पिता जगदीश चंद को नवाबदीन, व अख्तर अली निवासी खोरी कलां पिछले 6 महीने से परेशान व डरा धमका रहे हैं। उसके पिता हार्ट व सुगर के मरीज हैं। उन्होंने यह बात उसे 2 दिन पहले बताई तो वह उनके पास गया। जिस पर उक्त ने उसके साथ मारपीट कर गाली गलोच व जातिशुचक शब्द कहे। नवाबदीन ने कहा उसका लडका पुलिस में अफसर है, वह उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता है । उस समय उसके साथ गांव के ही जुगनु व अमरजीत निवासी गांव उसमापुर रेवाड़ी उसके साथ थे। उक्त दबंग आदमी है और उनसे उन्हें जान का खतरा है। पुलिस ने सुनील कुमार की शिकायत पर उक्त के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# फरीदाबाद: तीन वारदातों में शामिल आरोपी चोर गिरफ्तार

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

डीसीपी क्राइम नरेंद्र सिंह के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच 56 प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने तीन वारदातों में शामिल आरोपी चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम विक्की उर्फ दुन्ना है जो बल्लभगढ़ की सुभाष कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को दिनांक 23 मई को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश करके 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया जिसमें पुलिस पूछताछ के दौरान सामने आया कि आरोपी नशा करने का आदी है और नशे की आपूर्ति के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी इससे पहले भी चोरी की वारदातों में जेल जा चुका है और वह 15 दिन पहले ही जेल से बाहर आया था। जेल से बाहर आते ही



● 2 सीएनजी ऑटो तथा 1 ई रिक्शा किया बरामद

आरोपी ने फिर से चोरी की वारदातों को अंजाम देना शुरू कर दिया और उसने आदर्श नगर एरिया से दो सीएनजी ऑटो चोरी कर लिए। आरोपी ने वर्ष 2019 में पुलिस थाना खेड़ी पुल एरिया से एक ई-रिक्शा भी चोरी किया था। आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से चोरी किए गए दो सीएनजी ऑटो तथा एक ई रिक्शा बरामद किया गया है। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में दोबारा पेश करके जेल भेज दिया गया है।

### तावडू में 22 बोतल अवैध शराब सहित व्यक्ति काबू, मामला दर्ज

तावडू। उपमंडल के गांव खोरी कलां से पुलिस ने सूचना पर नाकाबंदी कर 1 व्यक्ति को 22 बोतल अवैध शराब सहित काबू कर लिया। पुलिस ने नामजद व्यक्ति के खिलाफ एक्साईज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।पुलिस अपराध की रोकथाम के लिए मौजूद थी कि सूचना मिली कि गांव खोरी कलां हनुमान नगर निवासी नवल सिंह अवैध शराब बेचने का धंधा करता है। जो आज शराब लेने जा रहा है, अगर खोरी बोर्डर पर नाका बन्दी की जाए तो शराब सहित काबू आ सकता है। पुलिस सूचना पर नाकाबन्दी की तो कुछ समय बाद 1 व्यक्ति हाथ में 1 थैला लेकर आता दिखाई दिया। जिसे पुलिस ने काबू कर लिया। जिसने अपनी पहचान गांव खोरी कलां हनुमान नगर निवासी नवल सिंह के रूप में कराई। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो थैले से 42 पव्वा सन्तरा देशी, 5 पव्वा ऑफिसर च्वाईश ब्लू, 3 पव्वा ईमपीरियल ब्लू, 13 अध्धा सन्तरा देशी व 3 बोतल सन्तरा देशी बरामद हुऐ। पुलिस ने नवल सिंह के खिलाफ एक्साईज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# ठाकुर वाड़ा वार्ड नंबर 16 से पूर्व पार्षद हरीश नंदा ने ठोकी ताल

सोहना, प्रात किरण संवाददाता

सोहना चुनाव आयोग द्वारा नगर निकाय चुनावों की घोषणा के बाद सोहना नगर परिषद मे चुनावी बिसात बिछ गई। बात दे 1 मई से 4 जून नामांकन प्रतिक्रिया शुरू कर दी जाएगी ! वहीं 19 जून को चेयरपर्सन व पार्षद पद लिए वोट डाले जाएंगे। वही पार्षद पद का चुनाव लड़ने के दावेदार सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने जहां एक ओर लोगों से सम्पर्क बढ़ाना शुरू किया है वहीं क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने के संकल्प के साथ पूरी तरह चुनावी बिगुल फूंक दिया है। साथ ही साथ चुनाव लड़ने वालों में युवा ज्यादा सक्रिय नजर आ रहे है ! बात द वार्ड नंबर 16 ठाकुर वाड़ा से पूर्व पार्षद हरीश नन्दा ने पार्षद पद की ताल ठोक दी है ! जो पूरी तरह से चुनावी तैयारियों में जुटे हुए हैं। हरिश नन्दा काफी लंबे समय से क्षेत्र में समाजसेवा करते आ रहे है। बता दे वार्ड नंबर 16 से पूर्व



पार्षद हरीश नंदा अबकी बार तीसरा चुनाव लड़ेंगे पहले खुद हरीश नन्दा पार्षद रहे। फिलहाल पूर्व में उनकी धर्मपत्नी कमलेश नन्दा पार्षद रही है ! जानकारी अनुसार जो कि सोहना कस्बे के 21 वार्डों में सबसे ज्यादा वोट 746 वोटों से विजय हुई थी ! उनका कहना है कि वार्ड नंबर 16 की जनता उन्हें तीसरी बार चुनाव मैदान में उतार रही है जिसकी वजह से उन्हें वार्ड जनता की सेवा करने के लिए चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। सोहना कस्बे के लोगों के दिलो में जगह बनाने वाले हरीश नन्दा को कस्बा वासियों का भारी समर्थन भी मिल रहा है ।

### लूट व स्नैचिंग की एक दर्जन से अधिक वारदातों के आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश डीसीपी क्राइम नरेन्द्र कादियान व एसीपी क्राइम सुरेंदर श्योराण के दिशा निदेर्शों के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 प्रभारी रविंद्र सिंह की टीम ने लूट व स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले 3 आरोपी भूपेंद्र उर्फ सोनू, धीरज तथा नीरज को गिरफ्तार किया है। डीसीपी क्राइम ने प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में शामिल आरोपी भूपेंद्र उर्फ सोनू फरीदाबाद के एनआईटी, आरोपी धीरज और नीरज जवाहर कॉलोनी के निवासी है। इस मामले में शामिल आरोपी नीरज के खिलाफ कोई पुराना मुकदमा नहीं है परंतु आरोपी धीरज तथा भूपेंद्र पुराने अपराधी हैं। आरोपी रात के अंधेरे का फायदा उठाते हैं और अंधेरे में रात चलते लोगों के साथ लूटपाट व स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देते हैं। आरोपियों ने 11 मई की रात एक युवक का अपहरण करके उसके एटीएम से पैसे निकालने की कोशिश की थी परंतु शोर मचाने की वजह से अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पाए थे और मौके से फरार हो गए थे।

# सोहना चेयरमैन पद के उम्मीदवार लगे है पार्टी टिकट के जुगाड़ में !

सोहना, प्रात : किरण संवाददाता

नगर परिषद चुनावों का बिगुल बज चुका है कुछ संभावित चैयरमेन पद के उम्मीदवार पार्टी के सिंबल पर चुनाव लड़ना चाहते हैं तो कुछ उम्मीदवार किसी पार्टी द्वारा टिकट नहीं मिलने की सूरत में निर्दलीय चुनावी समर में कूदेंगे और चैयरपर्सन की कुर्सी के लिए अपनी किस्मत आजमाएंगे। सोहना नगर परिषद चेयरमैन की कुर्सी अनुसूचित महिला आरक्षित है जहां दर्जन से ज्यादा लोग भाजपा कांग्रेस, ,आप, की टिकट की जुगत में लगे हुए हैं। सबसे ज्यादा टिकट की मारामारी बीजेपी की टिकट को लेकर चल रही है। जहां पूनम गोदारा, इंदुबाला, अंजू दैवी , उषा रानी बागड़ी, आदि के नाम प्रमुख है जो भाजपा की टिकट की जुगत में हैं। वही साक्षी (मोगली) सीमा डागर, आदि आम आदमी पार्टी की टिकट पर दावेदारी जता रहीं हैं।




● कुछ पार्टी का टिकट ना मिलने की सूरत में हर हाल मे लडेंगे चुनाव

लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं ! पार्टी का टिकट ना मिलने की सूरत में हर हाल चुनाव लडेंगे। उनमें सबसे बड़ा नाम युवा चेहरा सीमा डागर का लिया जा रहा है जो पिछले काफी दिनों से सोहना नगर परिषद चेयरपर्सन पद के लिए मेहनत कर रही हैं। अब देखना होगा किस उम्मीदवार को पार्टी की टिकट मिलती है कौन कौन से राजनैतिक सूरमा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में यौद्धा बनकर टक्कर देंगे।

### राजद विधायक के नेतृत्व में चलाया गया सदस्यता अभियान

जहानाबाद। स्थानीय विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव के नेतृत्व में गुरूवार को सदर प्रखंड के मोहनपुर, शाहपुर एवं रतनी प्रखंड के घेजन, प्रिजपुरा, सोहरैया आदि पंचायतों में विषेष सदस्यता अभियान चलाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने राजद की सदस्यता ग्रहण की। विधायक श्री यादव ने कहा कि हमारे नेता प्रतिपक्ष व राज्य के भावी मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने पहले ही पार्टी के अधिकारियों को एक करोड़ से ज्यादा लोगों को राजद से जोड़ने का लक्ष्य दिया है। जिसके तहत जिले में एक लाख से अधिक लोगों को सदस्य बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा-जदयू को पूरी तरह से समझ चुकी है। उनके नेताओं के झूठे वादे व पार्टी की गलत नीतियों के कारण जनता का उनसे मोहभंग हो गया है। श्री यादव ने कहा कि पूरे सूबे में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व अपराध चरम पर है। राज्य सुखाड़ व बाढ़ की चपेट में है, लेकिन सरकार उन समस्याओं का समाधान नहीं कर रही है।

# जमीन विवाद के चलते पिता-पुत्र पर चलाई गोलियां, पुत्र की मौत

होडल,प्रात : किरण संवाददाता

मुंडकटी थाना के अंतर्गत गांव गोपालगढ में जमीनी विवाद के चलते चचेरे भाई ने पिता-पुत्र पर गोलियां चला दी। इस घटना में अस्पताल पहुंचने से पहले ही पुत्र ने रास्ते में दम तोड दिया जबकि घायल पिता की हालत को गंभीर देखते हुए उसे फरीदाबाद के लिए रैफर कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही मुंडकटी थाना, होडल थाना, हसनपुर थाना, बहीन थाना के अलावा जिले की अन्य पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

मुंडकटी थाना प्रभारी वेदपाल ने जानकारी में बताया कि गांव गोपालगढ गांव गोपालगढ निवासी नरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि गांव निवासी भारत का अपने भाई के साथ पिछले काफी समय से जमीनी विवाद चल रहा है। उसने बताया कि गुरूवार सुबह भारत व उसके भाई के परिवार में किसी बात को लेकर झगडा हो गया। उसने बताया कि उसी झगड़े के चलते भारत के भतीजे ललित ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर भारत व उसके पुत्र सुमित पर गोलियां चला दी जिसमें वह दोनों बाप-बेटे घायल हो गए।

उसने बताया कि गोलियों के आवाज सुनकर गांव के आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों को आता देख ललित व उसके साथी मौके से फरार हो गए। ग्रामीण दोनों घायलों को पलवल अस्पताल ले गए जहां अस्पताल पहुंचने से पहले सुमित ने रास्ते में ही दम तोड दिया जबकि चिकित्सकों ने भारत की हालत को गंभीर देखते हुए उसे फरीदाबाद के लिए रैफर कर दिया। थाना प्रभारी वेदपाल का कहना है कि मृतक सुमित को तीन गोलियां लगी एक छाती के नीचे, एक पेट में तथा तीसरी गोली हाथ में ली।

### एसएन कॉलेज में तालाबंदी के खिलाफ अभाविप ने किया विरोध प्रदर्शन

जहानाबाद। अभाविप के द्वारा एसएन सिन्हा महाविद्यालय में ताला बंदी कर महाविद्यालय प्रशासन को घंटों तक रखा बाहर। व्याप्त शैक्षणिक संकट के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। समय पर न नामांकन होती हैं, न ही परिणाम मिल पाती है और तो और एक सत्र को पुरे करने में 5-5 वर्ष लग जाती है मगध विश्वविद्यालय। वहीं अभाविप के जिला संयोजक विक्रम कुमार एवं नगर मंत्री गोपाल शर्मा के कहना है कि विश्वविद्यालय एवं छात्रों कि कोई चिन्ता नही है कि उनका भविष्य कैसे बचेगा पर जो लोग काम कर रहे छात्र-छात्राओ को उनका हक दिलाने के लिए उनके जान-माल पर खतरा बने हुए है ये लोग। अगर जल्द से जल्द विश्वविद्यालय नेक ग्रेडिंग नही कराती है तो लाखों-लाख छात्र-छात्राओ कि डिग्री पर संकट आ जाएगा इसका जिम्मेदार राजभवन और बिहार सरकार होगा। इस मौके पर एसएफएस प्रमुख सुरजीत सिंह, छात्र नेत्री रागनी सिंह, नगर कार्यकरणी शाशक शेखर, शिवम कुमार, शुभांक शर्मा, अमन कुमार ने भी संबोधित किया।

# गया: पुलिस ने जहरीली शराब से हुई मौत का किया खुलासा

गया, प्रात : किरण संवाददाता

जहरीली शराब पीने से हुए चार लोगों की मौत का गया पुलिस ने तीन शराब कारोबारी को धर दबोचा है। बीते 23 मई को गया जिले के आमस थाना क्षेत्र के पथरा गांव में जहरीली शराब पीने से आधा दर्जन बीमार हो गए थे और एक-एक करके चार लोगों की मौत हो गई थी।उक्त बातें गया के एसएसपी हरप्रीत कौर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। एसएसपी हरप्रीत कौर ने जानकारी देते हुए कहा कि सूचना मिली थी कि आमस थाना क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से 4 लोगों की मौत हो गई है जबकि आधा दर्जन लोग अस्पताल में भर्ती हैं। आमस थाना पुलिस पदाधिकारी व बल के साथ अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सक द्वारा बताया गया कि कुछ लोग संदिग्ध स्थिति में इलाज के लिए आ रहे हैं।एसएसपी हरप्रीत कौर ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में पता



चला कि नंदक उर्फ मुकेश यादव, संजय यादव, अजय पासवान ट्रांसपोर्ट से शराब लाकर बेच रहा है और गांव के लोग शराब लेकर पी रहे हैं जिसके कारण अचानक तबीयत खराब हो गई जिसमें चार लोगों की मौत हुई है। घटना को गंभीरता से लेते हुए शेरघाटी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रवेंद्र भारती के नेतृत्व में एसआईटी टीम गठित की गई जिसमें तीन थानाध्यक्षों को शामिल किया गया और छापामारी की गई।छापामारी के क्रम में एक-एक करके तीनों लोगों को पकड़ा गया और पूछताछ में उन्होंने स्वीकारा है कि जहरीली शराब पीने से 4 लोगों की मौत हुई है और कई लोगों की तबीयत खराब हुई है। गिरफ्तार शराब तस्कर ने बताया कि मोबाइल से इंडिया मार्ट वेबसाइट से सर्च कर ऑनलाइन पेमेंट कर उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली से कपुर एरोमैटिक्स एवं दीपक वर्मा से स्प्रिट मंगाकर संतोष चौधरी को दिया था। यह स्प्रिट थीनर एवं छार्डनेस के नाम से मंगवाता था। संतोष चौधरी ने राजेश यादव को दिया था। राजेश यादव के द्वारा ग्राम पथरा एवं खिरियामा में बेचा गया था। जैसे ही राजेश यादव को जानकारी हुई तो उसने 14 गैलन में से 13 गैलन को खेत में ले जाकर नष्ट कर दिया और गैलन को जला दिया।

### मृतक के परिजनों से मिल जदयू नेताओं ने दी सांत्वना

जहानाबाद। जदयू नेताओं ने घोषी प्रखंड के बेलई गांव जाकर मृतक विकास कुमार के पिता जानकी महतो सहित अन्य परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट करते हुए सांत्वना दिया। विदित हो कि कुछ दिन पूर्व विकास की हत्या एकंगरसराय-हिलसा रोड में उसकी पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर करवा दिया था। इस घटना में शामिल कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं जदयू मुख्य प्रवक्ता दिलीप कुशवाहा ने नालंदा पुलिस अधीक्षक से बात कर घटना में शामिल शेष बचे अपराधियों को गिरफ्तार करने को कहा। श्री कुशवाहा ने कहा कि पुलिस वैज्ञानिक तरीके से जाँच कर रही है। इस घटना में शामिल एक भी अपराधी को बख्शा नहीं जायेगा, अपराधियों की जगह सलाखों के पीछे है। इस दौरान जदयू के वरिष्ठ नेता संजय कुमार सिंह, जदयू किसान जिलाध्यक्ष चंद्रभानु प्रसाद, पूर्व जिला पार्षद अनुज निराला, रंजीत कुशवाहा मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली में अगले सात दिनों तक लू का प्रकोप नहीं रहेगा : मौसम विभाग

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को तापमान के करीब 37 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि आसमान साफ रहेगा, इस दौरान बारिश होने का कोई आसार नहीं है। दिल्ली में गुरुवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री कम 22.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सुबह 8.30 बजे सापेक्षिक आर्द्रता 66 प्रतिशत दर्ज की गई। मौसम विभाग ने कहा, ह्यदिल्ली में अगले सात दिनों तक लू का प्रकोप नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। राजधानी में बुधवार को अधिकतम तापमान सामान्य से छह डिग्री कम 34.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### बैठक में रेल यात्रियों की सुरक्षा पर चर्चा

नई दिल्ली। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल ने जापानी दूतावास से आए प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक उत्तर रेलवे के प्रधान कार्यालय बड़ौदा हाउस में हुई। इसमें जापानी टेक्निकल कॉर्पोरेशन डेवलपमेंट प्रोजेक्ट फॉर कैपिसिटी डेवलपमेंट ऑफ रेलवे सेफ्टी के विषय पर चर्चा हुई। जानकारी के मुताबिक, दोनों देशों ने रेलवे सुरक्षा पर एक-दूसरे के अनुभवों, तकनीकों व अन्य पर बात की। यात्री सुरक्षा पर दोनों ने एक-दूसरे का पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया।

### पानी की खपत सीमित करें

नई दिल्ली। दिल्ली जल बोर्ड ने लोगों से अपील की है कि वह अपनी पानी की खपत सीमित करें। दिल्ली जल बोर्ड के प्रवक्ता के मुताबिक, घरेलू उपलभोक्ताओं के लिए विभाग ने जीरो वॉटर बिल योजना का प्रावधान किया है। इसका लाभ उठाने के लिए प्रति माह 20 हजार किलो लीटर तक पानी की खपत को सीमित करें। प्रतिमाह 20 हजार किलो लीटर से कम या उसके बराबर पानी की खपत करने पर उपभोक्ता को जीरो बिल दिया जाएगा।

### शरजील इमाम को निचली अदालत जाने का निर्देश

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने गुरुवार को जेएनयू के पूर्व छात्र शरजील इमाम को अंतरिम जमानत के लिए निचली अदालत जाने का निर्देश दिया। न्यायालय ने यह निर्देश तब दिया, जब दिल्ली पुलिस ने सर्वोच्च न्यायालय के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि आरोपी अंतरिम जमानत और अन्य राहत पाने के लिए सीधे उच्च न्यायालय का रुख नहीं कर सकते। जस्टिस मुक्ता गुप्ता और मिनी पुष्करणा की पीठ के समक्ष दिल्ली पुलिस की ओर से विशेष अभियोजक अमित प्रसाद ने यह आपत्ति उठाई। इसके बाद आरोपी इमाम ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। पीठ ने याचिका का निपटारा करते हुए आरोपी को निचली अदालत जाने को कहा है। इससे पहले, विशेष लोक अभियोजक प्रसाद ने पीठ से कहा कि यह मामला अनिवार्य रूप से भारतीय दंड सहिता की धारा 124ए (राजद्रोह) से जुड़ा है, जिसमें कानून के अनुसार आरोपी को जमानत के लिए पहले निचली अदालत में जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि निचली अदालत से राहत नहीं मिलने के बाद ही आरोपी उच्च न्यायालय का रुख कर सकते हैं।

### ध्वनि प्रदूषण के बारे में जागरूक किया

नई दिल्ली। दिल्ली यातायात पुलिस ने अलग-अलग जिलों में ध्वनि प्रदूषण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत यातायात पुलिसकर्मियों ने डीटीसी बस के चालकों, स्कूली छात्रों और ऑटो चालकों को जागरूक किया। बैनर, पोस्टर और डिस्ले ब बोर्ड के माध्यम से चालकों को ट्रैफिक नियमों, बिना वजह हॉर्न का प्रयोग नहीं करने के बारे में बताया गया।

### दिल्ली-रेवाड़ी के बीच अनारक्षित मेल रविवार को भी चलेगी

नई दिल्ली। रेलयात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या (04283/04990) दिल्ली जंक्शन से रेवाड़ी के बीच अनारक्षित मेल एक्सरप्रेस को प्रतिदन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन अब रविवार को भी चलेगी। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इस ट्रेन की समय-सारणी और ठहराव में बदलाव नहीं किया गया है। इससे इस रूट पर बड़ी संख्या में लोगों को फायदा होगा। सप्ताहांत पर महेंद्रगढ़, नारनौल और उससे आगे जाने वालों को इसका फायदा मिलेगा।

# पालम विहार को नए गुरुग्राम से जोड़ने के लिए बनेगा ओवरब्रिज

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली से सटे गुरुग्राम के पालम विहार और नए गुरुग्राम के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर करने के लिए रेलवे ट्रैक के ऊपर ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाएगा। ये ओवर ब्रिज दिल्ली-रेवाड़ी रेल रूट पर चौमा और पालम विहार के बीच बनवाया जाएगा। इसके बनने से पालम विहार और सेक्टर-110/111 के बीच सीधे कनेक्टिविटी हो जाएगी। इसका निर्माण गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) द्वारा रेलवे विभाग से कराया जाएगा। जिसके लिए जीएमडीए के अधिकारियों की ओर से रेलवे विभाग के अधिकारियों को पत्र भी लिखा गया है। आरओबी के निर्माण पर करीब 53 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत आएगी। जाम की समस्या से मिलेगा छुटकारा सेक्टर-1, 2, पालम विहार, सेक्टर-22, 23 से सेक्टर-110, 111 की ओर जाने के लिए लोगों के पास अभी कोई सीधा रास्ता नहीं है। इन इलाकों के बीच से दिल्ली रेवाड़ी रेल लाइन गुजर रही है। ऐसे में दोनों इलाके अभी एक दूसरे से अलग है। यहां के लोगों को एक तरफ से दूसरी तरफ आने के लिए अभी चौमा फाटक का इस्तेमाल करना पड़ता है। फाटक के जरिये ही लोग नए और पुराने शहर के बीच का सफर करते हैं। ऐसे में दिन में कई बार रेल गुजरने पर फाटक बंद रहता है और लोगों को एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए फाटक पर रुक कर कई देर इंतजार करना पड़ता है। इससे पालम विहार की और और चौमा की ओर दोनों तरफ सुबह व शाम पीक आवर्स में जाम की भी स्थिति बनी रहती है। इसमें लोगों का काफी समय भी खराब होता है। लोगों का कहना है कि रेलवे ओवर ब्रिज या अंडर पास बनने से काफी राहत मिलेगी और जाम के झाम से भी नहीं जूझना पड़ेगा। लंबे समय से हो रही थी मांग स्थानीय निवासी व बादशाहपुर से विधायक राकेश दौलताबाद के प्रतिनिधि सन्नी सिंह ने बताया कि इसको लेकर लंबे समय से इलाके के लोगों द्वारा मांग उठाई जा रही थी। नए और पुराने गुरुग्राम में आने जाने के लिए अभी लोगों को काफी अतिरिक्त सफर करना पड़ता है। जंगल सफारी पार्क में दिखेगी सांस्कृतिक की झलक दिल्ली स्थित श्रम शक्ति भवन में मुख्यमंत्री मनोहर लाल और केंद्रीय वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन व श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव के बीच बैठक हुई। इसमें गुरुग्राम में 10 हजार एकड़ भूक्षेत्र में स्थापित किए जाने वाली अरावली सफारी पार्क परियोजना को लेकर भी चर्चा हुई। इसे विश्वस्तरीय प्रारूप व पहचान दी जाएगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा के पर्यटन हब के रूप में विकसित किए जाने की दिशा में अरावली सफारी पार्क परियोजना एक महत्वपूर्ण घटक होगा। अरावली सफारी परियोजना की स्थापना के लिए स्थान व भूमि को चिन्हित किया जा चुका है। केंद्रीय मंत्री ने अरावली सफारी के प्रारूप में हरियाणवी आंचलिक सांस्कृतिक पहचान का समावेश किए जाने के लिए भी कहा। अरावली सफारी को विश्वस्तरी पहचान व प्रारूप दिए जाने की दिशा में विश्व के विभिन्न देशों में स्थापित कुछ विश्वस्तरीय सफारी पार्कों का दौरा भी किया जाएगा।

## दोषी को उम्र नहीं कानून के आधार पर दी जाए अपराध की सजा

नई दिल्ली। आय से अधिक संपत्ति मामले में उम्र व दिव्यांगता के आधार पर सजा में रियायत देने की हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला की दलील का सीबीआइ ने अदालत में विरोध किया। सीबीआइ विशेष न्यायाधीश विकास ढल के समक्ष सजा पर बहस के दौरान अभियोजन पक्ष ने कहा कि दोषी को उम्र नहीं कानून के आधार पर अपराध की सजा दी जाए। अभियोजन ने दलील दी कि कानून में उम्र सजा तय करने का आधार नहीं है। अभियोजन पक्ष ने उक्त दलील चौटाला की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता के बयान पर दिया। कम सजा देने की पैरवी करते हुए चौटाला के अधिवक्ता हर्ष कुमार शर्मा ने कहा कि उनके मुवक्किल 90 प्रतिशत तक दिव्यांग हैं। वह अपने कपड़े भी खुद नहीं पहन पाते हैं। ऐसे में उन्हें ज्यादा समय के लिए जेल में रखना ठीक नहीं है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अंतिम जिरह के लिए सुनवाई शुक्रवार दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। संभावना है कि अदालत शुक्रवार को जिरह के बाद अपना निर्णय सुना सकती है। जन नेता है चौटाला, रियायत से जनता को जाएगा गलत संदेश-सीबीआइ।

## नवनीत राणा को जान से मारने की धमकी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



अमरावती से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा को जान से मारने की धमकी मिली है। नवनीत ने दिल्ली पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। नवनीत राणा का कहना है कि उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है। उन्हें धमकी भरे कई फोन आ रहे हैं। नवनीत की शिकायत पर नार्थ एवेन्यू थाना में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के आवास मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा पढ़ने की घोषणा के बाद नवनीत राणा और उनके पति रवि राणा को 23 अप्रैल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने कई धाराओं में दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया था। हनुमान चालीसा विवाद के बाद चर्चित हुईं सांसद राणा ने पुलिस को बताया कि उन्हें फोन पर धमकी दी गई। राणा को हाल ही में मुंबई स्थित शिवसेना मुख्यालय मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा पढ़ने के आह्वान के मामले में गिरफ्तार किया गया था। कुछ दिनों पहले ही उन्हें जमानत पर रिहा किया गया है। राणा के निजी सहायक ने उनकी ओर से फोन पर धमकियां दिए जाने को लेकर दिल्ली पुलिस में शिकायत की है। इसमें कहा गया है कि मंगलवार शाम राणा के निजी मोबाइल नंबर पर ये फोन कॉल्स किए गए। राणा के अनुसार फोन करने वाले व्यक्ति ने उनसे अभद्र भाषा में बात की, उन्हें अपशब्द कहे और महाराष्ट्र लौटने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी। फिर हनुमान चालीसा पढ़ी तो मार डालेंगे धमकी देने वाले ने कथित तौर पर राणा से यह भी कहा कि यदि तुमने फिर हनुमान चालीसा पढ़ी तो तुम्हारी हत्या कर दी जाएगी। मामले में दिल्ली के नार्थ एवेन्यू पुलिस थाने में शिकायत दर्ज की गई है। इसमें यह भी कहा गया है कि धमकी के बाद राणा दहशत में हैं। थाने के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सांसद की शिकायत मिली है, कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# विनय कुमार ने दिल्ली के उपराज्यपाल पद की शपथ ली



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष रहे विनय कुमार सक्सेना ने आज यहां राज निवास में आयोजित एक समारोह में दिल्ली के 22वें उपराज्यपाल के तौर पर शपथ ली।

दिल्ली उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी ने श्री सक्सेना को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शपथ लेने के बाद श्री सक्सेना ने कहा कि दिल्ली की जनता को बताना चाहता हूं कि मैं उपराज्यपाल के रूप में नहीं, बल्कि स्थानीय अभिभावक के रूप में काम करूंगा। उन्होंने कहा कि मैं राजनिवास में कम और दिल्ली की सड़कों पर ज्यादा नजर आऊंगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण सबसे बड़ी समस्या है, उस पर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि मेरा सपना दिल्ली को सिटी ऑफ जॉय और सिटी ऑफ फ्लावर्स बनाने का है।

श्री सक्सेना को 23 मई को दिल्ली का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया था। सक्सेना ने अनिल बैजल का स्थान लिया है। श्री बैजल ने 18 मई को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

# बिहार के जमुई की सीमा के जज्बे का वायरल वीडियो देख भावुक हुए केजरीवाल


नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



बीते दो दिनों से इंटरनेट मीडिया पर एक लड़की का वीडियो वायरल है। ये वीडियो बिहार के जमुई इलाके में स्कूल जाती एक छात्रा का है। वैसे तो लाखों की संख्या में लड़कियां रोजाना स्कूल जाती हैं मगर जमुई की सीमा के स्कूल जाने का अंदाज एकदम अलग था। दरअसल इस 10 साल की बच्ची का एक पैर नहीं था उसके बावजूद वो अपने कंधे पर बैग टांगकर स्कूल जाती हुई दिखाई दे रही है। इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट होने के बाद हर एक्टिव सदस्य ने इस वीडियो को देखा और अपनी संवेदना व्यक्त की। कुछ ने उसकी मदद करने के लिए उसका पता जानना चाहा तो कुछ ने सोनू सूद से उसकी भी मदद करने की गुहार लगाई। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी इस बच्ची का वीडियो देखा, उसके बाद उन्होंने अपने एकाउंट से ट्वीट किया। उन्होंने लिखा कि 10 साल की सीमा के जज्बे ने मुझे भावुक कर दिया। देश का हर बच्चा अच्छी शिक्षा चाहता है। मैं राजनीति नहीं जानता, इतना जानता हूँ कि हर सरकार के पास पर्याप्त संसाधन हैं। सीमा जैसे हर बच्चे को अच्छी से अच्छी शिक्षा देना ही हर सच्चे देशभक्त का मिशन होना चाहिए, यही सच्ची देशभक्ति है। अब हम आपको सीमा, उसके परिवार और उसके इस हालात में पहुंचने के बारे में विस्तार से बताते हैं। सीमा जमुई के खैरा प्रखंड के नक्सल प्रभावित इलाके फतेपुर गांव में रहती है। उसके पिता का नाम खिरन मांझी है। सीमा की उम्र इस समय 10 साल है। 2 साल पहले एक हादसे में उसे एक पैर गंवाना पड़ा था। वैसे उस हादसे ने उसका एक पैर तो छीन लिया मगर उसका हौसला बरकरार है। सच कहा जाए तो आज सीमा अपने जमुई गांव में लड़कियों के लिए एक बड़ी मिसाल है। वह अपने एक पैर से चलकर स्कूल पहुंचती है। वहां बाकी लड़कियों के साथ बैठकर पढ़ती भी है। पिता करते हैं मजदूरी सीमा के पिता बिहार जिले से बाहर रहकर मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। सीमा की मां बेबी देवी बताती हैं कि 6 बच्चों में सीमा दूसरे नंबर पर है। उसका एक पैर सड़क दुर्घटना में कटाना पड़ा था। सीमा की मां बेबी ने बताया कि दुर्घटना के बाद गांव के दूसरे बच्चों को स्कूल जाते देख, उसकी भी इच्छा स्कूल जाने की होने लगी।

# खिलाड़ियों के लिए सभी स्टेडियम रात 10 बजे तक खुलेंगे

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली सरकार के अंतर्गत आने वाले स्टेडियम को खिलाड़ियों के लिए रात दस बजे तक खोलने का आज निर्णय लिया।

अखबार रिपोर्टों के माध्यम से उनके संज्ञान में लाया गया है कि खिलाड़ियों के लिए स्टेडियम को जल्दी बंद कर दिया जा रहा है जिससे खिलाड़ियों को देर रात तक खेलने में असुविधा हो रही है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली सरकार के अंतर्गत आने वाले स्टेडियम को खिलाड़ियों के लिए रात दस बजे तक खोलने का निर्णय लिया।

श्री सिसोदिया ने अपने ट्वीट में एक खबर को भी साझा किया है जिसमें कहा गया है कि आईएएस अधिकारी को अपने कुत्ते के साथ टहलने के लिए त्यागराज स्टेडियम खिलाड़ियों के लिए शाम सात बजे बंद कर दिया जाता है। सरकार ने तत्काल इस खबर का संज्ञान लिया और स्टेडियम के समय को खिलाड़ियों के लिए बढ़ा दिया।

गौरतलब है कि यहां के त्यागराज स्टेडियम में ट्रेनिंग करने वाले ऐथलीट और कोच पिछले कुछ महीनों से परेशान थे । उनका आरोप था कि शाम 7 बजे से पहले उनको ट्रेनिंग खत्म करके स्टेडियम खाली करने को कह दिया जाता है, जिससे उनकी प्रैक्टिस पर असर पड़ रहा था। एक अखबार की खबर के मुताबिक, एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी शाम करीब 7.30 बजे वहां टहलने आते हैं और साथ में उनका कुत्ता भी होता है।

# बुलडोजर प्रभावितों को सहायता देने की घोषणा चुनावी प्रॉपेगेंडा:चौ0 अनिल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली में राजेन्द्र नगर विधानसभा के उपचुनाव की 23 जून की घोषणा के बाद आम आदमी पार्टी ने अपना मौकापरस्ती और अवसरवादी रवैया अख्तियार करते हुए नारायणा क्षेत्र में भाजपा द्वारा बुलडोजर चलाए जाने के बाद उन लोगों की सहायता करने की घोषणा की है जिनके मकान और दुकान तोड़ दी गई थी। उन्होंने कहा कि उपचुनाव की घोषणा के बाद भी आम आदमी पार्टी राजेन्द्र नगर की मूल क्षेत्रीय समस्याओं पानी और सीवर पर ध्यान केन्द्रित नही करते हुए भाजपा द्वारा बुलडोजर प्रभावितों की सहायता की बात करके झूठी सहानुभूति बटोरना चाहते है। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि राजेन्द्र नगर विधानसभा के उप-चुनाव में कांग्रेस पार्टी क्षेत्रीय लोगों के सामने अपनी दावेदारी मजबूती के साथ क्षेत्रीय मुद्दों पर महत्व देकर अपना पक्ष मतदाताओं के समक्ष रखेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी उपचुनाव में भाजपा और आम आदमी पार्टी की सरकार की नाकामियों और असफलताओं को लोगों के सामने उजागर करेगी। उन्होंने कहा कि राजेन्द्र नगर विधानसभा चुनाव को जीतकर कांग्रेस पार्टी एक नई शुरूआत करेगी। उपचुनाव में संगठनात्मक तौर पर तैयारियां की जाऐगी और प्रत्येक क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यकताओं को उपचुनाव के महत्वपूर्ण अवसर पर सहभागिता सुनिश्चित की जाऐगी। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि केजरीवाल की आम आदमी पार्टी यदि बुलडोजर प्रभावितों की मदद ही करना चाहती है तो पहले दिल्ली सरकार ने अपने ही विभाग द्वारा बुलडोजर चलाने के बाद संगम विहार, ईस्ट लक्ष्मी मार्केट में गरीब के मकानों को तोड़ा और यहां तक कि केजरीवाल ने अपनी नई दिल्ली विधानसभा में भी उजाड़ी गई झुग्गी झौपड़ियों के निवासियों की सहायता आज तक नही की। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में भाजपा शासित दिल्ली नगर निगम द्वारा जहांगीरपुरी सहित दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में बुलडोजर चलाकर लोगों को उजाड़ने के बाद सहायता की कोई घोषणा नही करना केजरीवाल के गरीब विरोधी चेहरे को उजागर करता है। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल केवल चुनाव जीतने के लिए राजनीति मकसद के तहत काम करते है, वास्तव में उन्हें गरीबों और उनकी समस्यायों से कोई लेना देना नही है। उन्होंने कहा कि राजेन्द्र नगर विधानसभा के आम आदमी पार्टी के विधायक राघव चढडा यहां की पीने के पानी की किल्लत और सीवर की समस्याओं को खत्म करने के लिए कुछ नही किया ।

## दिल्ली के महिपालपुर में तेलंगाना के व्यक्ति का शव मिला

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम दिल्ली के महिपालपुर इलाके में स्थित एक होटल से बृहस्पतिवार सुबह तेलंगाना के रहने वाले एक शख्स का शव मिला। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सुब्रमण्यन राजेश के तौर पर हुई है जिनकी उम्र 40-45 साल थी। वह तेलंगाना के शिवमपल्ली का रहने वाला था। उन्होंने बताया कि राजेश 19 मई को होटल आया था। दक्षिण पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) मनोज सी ने बताया, हमें सूचना मिली कि महिपालपुर के एक होटल में हफ्ते भर से रह रहा एक शख्स बेहोश मिला है। डीसीपी ने बताया कि राजेश स्नान गृह के दरवाजे के पास कमरे में बेहोश पड़ा था और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि अपराध टीम को कमरे से शराब की एक खाली बोतल मिली है। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सफदरजंग अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया गया है। उन्होंने बताया कि मृतक के रिश्तेदारों को सूचित कर दिया गया है और उनके आने पर, शव उन्हें सौंप दिया जाएगा।

# बीयर सहित सभी प्रकार के मादक पेय की बढ़ी मांग दिल्ली के लोगों को पसंदीदा ब्रांड के लिए मुश्किलें

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



- आमतौर पर अप्रैल, मई और जून में चरम गर्मी के दौरान बिक्री के लिए मार्च में बीयर का स्टाक किया जाता है
- दिल्ली सरकार की नई एक्साइज पालिसी के तहत अब यहां शराब और सस्ती हो गई है

राष्ट्रीय राजधानी में बीयर प्रेमियों को अपने पसंदीदा ब्रांड के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों ने कहा कि आबकारी नीति 2021-22 के लागू होने के बाद से निजी खुदरा विक्रेता उपभोक्ताओं को आकर्षक पेशकश कर रहे हैं, जिससे बीयर सहित सभी प्रकार के मादक पेय की मांग में वृद्धि हुई है। इंडियन एल्कोहलिक बेवरेज कंपनियों के महानिदेशक विनोद गिरी ने कहा कि ऐसे कई कारक हैं जिन्होंने दिल्ली में बीयर की कमी को बढ़ावा दिया है, जिनमें से एक गर्मी की शुरूआत है। मार्च में बीयर की मांग में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आमतौर पर अप्रैल, मई और जून में चरम गर्मी के दौरान बिक्री के लिए मार्च में बीयर का स्टाक किया जाता है। लेकिन मार्च से मांग बढ़ने के कारण पर्याप्त स्टाक नहीं हो सका। एक अन्य प्रमुख कारण यह है कि निमार्ताओं को दिल्ली में आपूर्ति करने से पहले पड़ोसी राज्यों जैसे राजस्थान, हरियाणा और पंजाब में स्थानीय मांग को पूरा करने के लिए कहा गया है। आबकारी विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि गर्मियों के दौरान दिल्ली में बीयर की कमी एक सामान्य बात है, लेकिन इस साल यह उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से कम आपूर्ति के कारण अधिक है। दरअसल गर्मी के दिनों में दिल्ली में बीयर की मांग बढ़ जाती है मगर दिल्ली सरकार की नई एक्साइज पालिसी के तहत अब यहां शराब और सस्ती हो गई है। इस वजह से एनसीआर से भी लोग बीयर और अन्य ब्रांडों के लिए दिल्ली का ही रूख करते हैं। इस वजह से यहां पर इन चीजों की मांग काफी बढ़ गई है। एक के साथ एक बोतल फ्री मिलने की स्कीम लागू होने पर यहां दुकानों के बाहर लाइन लगी देखी गई। दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश में भी इस वर्ष गर्मी में बीयर की मांग काफी बढ़ गई। प्रदेश भर में रोजाना करीब 25 लाख कैन बीयर लोग पी रहे हैं। पिछले साल की अपेक्षा अप्रैल में 37 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। कुछ दुकानों पर तो मांग के सापेक्ष सप्लाई नहीं हो पा रही है। दूसरी ओर विदेशी ब्रांड की मदिरा की बिक्री सात प्रतिशत गिरी है। इस वर्ष होली के तुरंत बाद से ही तापमान बढ़ने लगा था। अप्रैल में गर्मी ने कई पुराने रिकार्ड तोड़े और मई के महीने में कई शहरों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक चल रहा है। इस बीच लोगों ने बीयर पीने के भी पिछले रिकार्ड को तोड़ दिया।

**सूचना** 2018 में वेस्ट टू वंडर पार्क और 2021 में भारत दर्शन पार्क बनाया

# लागू होगा दिल्ली नगर निगम का वेस्ट टू आर्ट प्रोजेक्ट

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



राजधानी दिल्ली के वेस्ट टू आर्ट प्रोजेक्ट को पूरे देश में लागू किया गया है। अब इस प्रोजेक्ट के तहत दिल्ली नगर निगम द्वारा बनाए गए वेस्ट टू वंडर पार्क की तरह पार्क बनाने वाले स्थानीय निकायों को स्वच्छता रैकिंग में नंबर भी दिए जाएंगे, जो स्थानीय निकाय ऐसे पार्क बनाएगा उनको अधिकतम सौ अंक देने का प्रविधान केंद्र सरकार ने किया है। सरकार ने इसके लिए पूरे नियम भी जारी कर दिए हैं। इसके तहत स्थानीय निकायों को कचरे से कंचन परियोजना के बारे में जागरूक किया जाएगा। वर्ष 2023 के स्वच्छता सर्वेक्षण में इस परियोजना को शामिल किया जाएगा। दिल्ली नगर निगम ने केंद्रीय शहरी विकास मंत्रलय द्वारा जारी इन दिशानिर्देशों के लिए अपनी बड़ी उपलब्धि बताया है। निगम के अनुसार यह उनके लिए गौरव के क्षण है कि नगर निगम के माडल को देशभर में लागू करने के लिए केंद्र सरकार ने दिशानिर्देश जारी किए हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 द्वारा जारी की गई टूलकिट में शहरी निकाय में वेस्ट टू वंडर थीम पर आधारित पार्क विकसित करने पर उस शहरी निकाय को अधिकतम सौ अंक दिए जाएंगे। जो भी शहरी निकाय स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में वेस्ट टू वंडर जैसे पार्क बनाएगा, उसे 90 अंक, जबकि 10 अंक पार्क की फोटो समेत जीयो टैगिंग करने का प्रविधान है। 2018 में वेस्ट टू वंडर पार्क और 2021 में भारत दर्शन पार्क बनाया उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में दिल्ली नगर निगम ने सराय काले खां में वेस्ट टू वंडर पार्क बनाया था, जबकि 2021 में पंजाबी बाग में भारत दर्शन पार्क बनाया है। वेस्ट टू वंडर पार्क में दुनिया के सात अजूबों की प्रतिकृतियां लोहे के कबाड़ से बनाई गई हैं। जबकि भारत दर्शन में लोहे के कबाड़ से ही भारत के प्रमुख 23 पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों की प्रतिकृति बनाई गई हैं। राजस्व का माडल बन चुके हैं पार्कदिल्ली नगर निगम खराब आर्थिक हालातों से जूझ रहा है। ऐसे में यह पार्क निगम के राजस्व का एक बेहतरीन स्नोत बन चुका है। वेस्ट टू वंडर पार्क आठ करोड़ की लागत से बना था, जिसकी लागत राशि पार्क में टिकट बिक्री से एक साल से भी कम समय में पूरी हो गई थी। अब प्रत्येक वर्ष इससे 8-10 करोड़ का राजस्व आ रहा है। इसी प्रकार पंजाबी बाग में बनाए गए भारत दर्शन पार्क से अच्छा खासा राजस्व आ रहा है। वेस्ट टू वंडर पार्क का उद्घाटन वर्ष 2018 में तत्कालीन गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने किया था। जबकि 2021 में भारत दर्शन पार्क का उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया था। स्टोर में पड़ी अनुपयोगी वस्तुओं का किया गया है उपयोग निगम ने इस पार्क के निर्माण के अपने यहां अतिक्रमण में जब्त की गई वस्तुओं का उपयोग किया है।

# अधिकारी ग्रीन ऐप से करेंगे दिल्ली की सड़कों की समस्या खत्म

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

यमुनापार में एसडीएम और तहसीलदार लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की सड़कों पर अतिक्रमण समेत अन्य समस्याएं तलाशेंगे। समस्या दिखते ही उसकी फोटो पर्यावरण विभाग की ओर से बनाए गए ग्रीन एप पर अपलोड करेंगे। सड़क पर अतिक्रमण, अवैध पार्किंग हो या अन्य समस्या, पीडब्ल्यूडी उस समस्या पर संज्ञान लेते हुए या तो खुद समस्या को दूर करेगा या फिर अन्य विभाग को सूचित कर देगा।

**● ग्रीन एप को चलाने की ट्रेनिंग**

ग्रीन एप को किस तरह से इस्तेमाल करना है और पीडब्ल्यूडी के साथ मिलकर प्रशासन को कैसे काम करना है, इसकी आनलाइन ट्रेनिंग एसडीएम और तहसीलदार को दी गई है। ट्रेनिंग मिलने के बाद अगले एक से दो दिन में दोनों अधिकारी अपना काम शुरू कर देंगे। प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस एप से दिल्ली सरकार के कई विभाग जुड़े हुए हैं।

पीडब्ल्यूडी ने अतिक्रमण के खिलाफ 23 मई को एक एक्शन प्लान बनाया है। इस प्लान के जरिये पीडब्ल्यूडी की सड़कों को 24 घंटे अतिक्रमण मुक्त बनाए रखना है। सभी जिलाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है कि वह रोज सड़कों से संबंधित प्रतिक्रिया एप के जरिये पीडब्ल्यूडी को देंगे। इसके साथ ही एसडीएम और तहसीलदार को कहा गया है कि वह अपने डिवीजन में पीडब्ल्यूडी की सड़कों पर घूमें और देखें कि कहां पर अतिक्रमण है या कोई दूसरी समस्या है। इस समस्या की फोटो मौके से ही ग्रीन एप पर अपलोड करें, कुछ देर बाद वह समस्या सीधे पीडब्ल्यूडी तक पहुंच जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशासन तालमेल का काम करेगा, वह सिर्फ समस्या की पहचान करके पीडब्ल्यूडी को सूचित करेगा। पीडब्ल्यूडी उस पर कार्रवाई करेगा।

**● सड़कों पर अतिक्रमण और अवैध पार्किंग से परेशानी**

यमुनापार में पीडब्ल्यूडी की सड़कों पर अतिक्रमण और अवैध पार्किंग से लोग परेशान हैं। जगतपुरी, पटपड़गंज, खजूरी, वजीराबाद रोड, कोंडली, विकास मार्ग सहित अन्य सड़कों पर अतिक्रमण है।

**● ऐप से बताएंगे समस्या**

उत्तर पूर्वी जिले के सभी एसडीएम व तहसीलदारों को ग्रीन ऐप की ट्रेनिंग दी गई है, वे ऐप का इस्तेमाल करके पीडब्ल्यूडी को समस्याएं बताएंगे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, शुक्रवार, 27 मई, 2022

## संक्षिप्त खबरें

### तीर्थयात्रा पर आने वाले यात्रियों के कीमती सामानों पर करते थे हाथ साफ

नई दिल्ली। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन थाना पुलिस ने तीर्थयात्रा पर आने वाले यात्रियों के मोबाइल, नकदी व कीमती सामान चोरी करने वाले गिरोह के चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। चारों आंध्र प्रदेश के रहने वाले हैं। इनमें दो महिलाएं हैं। पुलिस का कहना है कि गर्मियों में बड़ी संख्या में लोग उत्तर भारत से विशेष रूप से उत्तराखंड में विभिन्न धार्मिक स्थलों की यात्रा करते हैं। इसलिए आरोपित भी उक्त ट्रेनों में तीर्थयात्री बनकर उक्त स्थानों पर आते जाते थे। इस दौरान वे यात्रियों के सामान से मोबाइल फोन, लैपटाप, नकदी व अन्य कीमती सामान चोरी कर लेते थे। डीसीपी रेलवे हरेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपित महेश बाबू, तरुण अनिल, आदि नारायण, तरुण अंकम्मा है। चारों मूलरूप से आंध्र प्रदेश के अलग-अलग जगहों के रहने वाले हैं। 24 मई की रात ग्रेटर चेन्नई, तमिलनाडु के रहने वाले एम. विनागामूरिही ने जीआरपी हरिद्वार को शिकायत कर आरोप लगाया कि वह परिवार के साथ चारधाम तीर्थयात्रा के लिए हरिद्वार आए थे। जब वह वापस तमिलनाडु जाने के लिए हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। ट्रेन में चढ़ते समय उन्होंने देखा कि परिवार की तीन महिला सदस्यों के पर्स काट लिए गए और उनके मोबाइल फोन व नकदी चोरी कर ली गई। शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

### दिल्ली के बालगृहों में रह रहे बच्चों की अध्ययन क्षमता सुधर रही

नई दिल्ली। बालगृहों में रहने वाले बच्चों के बीच मिशन बुनियाद की सार्थकता का प्रभाव देखने को मिल रहा है। बच्चों की पढ़ने की क्षमता में सुधार देखा जा रहा है। मार्च महीने में बच्चों के पढ़ने के स्तर को लेकर बाल गृहों का मूल्यांकन किया गया था। बच्चों की स्थिति को सुधारने के लिए मिशन बुनियाद को लागू किया गया। दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डीसीपीसीआर) के अध्यक्ष अनुराग कुंडू के मुताबिक अब 25 फीसदी बच्चे कहानियों को पढ़ सकते है। पहले यह दर 13 फीसदी थी। 19 फीसदी बच्चे अक्षर तक नहीं पढ़ पाते थे, लेकिन अब उनका स्तर भी गिरकर 12 फीसदी पर पहुंच गया है। ऐसे बच्चे जो अंकों को भी नहीं पहचान सकते थे उनकी दर भी पांच फीसदी रह गई है। इसके अलावा 49 फीसदी बच्चे गुणा-भाग कर सकते हैं। दो महीने में यह बदलाव देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की स्थिति सुधारने को लेकर दिल्ली सरकार के मिशन बुनियाद अभियान को अपनाया गया है। डीसीपीसीआर अध्यक्ष ने बताया कि बाल गृह में रहने वाले छह वर्ष से लेकर 15 वर्ष के बच्चों के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

### लोकनायक अस्पताल में स्वास्थ्यकर्मियों ने आग से निपटने के गुर सीखे

नई दिल्ली। लोकनायक अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मियों को आग की घटना से निपटने के गुर सिखाए गए। दिल्ली अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने गुरुवार को डॉक्टर, नर्सिंगकर्मी, पैरा मेडिकल स्टाफ और सुरक्षाकर्मियों को प्रशिक्षित किया। अस्पताल की उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रितु सक्सेना ने बताया कि इस संबंध मे अहिल्याबाई कॉलेज ऑफ नर्सिंग के सभागार में आपातस्थिति से निपटने को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मियों को आग से निपटने के गुर सिखाए गए। आग की घटना होने पर खुद के बचाव के साथ मरीजों को कैसे सुरक्षित बचाना है उसके बारे में बताया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 130 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने स्वास्थ्यकर्मियों को अग्निशमन यंत्र चलाने के बारे में भी बताया।

### दिल्ली हवाईअड्डे पर 64 लाख की दवा के साथ एक धरा

नई दिल्ली। सीआईएसएफ ने दिल्ली हवाईअड्डे पर 64 लाख की दवा के साथ एक अफगानी मूल के व्यक्ति को पकड़ा है। आरोपी की पहचान फजली अहमद शाह मोहम्मद के रूप में हुई। सीआईएसएफ अधिकारियों के मुताबिक, घटना 25 मई की है। टर्मिनल तीन पर शक के आधार पर आरोपी के सामान की जांच की गई। इस दौरान उसके बैग से बड़ी मात्रा में दवाएं मिलीं। लेकिन उसके पास दवा को लेकर किसी डॉक्टर का पर्चा व अन्य कागज नहीं था। आरोपी पहले काबुल फिर वहां से दुबई जाने की फिराक में था। सीआईएसएफ ने आरोपी को कस्टम विभाग को सौंप दिया है।

# दिल्ली के चयनित बाजारों पर 100 करोड़ रुपये खर्च करेगी केजरीवाल सरकार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



- वहां विकास की संभावनाएं और बाजार संगठनों की दावेदारी देखी जाएगी।
- यहां उनके लिए शौचालय की भी ठीक-ठाक सुविधा नहीं है
- पार्किंग की भी समस्या है, जिससे सड़कों के किनारे ही गाड़ियों की पार्किंग कराई जाती है

दिल्ली सरकार की ओर से बजटीय प्रविधान के अनुसार बाजारों के विकास की कवायद तेज कर दी गई है। इस क्रम में गठित समिति के सदस्यों ने लाजपत नगर और सरोजनी नगर मार्केट का दौरा किया। स्थलीय निरीक्षण में समिति के सदस्यों ने लटकते तार, टूटी सड़कें, पार्किंग, सीवर व सार्वजनिक शौचालयों संबंधी समस्याओं के बारे में जाना तथा उसके निराकरण के लिए बाजार संगठन के प्रतिनिधियों से उसके विकास का रोडमैप भी जाना। इसी तरह बृहस्पतिवार को यह समिति कमला नगर व कश्मीरी गेट का निरीक्षण करेगी। आने वाले कुछ दिनों में टीम दिल्ली के 25 प्रमुख बाजारों का स्थलीय निरीक्षण करेगी। वहां विकास की संभावनाएं और बाजार संगठनों की दावेदारी देखी जाएगी। इसके बाद विकास के लिए पहले चरण में पांच बाजारों का चयन किया जाएगा। चयनित बाजारों के विकास पर सरकार ने बजट में 100 करोड़ रुपये का प्रविधान किया है। लाजपत नगर और सरोजनी नगर का निरीक्षण करने के लिए समिति के सदस्य दिल्ली टूरिज्म एंड ट्रांसपोर्टेशन डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (डीटीटीडीसी) के उप प्रबंधक (समारोह) विक्रम कुमार पाल, स्कूल आफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्ट (एसपीए) के प्रो. मनोज माथुर व प्रभजोत सिंह, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिशासी अभियंता जय प्रकाश सिन्हा, आप ट्रेड विंग के संयोजक बृजेश गोयल व विशेष आमंत्रित सदस्य शिल्पी वर्मा समेत अन्य अधिकारी व व्यापारी प्रतिनिधि शामिल रहे। मौके पर मौजूद फेडरेशन आफ लाजपत नगर ट्रेडर्स एसोसिएशन व सेंट्रल मार्केट शापकीपर्स एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी कुलदीप कुमार ने बताया कि वर्ष 2008 में मार्केट की पैदल मार्ग की टाइल्स बदली गई थी। उसके बाद आज तक उन्हीं से ही काम चल रहा है। वहीं, मार्केट में बड़ी संख्या में महिला ग्राहक आती हैं, लेकिन यहां उनके लिए शौचालय की भी ठीक-ठाक सुविधा नहीं है। पार्किंग की भी समस्या है, जिससे सड़कों के किनारे ही गाड़ियों की पार्किंग कराई जाती है। मार्केट में कई जगह लटके बिजली के तार से आग लगने का खतरा बना रहता है। इन सभी समस्याओं पर दिल्ली सरकार को ध्यान देने की जरूरत है। इस दौरान मौके पर श्याम सुंदर शर्मा, योगिंदर डावर, विक्रम नेब व राकेश नारंग आदि मौजूद रहे। सरोजनी नगर मार्केट में टीम ने एसएन मार्केट और बाबू मार्केट का सर्वेक्षण किया। सरोजनी नगर मिनी मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक रंधावा ने समिति के सदस्यों को बताया कि यहां पर भी टूटी सड़कें, लटके बिजली के तार व कचरा प्रबंधन की उचित व्यवस्था न होने की वजह से लोगों को काफी समस्या होती है। करीब तीन घंटे के निरीक्षण के बाद टीम ने एसएन मार्केट के सुंदरीकरण पर विशेष रूप से चर्चा की। इस दौरान रंधावा के साथ बड़ी मार्केट के अध्यक्ष कुलदीप सिंह शनि, जनरल सेक्रेटरी अशोक कालरा, बाबू मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष कार्तिक लाल, मिनी मार्केट एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी संजय बजाज व नितिन भाटिया ने मार्केट के सुंदरीकरण से संबंधित अपनी राय दी। सरोजनी नगर में नो-एंट्रीः नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) बाजार के लिए नई परियोजना तैयार की गई है, जिसमें बाजार में प्रवेश के रास्ते 22 से घटकर महज तीन ही रह जाएंगे। इससे ग्राहकों और पर्यटकों को आने में दिक्कत बढ़ेगी। इसी तरह पार्किंग की समस्या गंभीर है। कई जगह सड़कें और फुटपाथ टूटे हुए हैं। जगह-जगह गंदगी है। सड़कों पर अतिक्रमण होता है। लाजपत नगर के बाजारों की प्रमुख समस्याः यहां विशेषकर महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालय की समस्या है। इसी तरह वाहनों के लिए समुचित पार्किंग नहीं है। सड़कें टूटी हुई हैं। बिजली के तार का जंजाल बना हुआ है। बाजारों में ऐसा कोई स्थान नहीं है, जहां लोग कुछ देर बैठकर आराम कर सकें।

## डीएसईयू में बढ़ाई जाएंगी 800 सीटें

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



- अलावा विश्वविद्यालय अस्पताल प्रबंधन, आप्टोमेट्री व आटोसेल्स में भी स्नातक कोर्स की शुरूआत करने पर विचार कर रहा है

दिल्ली स्किल और एंटरप्रेन्योरशिप विश्वविद्यालय (डीएसईयू) में इस वर्ष छह और नए शिक्षा संस्थान जुड़ गए है। बता दें, डीएसईयू के साथ पहले से ही 15 शिक्षा संस्थान जुड़े हुए है। नए संस्थानों के जुड़ने से डीएसईयू में इस वर्ष 800 सीटें बढ़ाई जाएंगी। कुलपति प्रो. नेहारिका वोहरा ने बताया कि इस वर्ष विश्वविद्यालय कई नए स्नातक व स्नातकोत्तर कोर्स की शुरूआत करने जा रहा है। 35 कोर्स व छह हजार सीटों के साथ पिछले वर्ष डीएसईयू को शुरू किया गया था। इस वर्ष 6,800 विद्यार्थी विश्वविद्यालय में दाखिला ले सकेंगे। प्रो. नेहारिका ने बताया कि इस साल चार नए स्नातक कोर्स को शुरू किया जा रहा है। इन पाठ्यक्रम में 60 सीटें होंगी। जून से इन पाठ्यक्रम की कक्षाएं शुरू हो जाएगी। इसके अलावा विश्वविद्यालय अस्पताल प्रबंधन, आप्टोमेट्री व आटोसेल्स में भी स्नातक कोर्स की शुरूआत करने पर विचार कर रहा है। आप्टोमेट्री कोर्स में 180 सीट होंगी। यह कोर्स लेंसकार्ट कंपनी के साथ मिलकर शुरू किया जाएगा। खास बात यह है कि इन पाठ्यक्रम की फीस ज्यादा महंगी नहीं है। इसके अलावा विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कोर्स में भी सीटों को दोगुना करने जा रहा है। अगर स्नातकोत्तर कोर्स की बात करें तो विश्वविद्यालय में इस वर्ष तीन नए एमटेक प्रोग्राम को शुरू किया जा रहा है। प्रत्येक कोर्स में 20 सीटें होंगी और प्रत्येक विद्यार्थी को फेलोशिप भी प्रदान की जाएगी। प्रो. नेहारिका ने बताया कि विश्वविद्यालय में कंप्यूटर एप्लिकेशन, कंप्यूटर साइंस एंड आइटी, टूल एंड डाय व मैकेनिकल इंजीनियरिंग कोर्स में पीएचडी कोर्स शुरू करने की दिशा में प्रयास जारी है। अभी इन पीएचडी कोर्स में कितनी सीट होगी यह निर्धारित नहीं किया गया है। हालांकि प्राथमिक स्तर पर 20 से अधिक सीट इस कोर्स में नहीं रखी जाएगी। इसके अलावा दिसंबर से विश्वविद्यालय में डिजिटल मार्केटिंग कोर्स में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स शुरू करने पर विचार बनाया जा रहा है। पाठ्यक्रम व शिक्षा संस्थान से जुड़ी ज्यादा जानकारी के लिए इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट का रुख कर सकते है।

## निर्माण कार्यों में हो रहा घटिया सामाग्री का प्रयोग : विक्रम बिधूड़ी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



- तुगलकाबाद विधानसभा के पुल प्रह्लादपुर, विश्वकर्मा कॉलोनी में नवनिर्मित सड़कें बनाने में धांधली का आरोप

दिल्ली सरकार द्वारा विकास के पहिये को तेज चलाने में प्रशासन का महत्वपूर्ण योगदान रहता है दिल्ली के मुख्यमत्री स्वनामधन्य केजरीवाल और उनकी पार्टी के नेता पूरी दुनिया में ईमानदारी का ढोल पीटते है कार्य में गुणवत्ता के अनेक दावे दिल्ली सरकार करती है कुछ कार्य वास्तव में दिल्ली की जनता की भलाई के लिए सरकार ने किए है परन्तु यह सिर्फ ऊट के मुंह में जीरा वाली कहावत ही सिद्ध होती है दिल्ली की सत्तर विधानसभाओं में इतिहासिक कार्य करने के दावों से उलट दक्षिणी दिल्ली के तुगलकाबाद विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य ज्यादातर ढप्प पड़े है या जो विकास कार्य किए जा रहे हैं उनमें विभागीय अधिकारियो और ठेकेदारों की मिली भगत से व्यापक स्तर पर भ्रष्ट्राचार की दुर्गंध आति है। ताजा मामला तुगलकाबाद विधानसभा क्षेत्र के पुल प्रहलादपुर और विश्वकर्मा कॉलोनी में भी आम आदमी पार्टी के स्थानीय विधायक सहीराम पहलवान द्वारा कराए जा रहे विकास कार्य जिसमे कालोनियों में आर एम सी सड़क गली एवं नालियों के निर्माण को लेकर तुल पकड़ता दिखाई पड़ रहा है दिल्ली प्रदेश भाजपा प्रवक्ता तुगलकाबाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व प्रत्यासी विक्रम बिधूड़ी ने सड़क गली एवं नालियों के निर्माण में व्यापक भ्रष्ट्राचार की बात कही और क्षेत्र में चल रहे सभी विकास कार्यों की बिजीलेंस एवं ए सी बी से जांच करने की मांग की। बिक्रम विधूड़ी ने आरोप लगाते हुए सवाल उठाया की जिन कालोनियों की सड़कों,गलियों और बाजारों में सड़को गलियों में आर एम सी कार्य किया जा रहा है बहा पर बनी पुरानी रोड को उखाड़ कर सरकारी पैमाने के हिसाब से लेबल लेकर नई सड़को का निर्माण करना चाहिए जिससे कालोनी में बने मकान दुकान की हाइट नीचे न होने पाए क्योंकि गरीब आदमी जीवन में सिर्फ एकबार ही घर बना पता है। वही विश्वकर्मा कॉलोनी और पल प्रहलादपुर के निवासियों का आरोप है कि कॉलोनी में पहले भी बेहतरीन सड़कें बनी हुई थी लेकिन अधिकारियो द्वारा उन्ही सड़को पर नई सड़कें बनाना समझ से परे है बल्कि नवनिर्मित सड़कों की गुणवत्ता भी अच्छी दिखाई नहीं देती।

### दिल्ली के एक होटल में मिला तेलंगाना के युवक का शव

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम दिल्ली के महिपालपुर इलाके में स्थित एक होटल से गुरुवार सुबह तेलंगाना के रहने वाले एक शख्स का शव मिला। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सुब्रमण्यन राजेश के तौर पर हुई है जिनकी उम्र 40-45 साल थी। वह तेलंगाना के शिवमपल्ली का रहने वाला था। उन्होंने बताया कि राजेश 19 मई को होटल आया था। दक्षिण पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) मनोज सी ने बताया कि हमें सूचना मिली कि महिपालपुर के एक होटल में हफ्ते भर से रह रहा एक शख्स बेहोश मिला है। डीसीपी ने बताया कि राजेश स्नान गृह के दरवाजे के पास कमरे में बेहोश पड़ा था और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। डीसीपी ने आगे बताया कि अपराध टीम को कमरे से शराब की एक खाली बोतल मिली है। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सफदरजंग अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया गया है। उन्होंने बताया कि मृतक के रिश्तेदारों को सूचित कर दिया गया है और उनके आने पर, शव उन्हें सौंप दिया जाएगा।

## दिल्ली के नए एलजी बोले- मेरा सपना शहर को सिटी आफ जॉय बनाऊं

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



विनय कुमार सक्सेना ने बृहस्पतिवार को दिल्ली के 22वें उपराज्यपाल के रूप में शपथ ली है। दिल्ली उच्च न्यायालय के कार्यवाहक न्यायाधीश विपिन सांघी ने विनय कुमार सक्सेना को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। वहीं, इस मौके पर विनय कुमार सक्सेना ने मीडिया से रूबरू होने के दौरान कहा कि वह एलजी की तरह नहीं, बल्कि लोकल गार्जियन की तरह काम करेंगे। इसके साथ ही यह भी कहा कि वह राजनिवास में नहीं, बल्कि सड़कों पर ज्यादा रहूंगा। वायु प्रदूषण कम करने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पिछले दिनों काफी खून भी बहा है। दंगे हुए हैं। मेरा कहना है कि सभी धर्मों के लोग एक हैं, आपस में मिल जुलकर रहें। मेरा सपना है कि दिल्ली को सिटी आफ जॉय बनाऊं। यहां पर बहुत बड़ा तबका असंगठित क्षेत्र के लिए काम करता है, उनकी बेहतरी के लिए भी काम करना है। इससे पहले बुधवार सुबह तकरीबन साढ़े 11 बजे दिल्ली हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। राजनिवास में आयोजित समारोह में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, सांसद मनोज तिवारी, कई मंत्री, विधायक और बड़ी संख्या में नौकरशाह भी मौजूद रहे। बता दें कि पिछले दिनों अरविंद केजरीवाल (मुख्यमंत्री, दिल्ली) ने कहा था कि हम नए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की नियुक्ति का स्वागत करते हैं। जिस तरह हमने अनिल बैजल जी के साथ मिलकर दिल्ली में बहुत से काम किए, उसी तरह इनके साथ भी करेंगे। दिल्ली को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे। दिल्ली में विभिन्न विषयों पर केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच चल रही रस्साकशी के बीच संतुलन बनाना भी नए उपराज्यपाल के लिए आसान नहीं होगा। इनमें सबसे महत्वपूर्ण विषय सर्विसेज से जुड़ा है। इस मसले पर दिल्ली और केंद्र के बीच टकराव पहले से ही चल रहा है। अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में भी है।

### ड्रग्स तस्करी के आरोप में दो नाइजीरियाई नागरिक गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने ड्रग्स तस्करी के आरोप में दो नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से 1.5 किलो हेरोइन बरामद की गई है। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत पुलिस ने चार करोड़ होने का दावा किया है। दोनों 2020 में तीन महीने के वीजा पर भारत आए थे। वीजा की अवधि समाप्त हो जाने पर वे अवैध तरीके से दिल्ली में रहकर ड्रग्स तस्करी का धंधा कर रहे थे। क्राइम ब्रांच के डीसीपी के मुताबिक गिरफ्तार किए गए आरोपितों के नाम इमानुएल व जेम्स है। दोनों नाइजीरिया के रहने वाले हैं और वर्तमान में वे पृथ्वी पार्क, तिलक नगर में छिपकर रह रहे थे। क्राइम ब्रांच को 24 मई को सूचना मिली कि दो नाइजीरियाई ड्रग्स तस्कर किसी को हेरोइन आपूर्ति करने पृथ्वी पार्क, तिलक पार्क, तिलक नगर आने वाले हैं। वहां से एसीपी राज कुमार की टीम ने उन्हें दबोच लिया। दोनों के पास से हेरोइन बरामद की गई। पुलिस का कहना है कि उत्तम नगर, तिलक नगर और राजौरी गार्डन में बड़ी संख्या में नाइजीरियाई नागरिक रहते हैं। उनमें कई नशीले पदार्थों की आपूर्ति करते हैं।

## आरोपित शरजील इमाम ने हाईकोर्ट से जमानत अर्जी ली वापस

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली दंगा मामले में आरोपित शरजील इमाम ने बृहस्पतिवार को जमानत अर्जी वापस ले ली है। दरअसल, शरजील इमाम की दिल्ली हाई कोर्ट की न्यायमूर्ति मुक्ता गुप्ता की पीठ के समक्ष सुनवाई सुनवाई चल रही है। इमाम ने जमानत देने से इन्कार करने के निचली अदालत के निर्णय को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। दरअसल, दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली दंगे और भड़काऊ भाषण के मामले में आरोपित शरजील इमाम की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए 26 मई का दिन नियत था। इससे पहले दिल्ली दंगा मामले में साजिश से संबंधित यूएपीए मामले में गिरफ्तार आरोपित उमर खालिद ने दिल्ली हाई कोर्ट में अपनी जमानत याचिका पर दलील दी। कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ किए गए आंदोलन से आतंकवाद या देश की संप्रभुता को खतरा नहीं था। खालिद की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिदीप पेश ने कहा कि पुलिस द्वारा उसके खिलाफ बताए गए कृत्य या घटनाएं आतंक के रूप में योग्य नहीं हैं। प्रदर्शनकारी गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत हिंसा को जारी नहीं रख रहे थे। शरजील इमाम पर लगा है भड़काऊ भाषण देने का आरोप एफआईआर में शरजील इमाम पर आरोप लगाया गया था कि उसने भड़काऊ भाषण दिए थे। बता दें कि 11 अप्रैल को दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने शरजील की जमानत याचिका खारिज कर दिया था। 24 जनवरी को कोर्ट ने इस मामले में शरजील इमाम के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। कड़कड़डूममा कोर्ट ने राजद्रोह समेत दूसरी धाराओं के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया था। उल्लेखनीय है कि शरजील इमाम ने अपने खिलाफ दायर दो अलग-अलग प्राथमिकी के संबंध में देशद्रोह के अपराध मामले में अंतरिम जमानत की मांग करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। याचिकाओं को दो अलग-अलग प्राथमिकी में स्थानांतरित कर अंतरिम जमानत की मांग की गई थी। इन मामलों में नियमित जमानत याचिकाओं का निस्तारण अभी लंबित है। इमाम पर दिल्ली पुलिस ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (अटव) और जामिया इलाके में दिए गए भड़काऊ भाषणों को लेकर एफआइआर दर्ज की थी, जिसमें यूएपीए के तहत अपराध बाद में जोड़ा गया। वहीं, दूसरी एफआइआर दिल्ली दिल्ली दंगा भड़काने को लेकर है।

### शिक्षिका डॉ सीमा मोहन को मिला नवाचारी शिक्षक सम्मान

नई दिल्ली। मयूर विहार फेज तीन स्थित पूर्वी दिल्ली नगर निगम प्रतिभा विद्यालय की शिक्षिका व लेखिका डा सीमा मोहन को बाल रक्षक प्रतिष्ठान द्वारा नवाचारी शिक्षक सम्मान दिया गया है। डॉ सीमा मोहन द्वारा अपनी कक्षा में नवाचारी शैक्षिक माध्यम अपनाकर नए राष्ट्र व नई पीढ़ी का नव निर्माण किया जा रहा है। उनके इसी योगदान को देखते हुए उन्हें यह सम्मान मिला है।

- **150 सरकारी शिक्षकों ने किया था विचार विमर्श**

डॉ. सीमा मोहन ने बताया कि बाल रक्षक प्रतिष्ठान संस्था की ओर से हरियाणा के कुरुक्षेत्र में 19 व 20 मई को आयोजित दो दिवसीय ह्यराष्ट्रीय नवाचारी शैक्षिक सम्मेलनह्व कार्यक्रम में शैक्षणिक स्तर पर नवाचारी शिक्षा के संदर्भ में देशभर से करीब 17 राज्यों के 150 सरकारी शिक्षकों ने विचार विमर्श किया। दिल्ली से उन्हें भी इस कार्यक्रम में शामिल होकर अपने विचार रखने का अवसर मिला। इसके साथ ही उनके शैक्षणिक कार्यों के लिए सम्मान भी मिला।

- **रचनात्मक तरीके से पढ़ाई के लिए करती हैं प्रेरित**

उन्होंने बताया कि वह अपनी कक्षा में बच्चों को सिर्फ किताबी ज्ञान ही नहीं बल्कि कुछ नया व रचनात्मक करने के लिए प्रेरित करती हैं। डा. सीमा मोहन अपनी कक्षा में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर देती हैं।

**सूचना** वकील ने कोर्ट से अनुरोध किया है कि ओम प्रकाश चौटाला को कम से कम सजा दी जाए

# ओम प्रकाश चौटाला की सजा पर फैसला टला

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आय से अधिक संपत्ति मामले में दोषी करार हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और इंडियन नेशनल लोकदल के मुखिया ओमप्रकाश चौटाला की सजा पर बृस्पतिवार को कोर्ट में घंटों बहस चली। यह बहस शुक्रवार को भी जारी रहेगी। इस बीच दिल्ली की कोर्ट ने ओम प्रकाश चौटाला की सजा पर फैसला टाल दिया है। अब शुक्रवार दोपहर 2:00 बजे बहस के बाद कोर्ट फैसला सुना सकती है। बचाव पक्ष के तर्क बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि ओम प्रकाश चौटाला 90 फीसद दिव्यांग हैं। बिना दूसरे की मदद के वह कपड़े भी नहीं पहन सकते। उन्हे जेल भेज कर क्या मिलेगा। मामले को 20 साल बीत चुके हैं और इस दौरान ओमप्रकाश चौटाला ने हमेशा जांच में सहयोग किया है। वकील ने यह भी कहा कि अदालत को यह देखना चाहिए कि क्या आरोपित में सुधार की गुंजाइश है। अब रेफॉर्मेटिव जस्टिस का समय है। वकील ने कोर्ट से अनुरोध किया है कि ओम प्रकाश चौटाला को कम से कम सजा दी जाए। इस केस में अधिकतम 7 साल की सजा है। कोर्ट मिनिमम सजा दे। सीबीआइ के तर्क सीबीआइ की ओर से ओम प्रकाश चौटाला की तरफ से पेश दलीलों का विरोध किया गया। सीबीआइ के वकील ने कहा कि खराब सेहत का हवाला देकर सजा में राहत नहीं मांग सकते। यह एक नेता के खिलाफ मुकदमा है जो बहुत बड़ी संख्या के लोगो का प्रतिनिधित्व करते हैं। अब इस पर मूवी बन रही है। सीबीआइ के वकील ने कहा कि कोर्ट कानून के मुताबिक सजा दे। केवल आरोपित में सुधार को आधार नहीं बनाया जा सकता है। बता दें कि एमपी-एमएलए की विशेष अदालत के विशेष न्यायाधीश विकास ढल ने 21 मई को 6.09 करोड़ रुपये की संपत्ति से जुड़े मामले में चौटाला को दोषी करार दिया था। इस दौरान ओम प्रकाश चौटाला भी कोर्ट में मौजूद थे। शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में दो जुलाई 2021 सजा काट कर आए बाहर आए ओम प्रकाश चौटाला की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं और शुक्रवार को सजा हुई तो एक बार फिर उन्हें जेल जाना पड़ सकता है। मामले में 29 अप्रैल को दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी दलील अदालत के समक्ष पेश की थी। मामले की जांच कर रही केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआइ) ने 26 मार्च 2010 को चौटाला के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। एजेंसी ने आरोप लगाया था कि वर्ष 1993 और 2006 के बीच सात बार के विधायक रहे चौटाला ने 6.09 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति अर्जित की, जो उनकी आय के ज्ञात स्रोतों से कहीं अधिक थी। हालांकि, बचाव पक्ष ने मामले को राजनीतिक दुर्भावना के तहत दर्ज केस के रूप में खारिज कर दिया था। वर्ष 2019 में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत नई दिल्ली, पंचकुला और सिरसा में उनके फ्लैट और भूखंडों सहित 3.68 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की थी और मुकदमा दर्ज किया था। सजा पूरी होने के एक साल के अंदर ही दूसरे मामले में चौटाला दोषी करार।

## ढलाव घर का पुनरुद्धार कर खोला अमूल कियोस्क



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली नगर निगम ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की स्वच्छ भारत मिशन की संकल्पना से प्रेरणा लेते हुए ढलाव घरों को बंद करके उनका इस्तेमाल विभिन्न जनोपयोगी कार्यो जैसे कि बुक बैंक, जूता बैंक, खिलौना बैंक और नेकी की दीवार के लिए किया है। इसी कड़ी में आज दिल्ली नगर निगम के पश्चिमी क्षेत्र के जनकपुरी बी-1 ब्लॉक में स्थित ढलाव घर को बंद करके उस साइट का पुनरुद्धार कर वहां पर अमूल कियोस्क का उद्घाटन किया गया। अमूल कियोस्क का उद्घाटन पश्चिमी क्षेत्र के उपायुक्त श्री अवनीश कुमार ने किया। इस अवसर पर नागरिकों के साथ-साथ क्षेत्रीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पश्चिमी क्षेत्र के उपायुक्त श्री अवनीश कुमार ने कहा कि यह पहला ऐसा अमूल कियोस्क है जो पुराने ढलाव घर का पुनरुद्धार करके खोला गया है। इस ढलाव घर को पहले कचरा फेंकने के लिए इस्तेमाल किया जाता था जिसे अब अमूल कियोस्क में बदल दिया गया है और इस अमूल कियोस्क के खुलने से नागरिकों को घर के निकट ही दूध व उसे बनी सामग्री प्राप्त हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम जनोपयोगी कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में दिल्ली नगर निगम ढलाव घरों को बंद करके उनका इस्तेमाल विभिन्न कार्यों के लिए कर रहा है जिससे आस-पास की जगह का सौंदर्यीकरण हो जाता है।

**संबंध विच्छेद**
मै शुबराती पुत्र बदलू शाह,निवासी बांसखेड़ी थाना/तहसील नौगावां सादात जनपद अमरोहा अपने पुत्र सलीम एवं पुत्रवधु अफसाना को उनके दुर्व्यर्हार के चलते उन्हें अपनी चल/अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ।आज से मेरा और मेरे परिवार से सलीम एवं उसकी पत्नी अफसाना का कोई संबंध नहीं है। एवं उनके द्वारा किएं गए किसी कृत्य से मुझे कोई वास्ता नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### पंकज व सुभाजित ने जीता ग्लोबल स्किल्स कम्पटीशन

गुरुग्राम। प्रदेश में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जब-जब प्रदेश के युवाओं को मौका मिला है, तब उन्होंने प्रदेश, जिले व परिवार का नाम रोशन किया है। गुरुग्राम के पंकज सिंह व सुभाजित दाव ने 3डी डिजिटल गेम आर्ट्स कैटेगरी में ऑस्ट्रेलिया में हुए वर्चुअल वर्ल्ड स्किल्स ऑस्ट्रेलिया 2022 प्रतियोगिता में मेडेलियन ऑफ एक्सीलेंस पदक हासिल किया है। सीईओ मोहित सोनी ने कहा कि वे दोनों आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए तैयारी कर रहे हैं। एमईएससी के चैंपियंस अक्टूबर 2022 में वर्ल्ड स्किल्स शंघाई में होने वाले विश्व की सबसे बड़ी कौशल प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### सोहना के हनुमान बगीची रोड मेन बाजार में भरा नाले का पानी

सोहना। सफाई कर्मियों वा अधिकारियो की लापरवाही के चलते हनुमान बगीची के साथ मेन रोड पर नाले का गंदा पानी सड़क पर भर गया। जिसके चलते व्यापारियों व ग्राहकों को बाजार में आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# राज्यपाल ने बलिदानी सुखबीर सिंह यादव मार्ग का किया शुभारंभ

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता




**शुभारंभ**
- हीरो होंडा से बसई चौक तक का मार्ग बना बलिदानी सुखबीर सिंह यादव मार्ग

देश का इतिहास बलिदानियों की वीर गाथाओं से भरा पड़ा है और कारगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए बीएसएफ के डिप्टी कमांडेंट सुखबीर सिंह यादव की वीरगाथा भी उसमें शामिल है। अब गुरूग्राम के हीरो होंडा चौक से बसई चौक तक का मार्ग बलिदानी सुखबीर सिंह यादव मार्ग के नाम से जाना जाएगा। गुरूग्राम नगर निगम ने अपनी सदन की बैठक में इस आशय का प्रस्ताव पारित किया था और राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने विधिवत रूप से इस सडक के नामकरण के बाद इस मार्ग का शुभारंभ किया।

सैक्टर - 10 में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए हरियाणा के वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति देने से कभी परहेज नहीं किया और उन वीरों के अदम्य साहस व शौर्यगाथा को याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि 12 दिसंबर 1961 को जन्में बलिदानी सुखबीर सिंह यादव 26 मई 1999 को कारगिल में दुश्मनों से लोहा लेते हुए वीरगति को प्राप्त हो गए थे। उन्होंने कहा कि वे पूर्व सांसद डा. सुधा यादव के पति थे, जिन्होंने बाद में जनसेवा को अपना ध्येय बना लिया। उन्होंने बताया कि पूर्व सांसद डा. सुधा यादव अपने गांव के 25 निर्धन परिवारों के बच्चों की पढाई का खर्च उठा रही हैं, जोकि सही मायने में बलिदानी सुखबीर सिंह यादव के प्रति उनकी सच्ची श्रद्धांजलि है। देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले रणबांकुरों के आश्रितों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा दी जा रही सहायता का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि देश सेवा करते हुए स्थाई अंग भंग होने पर सैनिक को हरियाणा सरकार 15 से 35 लाख रूपए की सहायता राशि देती है और वीरगति प्राप्त होने पर बलिदानी के आश्रितों को 50 लाख रूपए की राशि दी जा रही है। बलिदानी के गांव के स्कूल का नामकरण भी उसके नाम पर किया जाता है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की तरफ से भी ऐसे परिवारों को 25 से 45 लाख रूपए की सहायता राशि दी जाती है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि जो नेक कार्य वे अधूरे छोड़ गए थे उन सबको डा. सुधा यादव ने धैर्य और गरिमा के साथ आगे बढाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा का इतिहास भारत के परिवर्तन का इतिहास है क्योंकि महाभारत का युद्ध हरियाणा की धरती पर लड़ा गया, पानीपत की तीनों लड़ाइयां हुई और आजादी प्राप्ति के बाद भी 1962, 1965 और 1971 की लड़ाइयों में हरियाणावासियों ने भारी योगदान दिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि बेशक से सशस्त्र सेनाओं में हरियाणावासियों की संख्या 10 प्रतिशत हो लेकिन प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने में हम 25 प्रतिशत होते हैं। आजादी आंदोलन में अंग्रेजों ने 79 लोगों को एक साथ फांसी दी थी, जिनका इतिहास में कोई जिक्र नही है। कांग्रेस ने देश के इतिहास में बलिदानियों की वीरगाथाओं को छिपाया है।

# केंद्र सरकार की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की नीतियों से दुनिया में भारत की छवि निखरी : ओमप्रकाश

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



केंद्र में मोदी सरकार के 8 साल पूरे होने पर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा भर में महासंपर्क अभियान चलाया। जिसके तहत हर बूथ पर भाजपा नेताओं ने 100-100 लोगों से संपर्क किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने बादशाहपुर विधानसभा के गांव चंदू के बूथ नंबर 126 पर 100 घरों में संपर्क किया। उनके साथ गांव के सरपंच कुलदीप यादव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। उन्होंने सभी परिवारों में मोदी सरकार की नीतियों और योजनाओं का उल्लेख करने वाली सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के आठ साल पॉकेट बुकलेट भी वितरित की और बताया कि किस तरह से देश और प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

धनखड़ ने कहा कि विकास के मोदी मॉडल को अब पूरी दुनिया पसंद कर रही है। मोदी सरकार की नीतियों से दुनिया भर में भारत की छवि निखरी है। देश के लोगों में मोदी सरकार के प्रति काफी सकारात्मकता है और वे आगामी कई वर्षों तक मोदी जी को प्रधानमंत्री देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सैंकड़ों योजनाएं ऐसी है, जो पहली बार देश में लागू की गई और जिससे देश का हर व्यक्ति विकास की सीढ़ी चढ़ रहा है। यही कारण है कि भारत के करोड़ों लोग मोदीजी को सदा प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं। परिवारों से संपर्क के दौरान उन्हें योजनाओं की बुकलेट देते हुए धनखड़ ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का करोड़ों लोग फायदा ले रहे हैं। उन्होंने अपील की कि सभी को मोदी-मनोहर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। धनखड़ ने सफल महासंपर्क अभियान का श्रेय पार्टी कार्यकताओं को देते हुए कहा कि पिछले 21 दिन से पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता ने अभियान को सफल बनाने के लिए मेहनत की है, जिससे 5 मई से 25 मई तक 2 लाख लोगों से संपर्क किया गया और गुरुवार (26 मई) को मोदी सरकार के आठ साल पूरे होने पर प्रदेश का एक-एक कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर संपर्क में जुटा। 3 घंटे सुबह और 3 घंटे शाम को संपर्क अभियान चला और हर बूथ पर 100 परिवारों में संपर्क कर एक दिन में 19 लाख परिवारों तक पार्टी कार्यकर्ता पहुंचे। उन्होंने बताया कि राज्य के 19786 बूथों पर भाजपा कार्यकताओं ने 100-100 परिवारों में संपर्क किया है और ऐसे एक दिन में 19 लाख परिवारों से संपर्क करने का रिकॉर्ड बनाया है। इसके अलावा गुरुग्राम जिले में सभी विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने बूथों पर जनसंपर्क किया और बुकलेट वितरित की।

# महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने योग के बारे में दी जानकारी

गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता



सैक्टर 9 स्थित राजकीय महाविद्यालय के एनएसएस इकाईयों द्वारा 7 अप्रैल से 21 जून तक चलाए जा रहे योग जागरुकता अभियान के तहत स्वयंसेवकों एवं अधिकारियों ने महाविद्यालय के मल्टीपर्पज हॉल एवं पार्क में योगाभ्यास कर अन्य छात्र-छात्राओं को योग करने के लिए प्रेरित किया।

महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा गोद लिए गए गांव बसई स्थित मंदिरों, पार्कों और घरों में स्वयंसेवकों द्वारा योग की जानकारी दी जा रही है तथा बसई गांव निवासियों को योग सिखाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त एनएसएस स्वयंसेवकों ने वृद्धाश्रम में जाकर वहां रहने वाले बुजुर्गों का हाल जाना और उन्हें अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग करने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेवकों ने मौसम के अनुरूप फल वितरण कर बुजुर्गों की सेवा की। महाविद्यालय के स्वयंसेवक ऑनलाइन वीडियो के माध्यम से भी योग के प्रति जागरुकता फैला रहे हैं तथा आम जन को निरंतर योग करने में मदद कर रहे हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सत्यमन्यु यादव ने बताया कि अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना हमारी जिम्मेदारी है। योग से हम अपने शरीर को स्फूर्ति बना सकते हैं। इस अवसर पर डॉ. ललिता गौड़ व रोहित शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय में प्रतिदिन योगाभ्यास करवाया जा रहा है जिसमें सभी विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वयं योग करने तथा अपने पारिवारिक सम्बंधियों तथा मित्रों को योग शिक्षा देने का संदेश दिया।

# मिशन अमृत सरोवर की तर्ज पर 75 गावों में लाइब्रेरी स्थापित करवाना मेरा संकल्प : भूपेंद्र

गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता



केंद्र सरकार में श्रम एवं रोजगार तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि उन्होंने संकल्प लिया है कि जिस तरह से प्रधानमंत्री के आह्वान पर देश के प्रत्येक जिले में आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत, 75 अमृत सरोवर बनाए जा रहे हैं, उसी प्रकार वे 75 गांवों में विद्यार्थियों के जीवन में ज्ञान का प्रकाश भरने वाली लाइब्रेरी का निर्माण करवाएंगे।

केंद्रीय मंत्री आज अपने पैतृक गांव व सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत राज्य सभा सांसद श्री दुष्यंत कुमार गौतम द्वारा गोद लिए गांव जमालपुर में मिशन अमृत सरोवर योजना के तहत गांव के तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास करने पहुंचे थे। इस दौरे में उनके साथ भारत सरकार के मत्स्य, पशुपालन तथा डेरी मंत्रालय के राज्य मंत्री संजीव बालयान भी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने गाँव जमालपुर के मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि कोई भी गांव आदर्श गांव बनता है तो उस गांव के लिए विलेज डेवलपमेंट प्लान बनाया जाता है। इसी दिशा में कार्य करते हुए गांव जमालपुर का भी विलेज डेवलपमेंट प्लान बनाया गया है। उन्होंने बताया कि गांव में 50 करोड़ रूपए की लागत से करीब 51 विकास कार्यो का खाका तैयार किया गया है। उन्होंने गांव खवासपुर की सरदारी से अपील करते हुए कहा कि आपके गांव में पंचायत के पास काफी जमीन उपलब्ध है। ऐसे में आप लड़कियों के कॉलेज के लिए जमीन उपलब्ध करवाएं ताकि इस दिशा में आगे की कार्यवाही के लिए रास्ता सुगम हो। उन्होंने कहा कि गांव में स्वच्छता के मानक स्थापित करने के लिए भी योजनाएं बनाई गई है लेकिन ये योजनाएं तभी सफल होगी जब गांव के लोगों में भी स्वच्छता व कचरा प्रबंधन को लेकर चेतना जागृत होगी। डा. संजीव बाल्यान ने कहा कि गांव जमालपुर को आदर्श गांव बनाने के लिए जो योजनाएं बनाई गई हैं, उनसे ऐसा प्रतीत होता है कि प्रधानमंत्री की गांवों को आदर्श बनाने की जो दूरगामी सोच है उसको फलीभूत करने वाला जमालपुर पहला गांव होगा।

### महिलाएं 29 मई को रखेंगी वट सावित्री व्रत

**गुरुग्राम।** ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि पर महिलाएं वट सावित्री व्रत आगामी 29 मई को रखेंगी। महिलाएं मां लक्ष्मी व भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना कर बरगद के पेड़ की पूजा कर परिक्रमा भी करेंगी। व्रतधारी महिलाएं सावित्री व्रत की कथा भी सुनेंगी। मदनपुरी स्थित बाबा अमरनाथ मंदिर के पुजारी शंकर शास्त्री ने बताया कि रविवार को दोपहर 2 बजकर 54 मिनट से अमावस्या शुरू हो रही है, जिसका अगले दिन सोमवार सायं 4 बजकर 59 मिनट पर समापन होगा। ऐसे में महिलाएं रविवार को ही सावित्री व्रत रखेंगी। उनका कहना है कि वट सावित्री व्रत के दिन सर्वार्थ सिद्धि का योग भी बन रहा है। यह योग प्रातः 7 बजकर 12 मिनट से प्रारंभ होगा, जोकि पूरे दिन रहेगा। उनका कहना है कि इसदिन व्रत रखना अति पुण्य फलदायी माना गया है। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि वैसे तो महिलाएं यह व्रत पूरे दिन नहीं रखती, लेकिन कुछ महिलाएं पूरे दिन व्रत रखती हैं और व्रत में जो पूजा में चढ़ाया जाता है, उन्हीं वस्तुओं का भोजन के रुप में भी इस्तेमाल किया जाता है। वट सावित्री व्रत में आम, चना, पूरी, खरबूजा आदि इन्हीं सभी वस्तुओं से वट वृक्ष की पूजा की जाती है और खाने में इन्हीं का इस्तेमाल भी किया जाता है।

# आज चार्टेड अकाउटेंट धरना स्थल पर करेंगे हवन-यज्ञ का आयोजन

गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता



फर्जी बिलों पर आईटीसी से 15 करोड़ रुपए की वसूली मामले में गिरफ्तार 2 चार्टेड अकाउंटेंट को न्याय दिलाने के लिए जीएसटी कार्यालय पर चार्टेड अकाउंटेंट्स का धरना जारी है। धरने में शामिल चार्टेड अकाउंटेंट का कहना है कि जब तक इस मामले की सीबीआई जांच के आदेश नहीं हो जाते, उनका धरना बदस्तूर जारी रहेगा।

चार्टेड अकाउंटेंट नवीन गर्ग ने बताया कि केंद्र के वित्त मंत्रालय ने गुडगांव में जीएसटी का काम देख रहे 5 अधिकारियों का स्थानांतरण भी अन्यत्र कर दिया है, लेकिन इससे बात बनने वाली नहीं है। उनका कहना है कि इस मामले की सीबीआई से पूरी जांच कराई जानी चाहिए ताकि जेल में बंद दोनों चार्टेड अकाउंटेंट को न्याय मिल सके और भविष्य में अन्य चार्टेड अकाउंटेंटों के साथ इस प्रकार की कोई घटना घटित न हो सके। उन्होंने बताया कि विभाग को ईश्वर सद्बुद्धि दे इसलिए आज शुक्रवार को धरना स्थल पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें चार्टेड अकाउंटेंट्स व उन्हें सहयोग देने वाली संस्थाओं के लोग भी शामिल होंगे और ईश्वर से प्रार्थना की जाएगी कि जहां ईश्वर उन्हें शक्ति दे, वहीं विभाग को सदबुद्धि भी दे।

गत दिवस प्रदेश के गृहमंत्री अनिल विज ने इस पूरे मामले को प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को रैफर कर दिया है। आंदोलनरत चार्टेड अकाउंटेंट के समर्थन में जिला टैक्स बार एसोसिएशन भी मैदान में उतरी हुई है।

# सैक्टर 9 महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने वृद्धाश्रम जाकर बुजुर्गों का जाना हाल

गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता



**जागरुकता अभियान**
- अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना हमारी जिम्मेदारी: प्राचार्य डॉ. सत्यमन्यु यादव

राजकीय महाविद्यालय सैक्टर 9 के एनएसएस इकाईयों के द्वारा 7 अप्रैल 2022 से 21 जून 2022 तक चलाए जा रहे योग जागरुकता अभियान के तहत स्वयंसेवकों एवं अधिकारियों ने महाविद्यालय के मल्टीपर्पज हौल एवं पार्क में योगाभ्यास कर अन्य छात्र-छात्राओं को योग करने के लिए प्रेरित किया।

महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा गोद लिए गए गांव बसई स्थित मंदिरों, पार्कों और घरों में स्वयंसेवकों द्वारा योग की जानकारी दी जा रही है तथा बसई गांव निवासियों को योग सिखाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त एनएसएस स्वयंसेवकों ने वृद्धाश्रम में जाकर वहां रहने वाले बुजुर्गों का हाल जाना और उन्हें अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग करने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेवकों ने मौसम के अनुरूप फल वितरण कर बुजुर्गों की सेवा की। महाविद्यालय के स्वयंसेवक ऑनलाइन वीडियो के माध्यम से भी योग के प्रति जागरुकता फैला रहे हैं तथा आम जन को निरंतर योग करने में मदद कर रहे हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सत्यमन्यु यादव ने बताया कि अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना हमारी जिम्मेदारी है। योग से हम अपने शरीर को स्फूर्त बना सकते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों और प्राध्यापकों तथा प्राध्यापिकाओं को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की एनएसएस अधिकारी डॉ. ललिता गॉड और रोहित शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय में प्रतिदिन योगाभ्यास करवाया जा रहा है जिसमें सभी विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वयं योग करने तथा अपने पारिवारिक सम्बंधियों तथा मित्रों को योग शिक्षा देने का संदेश दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएं उपस्थित रही।

# नगदी लूटने का प्रयास करने वाले 6 गिरफ्तार

गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता



पेट्रोल पंप पर कार्यरत कर्मचारी की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर नगदी लूटने का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन ने बताया कि 23 मई को थाना शिवाजी नगर में रमेश नामक व्यक्ति ने सूचना दी कि वह एक पेट्रोल पंप पर काम करता है और गुरुग्राम, शिकोहपुर, खेडकी दौला आदि स्थानों के पैट्रोल पंपों से परचेज की कलेक्शन 16.08 लाख को लेकर हरीश बेकरी के पास स्थित बैंक में जमा कराने जा रहा था। वह अपनी गाड़ी बैंक के सामने खडी कर बैंक की तरफ जाने लगा तो साइड से 4-5 लड़के मुँह पर कपडा बाँधे हुए उसके नजदीक आए तथा आँखो में लाल मिर्च का पाउडर फैंककर रुपये लूटने की कोशिश की तो वह बैग सहित बैंक की तरफ भाग लिया व शोर मचा दिया। शोर सुनकर वे लड़के भाग गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। अपराध शाखा सैक्टर 40 ने आरोपियों मोहम्मद जमाहिर, कोलीन, गुलशन, शमशेर, अमित, मौसीम को गुरुग्राम से काबू किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि घटनास्थल के नजदीक स्टील लोहे के सामान की दुकान है और शमशेर अक्सर वहाँ से ऑटो में सामान लेकर जाता था, इसी दौरान उसने देखा वह व्यक्ति बैग लेकर बैंक में आता है तो उसको विश्वास हो गया कि वह मोटी रकम लेकर आता है। उसने अपने साथियों को बताया व योजना बनाकर इस वारदात को अंजाम दिया।

# स्कूल परिसर व बसों में विद्यार्थियो की सुरक्षा सर्वोपरि, नही किया जा सकता खिलवाड़ : निशांत

गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता



उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने सैक्टर-45 स्थित स्कूल में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की पालना को लेकर आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल परिसर के अंदर तथा स्कूल बसों में विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस मामले में लापरवाही बरतने वाले स्कूलों की जिम्मेदारी तय करते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

इसे लेकर जिला प्रशासन द्वारा संबंधित क्षेत्रों के एसडीएम की अध्यक्षता में 4 टीमें गठित की गई है जो नियमित तौर पर स्कूलों की चैकिंग कर इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी। इस अवसर पर स्कूलों के प्रतिनिधियों को सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत निर्धारित मानदंडों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन के संज्ञान में आया है कि निजी स्कूलों द्वारा सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों की उल्लंघना की जा रही है जो बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से काफी जोखिमपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि यह एक बहुत ही संवेदनशील विषय है और बच्चों की सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार का खतरा नही उठाया जा सकता। ऐसे में यह निर्णय लिया गया कि सभी स्कूलों के साथ बैठक कर उन्हें सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत निर्धारित मानदंडों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उन्हें इसकी पालना के लिए जागरूक किया जाए ताकि स्कूल प्रबंधन समय रहते इन कमियों को दूर कर सकें। यदि इसके बाद भी स्कूल प्रबंधन द्वारा इस बारे में लापरवाही बरती जाएगी तो निश्चित तौर पर ही जिला प्रशासन जीरो टालरेंस का रवैया अपनाते हुए स्कूल प्रबंधन के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करेगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन की टीम नियमित तौर पर स्कूल वाहनों की चैकिंग के लिए अभियान चलाकर चालान करेगी और इस मामले में लापरवाही कतई बर्दाश्त नही की जाएगी। उन्होंने सेमिनार में ड्राइवरों की पुलिस वैरिफिकेशन संबंधी विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि स्कूल प्रबंधन अपने यहां किसी भी ड्राइवर की नियुक्ति करते हुए उसकी पुलिस वैरिफिकेशन अवश्य करवा लें ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# ब्लैकमेल कर रुपए ठगने के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



**गिरफ्तारी**
- आरोपियों के कब्जे से पुलिस द्वारा एक लाख रुपयों की नगदी व कार बरामद

ब्लैकमेल कर रुपए ठगने के मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों को एक लाख रुपए लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे नगदी व कार बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन ने बताया कि 24 मई को यातायात विंग में तैनात हैड कांस्टेबल प्रेम सिंह ने थाना सुशांत लोक में शिकायत दी कि 21 मई को एक कार में सवार होकर 3 युवक बूथ पर आए जिनमें से एक व्यक्ति ने कहा कि चालान न करने के लिए हवलदार ने रुपए लिए है और उनके पास पैसे लेते हुए कि वीडियो है।

तो जेडओ ने उन्हें वीडिओ दिखाने को कहा तो वीडियो में पैसे लेते हुए का कोई वीडिओ नहीं है तो वह व्यक्ति जेडओ का मोबाइल नंबर लेकर चला गया और कहने लगा कि वह पैसे लेते हुए की वीडियो भेजेगा। उसके बाद उसने एक वीडियो भेजी तो उस वीडियो में भी हवलदार पैसे लेते हुए नहीं दिखाई दिया। बाद में वह फोन पर नौकरी से निकलवाने, रिश्वत लेने व वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा और 3 लाख रुपए की डिमांड करने लगा जिसे कम करते हुए उन्होंने एक लाख रुपए की मांग की। थाना सुशांत लोक पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। अपराध शाखा डीएलएफ फेस 4 ने दीपक, सतेंद्र व अशोक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस द्वारा एक लाख रुपयों की नगदी व कार बरामद की गई है।

# संवैधानिक आरक्षण की अनदेखी करने पर अनुसूचित जाति के कर्मचारियों का प्रदर्शन



गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता

हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ ने अनुसूचित समाज के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। समाज के राज्य प्रधान डा. दिनेश निमडिया, डा. सतबीर सिंह, सुशील कटारिया व संतलाल जोतरीवाल का कहना है कि अनुसूचित जाति वर्ग के कर्मचारियों व अनुसूचित जाति समाज में संवैधानिक आरक्षण की प्रदेश सरकार अनदेखी कर रही है जिससे समाज में गहरा आक्रोश है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रथम व द्वितीय श्रेणी की पदोन्नति में आरक्षण न देकर कर्मचारियों के आगे बढने का रास्ता रोक दिया है। सरकार ने लंबे समय से बैकलॉग की भर्ती भी नहीं की है। उन्होंने प्रदर्शन कर जिला प्रशासन को सरकार के नाम ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें कहा गया है कि सरकार कौशल रोजगार निगम के तहत भर्ती को बंद करे और नियमित भर्ती की जाए ताकि अनुसूचित जाति वर्ग को संवैधानिक आरक्षण प्राप्त हो सके। प्रदेश के विभिन्न विभागों में काफी पद रिक्त पडे हैं। वक्ताओं ने सरकार से आग्रह किया कि शिक्षा का निजीकरण बंद किया जाए व शिक्षा के अधिकार के तहत सरकारी विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। संतलाल जोतरीवाल ने कहा कि आए दिन अनुसूचित जाति समाज व कर्मचारियों पर उत्पीडन की घटनाएं हो रही हैं। सरकार इनको गंभीरता से ले।

### आईटीआई में आज होगा रोजगार मेले का आयोजन

**गुरुग्राम।** राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) गुरुग्राम द्वारा आज शुक्रवार को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में मारुति सुजुकी की आठ सहयोगी कंपनियां भाग ले रही हैं। जो अपनी जरूरतों व नियमों के हिसाब से करीब 150 आईटीआई पास छात्रों का चयन करेगी। आईटीआई के प्राचार्य जयदीप सिंह कादियान ने बताया कि कौशल विकास एवं औधोगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के निदेशक द्वारा जारी निदेर्शानुसार 27 मई को आईटीआई गुरुग्राम के प्रांगण में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में आठ विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियां भाग ले रही है जो इस प्रकार है। गुरुग्राम स्थित पास्को ऑटोमोबाइल, प्रेम मोटर्स, राणा मोटर्स, रोहन मोटर्स, कॉम्पिटेंट ऑटोमोबाइल, प्लेटिनम मोटोकॉर्प, डिंको ऑटोमोबाइल सहित विपुल मोटर्स विभिन्न ट्रेडों के तहत 150 छात्रों का प्लेसमेंट के लिए चयन करेंगी।

# आज विभिन्न केंद्रों पर लगाई जाएगी कोरोनारोधी वैक्सीन

गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता

जिला में विभिन्न आयु वर्ग के लिए चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान के तहत शुक्रवार को 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को स्वास्थ्य केंद्र व जिला के विभिन्न स्कूलों में बनाए गए 51 टीकाकरण केन्द्रों पर कॉबेवैक्स वैक्सीन का पहला व दूसरा व 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के किशोरों को 34 केन्द्रों पर कॉवेक्सीन का पहला, दूसरा व बूस्टर डोज टीका लगाया जाएगा। जिला में वैक्सीनेशन अभियान के नोडल अधिकारी एवं उप सिविल सर्जन डॉ एमपी सिंह ने बताया कि शुक्रवार को जिन स्वास्थ्य केंद्रों पर टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे वह इस प्रकार है। एसडीएच हेलीमंडी, सुल्तानपुर, ट्रेंनिंग सेंटर एसडीएच सोहना, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चोमा, मंदपुरा, सूरत नगर, दौलताबाद,ओम नगर,कासन, घाटा व वजीराबाद, पीएचसी गड़ी, राजीव नगर, नाहरपुर रूपा,गुडगांव गांव, मुल्लाहेड़ा, बादशाहपुर, राजेंद्रा पार्क, सीएचसी फरुखनगर,पीएचसी भांगरोला,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फाजिलपुर, पीएचसी भोड़ा कला, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गांधीनगर, तिगरा, मानेसर, नाथूपुर, पटेल नगर, पीएचसी पलड़ा, घगोला, बसई एनक्लेव व चंद्रलोक, नागरिक अस्पताल पटौदी, पीएचसी भोंडसी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुखराली, लक्ष्मण विहार, फिरोज गांधी कॉलोनी व खांडसा, पॉलीक्लीनक सेक्टर 31 व अन्य जगहों पर बनायें गए अस्थायी केन्द्रों पर कॉबेवैक्स वैक्सीन की 7250 व 34 केन्द्रों पर कॉवैक्सीन की पहली, दूसरी के रूप में 3860 स्लॉट उपलब्ध रहेंगे। वहीं दूसरी ओर जिला में वैक्सीनेशन अभियान के तहत शुक्रवार को 82 केन्द्रों पर 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों को कोविशिल्ड की पहली व दूसरी डोज लगाई जाएगी। वहीं 18 वर्ष से अधिक आयु के वे नागरिक जिनकी दूसरी डोज लगने के बाद नौ महीने का समय पूरा हो गया है उनको सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर बूस्टर डोज के निःशुल्क टीके लगाएं जाएंगे।

# आतंकवाद को कड़ा संदेश

जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के नेता यासीन मलिक को उम्रकैद की सजा उन सभी अलगाववादी नेताओं और आतंकियों के लिए कड़ा संदेश है जो राष्ट्र विरोधी गतिविधियों और हिंसा फैलाने में लगे हैं। यासीन मलिक को यह सजा आतंकवाद फैलाने के लिए पैसे जुटाने और देने के मामले में मिली है।

हालांकि इस अलगाववादी नेता पर भारतीय वायुसेना के चार जवानों की हत्या, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री (दिवंगत) मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रुबिया सईद के अपहरण और कश्मीरी पंडितों की हत्या जैसे संगीन आरोपों में भी मामले चल रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी संगठन राज्य में उग्रवादी गतिविधियों के लिए पैसा मुहैया करवाते रहे हैं। लेकिन कोई कठोर कार्रवाई नहीं होने की वजह से ये बचते आ रहे थे। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आतंकी वित्त पोषण मामले का जिस तत्परता के साथ पदार्फाश किया और अलगाववादियों पर शिकंजा कसा, उसी का नतीजा है कि यासीन मलिक को सजा संभव हो पाई।

गौरतलब है कि अस्सी के दशक के मध्य से ही कश्मीर में अलगाववादी संगठनों की गतिविधियां जोर पकड़ चुकी थीं। तब से ही ये संगठन पाकिस्तान के इशारे पर काम करते रहे हैं। इसके लिए इन्हें वहां से पैसा व अन्य मदद मिलती रहती है, जो आज भी जारी है। इसके अलावा अलगाववादी संगठन अपने स्तर पर भी पैसे की उगाही करते रहे हैं। कुछ साल पहले कश्मीरी छात्रों को पाकिस्तान के इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेजों में दाखिला दिलाने के नाम पर पैसा वसूलने के मामले का खुलासा भी हुआ था। यह काम अलगाववादी संगठन ही कर रहे थे।

इस पैसे का इस्तेमाल घाटी में आतंकी गतिविधियों, पथराव और दूसरी वारदातों को अंजाम देने के लिए और नौजवानों को आतंकी संगठनों में भर्ती करने जैसे कामों में इस्तेमाल होता रहा है। एनआइए की जांच में सारे मामले का खुलासा हुआ। कश्मीर में अलगाववादी संगठन लंबे समय से जिस तरह की राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं, उसका खमियाजा वहां के बेगुनाह लोगों को उठाना पड़ा है। पिछले साढ़े तीन दशक में हजारों लोग हिंसा का शिकार हुए। लाखों कश्मीरी पंडितों को घाटी से पलायन करने को मजबूर होना पड़ा।

नौजवानों का भविष्य चौपट हो गया। सबसे दुखद तो यह कि नौजवान पीढ़ी को आतंकी संगठनों में भर्ती होने के लिए मजबूर किया गया। आखिर यह क्यों हुआ? सिर्फ इसीलिए कि अलगाववादी संगठनों की जड़ें गहरी हों। हालांकि अलगाववादी संगठनों को लेकर पूर्व सरकारों का उदार रुख भी समस्या का बड़ा कारण रहा। अगर अलगाववादी संगठनों पर पहले ही नकेल कसने की हिम्मत दिखाई होती तो शायद हालात इतने नहीं बिगड़ते।

यासीन मलिक को सजा से यह भी साफ हो गया है कि अगर पुलिस और जांच एजेंसियां मुस्तैदी से काम करें, पर्याप्त सबूत जुटा कर अदालत के समक्ष रखें और ऐसे मामलों में जल्द सुनवाई हो तो आतंकवाद में लिप्त लोगों को सीखचों के पीछे पहुंचाने में देर नहीं लगती। वरना अक्सर यह देखा गया है कि सबूतों के अभाव में आतंकी छूट जाते हैं। यासीन मलिक को सजा पर पाकिस्तान के भीतर बौखलाहट पैदा होना भी स्वाभाविक है।

भारत में पाकिस्तान के पूर्व उच्चायुक्त अब्दुल बासित और पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी जैसे लोग मलिक के समर्थन में उतर आए हैं। पर इससे होना क्या है? यह तो जाहिर ही है कि जेकेएलएफ को पाकिस्तान से हर तरह का समर्थन मिलता रहा है। मलिक को सजा के बाद पाकिस्तान को भी यह समझना चाहिए कि वह भारत के खिलाफ जिन लोगों का इस्तेमाल करेगा, उनसे कानून के दायरे में ऐसे ही निपटा जाएगा।

# सत्ता के लिए बेचैन होती कांग्रेस

सुरेश हिन्दुस्थानी

भारतीय राजनीति कब किस समय कौन सी करवट बैठेगी, यह कोई भी विशेषज्ञ अनुमान नहीं लगा सकता। अगर इसका अनुमान लगाएगा भी तो संभव है कि उसका यह अनुमान भी पूरी तरह से गलत प्रमाणित हो जाए। हमारे देश में लम्बे समय तक सत्ता पक्ष की राजनीति करने वालों राजनेताओं के लिए यह समय वास्तव में ही अवसान काल को ही इंगित कर रहा है, अवसान इसलिए, क्योंकि उनके पास अपने स्वयं के शासनकाल की कोई उपलब्धि नहीं है। अगर उनका शासन करने का तरीका सही होता तो संभवतः उन्हें इस प्रकार की स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता। कांग्रेस आज भले ही अपनी गलतियों के कारण उत्पन्न हुई स्थितियों को वर्तमान सरकार पर थोपने का काम करे, परंतु इस बात को कांग्रेस भी जानती है कि वह केन्द्र सरकार का विरोध न करे तो उसके पास राजनीति करने के लिए कुछ भी नहीं है। आज देश में जो समस्या दिखाई दे रही है, कांग्रेस उसे ऐसा प्रचारित करती है, जैसे यह सारी समस्याएं मोदी के शासनकाल में ही आई हैं।

भारत को स्वतंत्रता मिलने के बाद देश में सबसे ज्यादा शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी की इतनी दयनीय स्थिति क्यों बनी, इसका अध्ययन किया जाए तो यही सामने आता है कि इस स्थिति के लिए कांग्रेस के नेता ही जिम्मेदार हैं। कांग्रेस ने प्रारंभ से ही विविधता में एकता के सूत्र को स्थापित करने वाली परंपरा पर राजनीतिक प्रहार किया, एक प्रकार से कहा जाए तो कांग्रेस ने विविधता को छिन्न भिन्न करने की राजनीतिक चाल खेली। अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की सीमाओं को लांघते हुए कांग्रेस ने हिन्दू आस्था पर घातक प्रहार करने का षड्यंत्र किया। इसमें कांग्रेस के साथ वामपंथियों ने कदम से कदम मिलाकर सहयोग किया। यही चाल वह आज भी खेलती हुई दिखाई दे रही है। समाज में विभाजन की खाई को पैदा करने वाले राजनीतिक दल भले ही इस नीति पर चलकर शासन करते रहे, लेकिन देश की जो तस्वीर बनी, वह बहुत ही कमजोर चित्र को दर्शा रही है। इसमें समुदाओं के लिए बनाए गए पर्सनल कानून आग में घी डालने जैसा ही काम कर रहे हैं। अगर यह पर्सनल कानून की अवधारणा देश में नहीं होती तो स्वाभाविक रूप से समाज के बीच दरार पैदा नहीं होती। आज देश के लिए आवश्यक यह है कि समान नागरिक संहिता लागू की जाए।

गांधी की विरासत को गले से लगाने वाली कांग्रेस आज उन्हीं के सिद्धांतों से भटकती हुई दिखाई दे रही है। गांधी जी ने कहा था कि मैं एक ऐसे भारत का निर्माण करुंगा, जिसमें कहीं भी ऊंचनीच का भाव नहीं हो, साम्प्रदायिकता का अभाव हो, गौहत्या पर पूरी तरह से प्रतिबंध हो और शराब बंदी हो। लेकिन आज हम क्या देखते हैं कांग्रेस ने गांधी के सिद्धांतों को निर्मूल साबित कर दिया। आज की कांग्रेस ने समाज को वर्गों में बांटकर राजनीति की, इससे समाज में ऊंचनीच का भाव पैदा हुआ, इसी प्रकार केरल में कुछ वर्ष पूर्व कांग्रेस कार्यकताओं ने सरेआम गौहत्या की, वह हमने प्रत्यक्ष रुप से देखा। हालांकि बाद में भले ही कांग्रेस ने गौहत्या करने वाले कांग्रेस नेताओं को बाहर का रास्ता दिखा दिया। सबसे बड़ी बात यही है कि कांग्रेस दिखावे की राजनीति करती है, मन में कुछ और ही चल रहा होता है। इसी प्रकार हम यह भी जानते हैं कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण की सारी सीमाओं को तोड़ते हुए यहां तक कह दिया कि देश के संसाधनों पर सबसे पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है। कांग्रेस की यह राजनीति सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने वाली नहीं तो और क्या कही जाएगी? कांग्रेस के शासन काल में भगवान राम द्वारा बनाए गए रामसेतु को तोड़ने का भरसक प्रयास किया, सरकार की ओर से न्यायालय में दिए गए शपथ पत्र में कांग्रेस की ओर से कहा गया था कि भगवान राम एक काल्पनिक पात्र हैं, वे तो पैदा ही नहीं हुए थे। इस प्रकार की सोच रखने वाली कांग्रेस को भारत विरोधी कहना न्याय संगत ही कहा जाएगा।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को तो कई बार उपहास का पात्र बनते हुए पूरे भारत वर्ष ने देखा है, लेकिन अब कांग्रेस भी अपने कार्यक्रमों के माध्यम से उपहास का पात्र बनती जा रही है। समाज की नजरों से बहुत दूर जा चुकी कांग्रेस अपने आपको जनहितैषी साबित करने के लिए दम खम से प्रयास कर रही है, लेकिन यह दिखावे की राजनीति ही उसकी पोल खोलने का काम भी कर रही है। इससे यह साबित होता है कि कांग्रेस के नेता जो दिखाते हैं, सत्यता उससे बहुत दूर है। अभी हाल ही में कांग्रेस का चिंतन शिविर आयोजित किया गया।

# कूटनीति का अखाड़ा बनता हिंद-प्रशांत क्षेत्र

**वांग यी सोलोमन आइलैंड, किरीबाती, समोआ, फिजी, टोंगा, बनातु, पपुआ न्यूगिनी और इस्ट तिमोर की यात्रा पर जाएंगे और इन देशों में कूटनीतिक संबंधों को और सुदृढ़ करेंगे। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि दक्षिणी प्रशांत के देशों को दरअसल अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया अपना उपनिवेश समझते हैं। इन्होंने कभी भी इनकी संप्रभुता का मान-सम्मान नहीं किया, अपनी शक्तियों का कूटनीतिक दुरुपयोग एशिया- प्रशांत में करते रहे, जिसे दुरुस्त करने का समय आ गया है। चीनी विदेश मंत्रालय की इस घोषणा को क्वाड बैठक का आफ्टर इफेक्ट कह सकते हैं। जो बाइडेन के राष्ट्रपति रहते दो मोर्चे खुल चुके हैं। पहला यूक्रेन था, और दूसरा है हिंद-प्रशांत। इसकी हलचलों का असर अमेरिका में मध्यावधि चुनाव पर पड़ना सुनिश्चित मानिये। विचारणीय है, बाइडेन अपनी कूटनीति की धार हिंद-प्रशांत में क्यों तेज करना चाहते हैं?**





**पुष्परंजन**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

चीनी स्टेट काउंसिलर और विदेश मंत्री वांग यी 26 मई से 4 जून तक दक्षिणी प्रशांत के आठ देशों की यात्रा पर होंगे। चीनी विदेश मंत्रालय ने इसकी आधिकारिक पुष्टि की है। वांग यी सोलोमन आइलैंड, किरीबाती, समोआ, फिजी, टोंगा, बनातु, पपुआ न्यूगिनी और इस्ट तिमोर की यात्रा पर जाएंगे और इन देशों में कूटनीतिक संबंधों को और सुदृढ़ करेंगे। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि दक्षिणी प्रशांत के देशों को दरअसल अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया अपना उपनिवेश समझते हैं। इन्होंने कभी भी इनकी संप्रभुता का मान-सम्मान नहीं किया, अपनी शक्तियों का कूटनीतिक दुरुपयोग एशिया- प्रशांत में करते रहे, जिसे दुरुस्त करने का समय आ गया है। चीनी विदेश मंत्रालय की इस घोषणा को क्वाड बैठक का आफ्टर इफेक्ट कह सकते हैं। जो बाइडेन के राष्ट्रपति रहते दो मोर्चे खुल चुके हैं। पहला यूक्रेन था, और दूसरा है हिंद-प्रशांत। इसकी हलचलों का असर अमेरिका में मध्यावधि चुनाव पर पड़ना सुनिश्चित मानिये। विचारणीय है, बाइडेन अपनी कूटनीति की धार हिंद-प्रशांत में क्यों तेज करना चाहते हैं? फरवरी, 2022 में व्हाइट हाउस ने इंडो-पैसेफिक स्ट्रैटिजी शीर्षक से 19 पेज का दस्तावेज जारी किया था, जिसमें हिंद-प्रशांत में जो बाइडेन प्रशासन को क्या कुछ करना है, उसकी रूपरेखा तैयार की गई थी। द इंडो-पैसेफिक प्रॉमिस चैप्टर के चौथे-पांचवें पेज पर लिखा है, दो सौ साल से अमेरिकी उपस्थिति एशिया प्रशांत में रही है। अमेरिका, इंडो-पैसेफिक पॉवर है। प्रशांत से हिंद महासागर तक का तटीय इलाका, जहां दुनिया की आधी आबादी रहती है। 30 लाख अमेरिकी जॉब और 900 अरब डॉलर का निवेश एशिया-प्रशांत में है। सहयोग के इस सिलसिले को जार्ज डब्ल्यू. बुश प्रशासन ने आगे बढ़ाया था, उनके समय चीनी गणराज्य, जापान और भारत को महत्व दिया गया, उन्हें इंगेज रखा गया। ओबामा प्रशासन ने हिंद-प्रशांत में नये आर्थिक, कूटनीतिक और सैन्य सहयोग के आयामों को प्राथमिकता दी। ट्रंप प्रशासन ने भी इंडो-पैसेफिक को विश्व कूटनीति का गुरुत्वाकर्षण माना था। राष्ट्रपति जो बाइडेन मानते हैं कि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) इस इलाके में अपना आर्थिक, तकनीकी और सैन्य प्रभुत्व बढ़ाने रखने का लक्ष्य निर्धारित कर चुका है। यहीं से पीआरसी ने विश्व का सबसे प्रभावशाली और प्रभुत्व संपन्न देश बनने की महत्वाकांक्षा पाल ली है। 19 पन्नों का दस्तावेज पढ़ने पर इतना तो साफ हो जाता है कि बाइडेन प्रशासन ने हिंद-प्रशांत को एक नया अखाड़ा बनाना तय कर लिया है। उसके पीछे का खेल समझने के लिए अमेरिका की घरेलू राजनीति में झांकिये। अप्रैल, 2021 में अमेरिका में बेरोजगारी दर 6 प्रतिशत थी। अप्रैल, 2022 में यह कम होकर 3.6 प्रतिशत पर आ चुकी है। यूएस ब्यूरो ऑफ लेबर स्टैटिस्टिक्स के आंकड़े बताते हैं कि अब भी फरवरी, 2020 में 3.5 प्रतिशत बेरोजगारी की जो स्थिति थी, उसी के गिर्द हम हैं। यानी, 14 माह में जो बाइडेन ऐसा कोई चमत्कार कर नहीं पाये, जिसकी अपेक्षा अमेरिकी वोटर उनसे कर रहे थे। ट्रेडिंग इकोनॉमिक्स के डाटा बताते हैं कि जुलाई, 2021 में अमेरिका में महंगाई दर 5.4 प्रतिशत थी, अप्रैल, 2022 में वह बढ़कर 8.3 प्रतिशत पर पहुंच चुकी है। अर्थात जो बाइडेन प्रशासन बेरोजगारी और महंगाई, दोनों मोर्चे पर विफल साबित हो चुका है। अमेरिका में 8 नवंबर, 2022 को मध्यावधि चुनाव है। बचे पांच माह में जो बाइडन घरेलू समस्याओं का समाधान क्या किसी जादू की छड़ी से कर लेंगे? भारत की तरह 2024 में ही अमेरिका में आम चुनाव है। अमेरिका धर्म प्रधान देश है नहीं कि वहां हिंदू-मुसलमान करके लोगों का ध्यान बंटाया जा सके। वहां जो भी निजाम आया, उसके लिए अरब-इस्राइल, ईरान, इराक, सीरिया, अफगानिस्तान, यूक्रेन में युद्ध जैसी स्थिति रच देना ध्यान बंटाने के वास्ते सबसे बेहतर रास्ता दिखता रहा है। हिंद-प्रशांत में उसी तरह की व्यूह रचना का प्रयास हो रहा है। सबसे दिलचस्प यह है कि जो भी नेता या डिप्लोमेट हिंद-प्रशांत की ओर भ्रमण के लिए निकलता है, उसके बयानों में इलाके को वैभव व स्थिरता देने की बात अवश्य होती है। शांघाई स्थित ईस्ट चाइना नार्मल यूनिवर्सिटी में ऑस्ट्रेलियाई अध्ययन केंद्र के प्रमुख चेन होंग का कहना है कि विदेश मंत्री वांग प्रशांत के जिन द्वीपीय देशों का भ्रमण करेंगे, वो पहले से चीन की आर्थिक और सामाजिक सहयोग की सूची में है। चीन इन इलाकों में स्थिरता और समृद्धि चाहता है। अब कोई ये बताये कि टोक्यो क्वाड बैठक के तुरंत बाद, चीनी विदेश मंत्री को अपने इनीशिएटिव की याद कैसे आ गई? सच यह है कि क्वाड बैठक में ताइवान की चर्चा होते ही चीन का रक्तचाप चरम पर पहुंच चुका है। चीनी विदेश मंत्री की यात्रा से अमेरिका को यह संदेश देना है कि आप ताइवान में हमारे लिए मुश्किलें बढ़ाएंगे, तो हिंद-प्रशांत के जो देश आपके प्रभाव में हैं, वहां चरस बोने में हम पीछे नहीं रहेंगे। चीनी विदेश मंत्री वांग, दरअसल दक्षिण प्रशांत में सैन्यीकरण करने की नीयत से निकल रहे हैं। यों, क्वाड बैठक में जो बाइडेन ने अपने बयानों से माचिस लगा दी थी। बाइडेन ने चीन को साफ-साफ धमकाया कि आप यदि ताइवान पर आक्रमण करोगे, अमेरिका सैन्य शक्ति के इस्तेमाल से पीछे नहीं हटेगा। 1979 में अमेरिका ने ताइवान से एक संधि की थी, जिसे ताइवान रिलेशन एक्ट के नाम से जानते हैं। इसकी धाराओं को देखने पर स्पष्ट होता है कि ताइवान पर चीन ने यदि हमला किया, पेंटागन को सैनिक कार्रवाई के लिए किसी हामी की जरूरत नहीं पड़ेगी। चीन, वन चाइना पॉलिसी के तहत ताइवान पर लंबे समय से दबाव बनाये हुए है कि ताइपे, पेइचिंग का आधिपत्य स्वीकार कर ले। इस समय चीन को काउंटर करने के वास्ते कोई भी मंच नहीं छोड़ा जा रहा है। 22 मई को जेनेवा में वर्ल्ड हेल्थ असेंबली (डब्ल्यू. एच.ए.) की बैठक में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे दस देशों ने कोविड महामारी के समय ताइवान के सहयोग की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। 28 मई, 2022 तक जारी बैठक में चीन की लकीर छोटी करने की हर चेष्टा की जाएगी, जिससे वन चाइना पॉलिसी खंडित हो। 3 दिसंबर, 2021 को विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरण ने राज्यसभा में बयान दिया था कि ताइवान से हमारे कूटनीतिक संबंध नहीं हैं, किंतु ट्रेड, इनवेस्टमेंट और पर्यटन के क्षेत्र में हम उभयपक्षीय सहयोग की ओर अग्रसर हैं। अब यह बात ऑस्ट्रेलिया तक के थिंक टैंक में उठ रही है कि भारत ने वन चाइना पॉलिसी पर जो मुहर लगाई थी, उसे रद्द क्यों नहीं करना चाहिए? चीन लद्दाख में भूमिहरण करे, पेंगोंग के उस पार दो-दो पुल बनाये, और भारत क्वाड जैसे मंच पर उस विषय को न उठाये, इसकी खलिश जरूर रह गई।

# ड्रोन-डिजिटल इंडिया की नयी उड़ान

**ड्रोन के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव का मुख्य कारण हैझ्र ड्रोन की लागत प्रभावी तरीके से मांग के अनुसार उड़ान के जरिये डिजिटल डेटा देने की क्षमता। हालांकि, ड्रोन का विकास, अपनाने का तरीका और उपयोग; अभी प्रारंभिक अवस्था में है। लेकिन, यह भी सच है कि ड्रोन नए तरीकों पर आधारित प्रभावी समाधान प्रदान कर रहे हैं, जो कागज और कलम से संचालित होने वाले पुराने तरीकों के स्थान पर परिचालन को डिजिटल युग में ले जा रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में ड्रोन कई सरकारी और निजी प्रतिष्ठानों का एक अभिन्न अंग बन गए हैं; विशेष रूप से उद्योग के क्षेत्रों में, जो नयी तकनीक को अपनाने में हमेशा असफल रहते हैं, कारण चाहे जो भी रहे हों। ड्रोन कुशल और समयबद्ध तरीके से सुस्त, अस्वच्छ व खतरनाक काम कर रहे हैं।**





**नील मेहता**
**लेखक एस्टेरिया एयरोस्पेस के निदेशक और सह-संस्थापक हैं**

कुछ समय पहले तक ड्रोन को महंगे सैन्य उपकरण या छोटे मनोरंजक खिलौनों के रूप में देखा जाता था। लेकिन, पिछले कुछ वर्षों में स्थितियां में काफी बदलाव आया है, क्योंकि ड्रोन, जिसे आधिकारिक तौर पर सुदूर चालित हवाई प्रणाली (रिमोटली पाइलेटेड एरियल सिस्टम, आरपीएएस) के रूप में जाना जाता है, कई उद्योगों के अनुप्रयोगों के लिए एक व्यावहारिक समाधान के रूप में सामने आया है। ड्रोन के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव का मुख्य कारण हैझ्र ड्रोन की लागत प्रभावी तरीके से मांग के अनुसार उड़ान के जरिये डिजिटल डेटा देने की क्षमता।

हालांकि, ड्रोन का विकास, अपनाने का तरीका और उपयोग; अभी प्रारंभिक अवस्था में है। लेकिन, यह भी सच है कि ड्रोन नए तरीकों पर आधारित प्रभावी समाधान प्रदान कर रहे हैं, जो कागज और कलम से संचालित होने वाले पुराने तरीकों के स्थान पर परिचालन को डिजिटल युग में ले जा रहे हैं।

पिछले कुछ वर्षों में ड्रोन कई सरकारी और निजी प्रतिष्ठानों का एक अभिन्न अंग बन गए हैं; विशेष रूप से उद्योग के क्षेत्रों में, जो नयी तकनीक को अपनाने में हमेशा असफल रहते हैं, कारण चाहे जो भी रहे हों। ड्रोन कुशल और समयबद्ध तरीके से सुस्त, अस्वच्छ व खतरनाक काम कर रहे हैं और इस तरह से काम करने के पारंपरिक तरीकों के एक बेहतर विकल्प के रूप में सामने आये हैं।

ड्रोन के कुछ मौजूदा अनुप्रयोगों में निगरानी और सुरक्षा, महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों का निरीक्षण और निगरानी, सर्वेक्षण एवं लॉजिस्टिक्स आदि शामिल हैं। ये अनुप्रयोग कई उद्योग क्षेत्रों से सम्बंधित हैं, जैसे रक्षा और आतंरिक सुरक्षा, कृषि, तेल और गैस, ऊर्जा व उपयोगिता, दूरसंचार, भू-स्थानिक सर्वेक्षण, खनन, निर्माण, परिवहन आदि। भारत में इन क्षेत्रों में ड्रोन तकनीक को अपनाने की प्रक्रिया प्रारंभिक अनुसंधान चरण से एक ऐसे चरण में पहुंच गयी है, जहां व्यापार जगत को यह अनुभव हुआ है कि इसकी क्षमता व संभावना का उचित उपयोग किया जा सकता है। अब व्यापार जगत इसे अपनाने के लिए तैयार है।

आज, भारत में ड्रोन का उपयोग; सटीकता से खेती के लिए फसल के स्वास्थ्य की निगरानी तथा सैकड़ों किलोमीटर लम्बी गैस पाइपलाइनों का निरीक्षण करने से लेकर सीमा पर सुरक्षा प्रदान करने एवं समय पर महत्वपूर्ण स्वास्थ्य आपूर्ति करने से जुड़े क्षेत्रों में किया जा रहा है। भारत सरकार स्वामित्व योजना के हिस्से के रूप में भूमि रिकॉर्ड को डिजिटल रूप देने, खदानों तथा राजमार्ग निर्माण में ड्रोन सर्वेक्षण के उपयोग को अनिवार्य करने और कृषि में बदलाव के लिए ड्रोन शक्ति व किसान ड्रोन पहल को बढ़ावा देने के क्रम में ड्रोन के व्यापक उपयोग के माध्यम से इस तकनीक का प्रारंभिक उपयोग शुरू कर चुकी है। उपयोग के विविध क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए, अनुमान है कि देश में ड्रोन और संबंधित समाधानों का बाजार अगले 3-4 वर्षों में 15,000 करोड़ से अधिक का हो जाएगा।

इस उभरते और रणनीतिक प्रौद्योगिकी क्षेत्र की क्षमता को स्वीकार करते हुए, सरकार ने इस दशक के अंत तक भारत को वैश्विक ड्रोन का हब बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसे ध्यान में रखते हुए, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने ड्रोन नियम 2021 से शुरू करते हुए, देश में ड्रोन के निर्माण और परिचालन को उदार बनाने के लिए कई नीतियों और विनियमों को पेश किया है। ड्रोन प्रौद्योगिकी की क्षमता, आपूर्ति और प्रसार को बढ़ाने के लिए उद्योग जगत को इसी समर्थन की आवश्यकता थी। इस क्षेत्र के द्वारा देश के युवाओं के लिए नए जमाने के रोजगार के अवसर भी पैदा किए जा रहे हैं। ड्रोन उद्योग के विकसित होने से निकट भविष्य में प्रत्यक्ष रोजगार के 10,000 से अधिक अवसरों के पैदा होने की संभावना है, जिनमें ड्रोन पायलट, डेटा विश्लेषक, हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर विकास व विनिर्माण, रख-रखाव एवं रिपेयर तकनीशियन शामिल हैं।

एक बड़ा संभावित बाजार, सॉफ्टवेयर और समाधान संबंधी विकास में एक मजबूत ताकत तथा ड्रोन-सेवा प्रदाता के लिए तकनीकी कार्यबल की उपलब्धता आदि कारणों से भारत के पास ड्रोन-आधारित समाधान के निर्माण एवं वितरण के लिए उपयुक्त प्लेटफार्म और संसाधन मौजूद हैं।

नई ड्रोन और ड्रोन-प्रतिरोधी प्रौद्योगिकियों के परीक्षण के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी में विशिष्ट और सैंडबॉक्स परीक्षण स्थल बनाना तथा दृष्टि से परे (बीवीएलओएस) परिचालन जैसे जटिल संचालन का परीक्षण से जुड़े अवसर, इस विकास को गति दे सकते हैं एवं वैश्विक कंपनियों को आकर्षित कर सकते हैं।

भारत को कल-पुर्जों के निर्माण इकोसिस्टम (बैटरी, इलेक्ट्रिक मोटर, इलेक्ट्रो-ऑप्टिक्स और सेंसर) को भी आकर्षित करना चाहिए, जिससे ड्रोन उत्पादों के निर्माण में और इसे बड़े पैमाने की अर्थव्यवस्था बनाने में मदद मिलेगी। इस प्रकार यह क्षेत्र विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होगा। ड्रोन, मुख्य रूप से मोबाइल फोन और बिजली चालित वाहनों का मिश्रण होता है, इसलिए इन क्षेत्रों में कल-पुर्जों के निर्माण को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, ताकि ड्रोन निर्माण को भी जरूरी बढ़ावा मिल सके।

भारत में ड्रोन क्षेत्र का भविष्य उज्ज्वल है। अगले कुछ वर्षों में ड्रोन को कितने बड़े पैमाने पर अपनाया जाता है, यह महत्वपूर्ण है। उद्योग जगत को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ड्रोन अंतिम उपयोगकर्ता के लिए उपयोगी हो तथा एक जिम्मेदार व सुरक्षित तरीके से ड्रोन के इस्तेमाल को बढ़ावा मिले।

# जल-संकट गृहयुद्ध का कारण न बन जाये

झ्रललित गर्गझ्र

पिछले कई दिनों से गंभीर जल संकट से दिल्ली की जनता परेशान है। परेशानी का सबब यह है कि पानी पहुंचाने वाले टैंकरों को कड़ी सुरक्षा में चलाया जा रहा है, ताकि पानी को लेकर हिंसा की नौबत न आ जाए। दक्षिणी दिल्ली क्षेत्र में पानी की कमी से जूझ रहे लोग पानी की टंकियों और हेंडपंपों से बूंद-बूंद पानी इकट्ठा कर रहे है और अपने-अपने पानी के डिब्बों को जंजीर से बांधकर रख रहे हैं। ऐसा ही नजारा मंगलवार को वसंत विहार के कुसुमपुर पहाड़ी इलाके में देखने को मिला। यह चिंताजनक इसलिए है कि अगर ऐसे ही हालात बने रहे तो यह जल संकट कभी भी जल संघर्ष एवं हिंसा में बदल सकता है। यह तो अक्सर देखने में आता ही रहा है कि पानी को लेकर लोग एक दूसरे की जान तक लेने में भी नहीं हिचकते। भीषण गर्मी और हरियाणा में नदी में कम पानी छोड़े जाने के कारण स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। दिल्ली के जल-संकट को जल्दी-से-जल्दी दूर करना सरकार की प्राथमिकता होनी ही चाहिए।

दिल्ली में जल संकट वैसे तो हर वर्ष गर्मी की समस्या है, पर इसका दुष्प्रभाव साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं कि बढ़ती जनसंख्या की वजह से दिल्ली में पानी की समस्या गंभीर होती जा रही है। अगर हम आंकड़ों पर गौर करें तो यह बात काफी हद तक सच भी है। जैसे दिल्ली की जनसंख्या में बीते दो दशकों में अत्यधिक वृद्धि हुई है। परंतु केवल जनसंख्या में वृद्धि ही दिल्ली में साल दर साल गहराते जल संकट का कारण नहीं है। विश्व के किसी भी शहर एवं खासकर राजधानी क्षेत्र की जनसंख्या में वृद्धि एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, पर इससे उपजने वाली विभिन्न समस्याओं एवं जल संकट का मूल आबादी की बजाय, आबादी द्वारा चुनी गई सरकार एवं उसके लिए कार्य करने वाली संस्थाएं हैं, जोकि जीवन के मूलभूत तत्वों एवं जीवन निर्वाह की मूल जरूरतों में से एक जल भी उपलब्ध नहीं करवा पाती है। यह सरकार की नाकामी को दर्शाता है।

यह कैसी सरकार है जिसके शासन में एक-एक बाल्टी पानी के लिए लोग रात-रात भर जाग रहे हैं। जहां पानी पहुंच रहा है वहां लंबी-लंबी कतारें लगी हैं। जिनके पास पानी खरीदने को पैसे नहीं हैं, वे गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। जो खरीद सकते हैं, वे मुंहमांगा दाम दे रहे हैं। ऐसा नहीं कि ये हाल कुछेक इलाकों का है। आधी से ज्यादा दिल्ली पानी के लिए इसी तरह तरस रही है। यह हर साल का रोना है। लेकिन विडंबना यह है कि जल संकट के स्थायी समाधान के लिए क्या हो, इसकी फिक्र किसी को नहीं दिखती।

दिल्ली में जल-संकट का कारण रजनीति भी है। पानी को लेकर विवाद दूसरे राज्यों में भी होते रहते हैं। नदियों के पानी पर किसका और कितना हक हो, यह मुद्दा जटिल तो है ही, राज्यों की राजनीति ने इसे और पेचीदा बना डाला है। दिल्ली को अतिरिक्त पानी देने को लेकर उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश के साथ चर्चा करीब तीन साल से चल रही है। हरियाणा सरकार के साथ भी लंबे समय से बात चल रही है। पर अब तीनों राज्यों ने अपनी मजबूरी जता दी है। मोटे तौर पर दिल्ली में पानी का संकट तब खड़ा होता है, जब यमुना में पानी कम हो जाता है। ताजा स्थिति यह है कि वजीराबाद बैराज पर यमुना नदी का जलस्तर सामान्य से छह फीट नीचे चला गया है। यहां पानी हरियाणा से आता है। हरियाणा तर्क यह दे रहा है कि पंजाब उसे उसके हिस्से का पानी नहीं दे रहा। यानी जब पंजाब हरियाणा को पानी देगा, तब वह दिल्ली को देगा। अगर वाकई ऐसा है तो यह बेहद गंभीर बात है। इससे तो यही लग रहा है कि पानी को लेकर सरकारें राजनीति कर रही हैं। गौरतलब है कि दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है, जबकि उत्तर प्रदेश और हरियाणा में भाजपा की। जबकि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार है और उसी की सरकार पंजाब में है तो वह समस्या के समाधान के लिये तत्पर क्यों नहीं होती? पंजाब हरियाणा को पानी दे तो दिल्ली को पानी मिल सकता है। लेकिन इस समस्या के समाधान के लिये गंभीरता क्यों नजर नहीं आ रही है? क्यो जल पर राजनीति की जा रही है? क्यों जनता को पानी के लिये त्राहि-त्राहि करने पर विवश किया जा रहाहै? ऐसा प्रतीत होता है कि हमारे राजनीतिज्ञ, जिन्हें सिर्फ वोट की प्यास है और वे अपनी इस स्वार्थ की प्यास को इस पानी से बुझाना चाहते हैं। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और दिल्ली का यह जल-विवाद आज हमारे लोकतांत्रिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर दे उससे पूर्व आवश्यकता है तुच्छ स्वार्थ से ऊपर उठकर व्यापक राष्ट्रीय हित एवं जनता के हित के परिप्रेक्ष्य में देखा जाये। जीवन में श्रेष्ठ वस्तुएं प्रभु ने मुफ्त दे रखी हैं- पानी, हवा और प्यार। और आज वे ही विवादग्रस्त, दूषित और झूठी हो गईं। बहुत हो चुका है। अब बस। 2022 दिल्ली के जन-संकट का समाधान का वर्ष हो। भारत की नदियां शताब्दियों से भारतीय जीवन का एक प्रमुख अंग बनी हुई हैं। इन्हीं के तटों से ऋषियों-मुनियों की वाणी मुखरित हुई थी। जहां से सदैव शांति एवं प्रेम का संदेश मिलता था। इसमें तो पूजा के फूल, अर्घ्य और तर्पण गिरता था अब वहां निदोर्षों का खून गिरता है। हमारी सभ्यता, संस्कृति एवं विविधता की एकता का संदेश इन्हीं धाराओं की कलकल से मिलता रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### युवक को तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर किया चालान

नगीना। नगीना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया। थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा ने बताया कि उप निरीक्षक अजय कुमार ने सहयोगी पुलिसकर्मियों के साथ मोहल्ला बिश्नोई सराय निवासी सुमित टंडन पुत्र राजकुमार टंडन को मोहल्ला मनिहारी सराय रोड से 315 बोर के तमंचे व एक आदत कारतूस के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। गिरफ्तार किए गए युवक के खिलाफ नगीना थाने में अन्य भी मुकदमा दर्ज है।

### हल्का कानूनगो द्वारा तीन लोगों पर कराई गई रिपोर्ट दर्ज

अफजलगढ़। हल्का कानूनगो नरेन्द्र कुमार द्वारा थाना क्षेत्र के गांव फतेहउल्लानगर निवासी लखवेंद्र सिंह, रंजीत सिंह तथा सुखजीत सिंह द्वारा जबरन चकमार्ग जोतने का आरोप लगाते हुए नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उधर कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने रिपोर्ट दर्ज किये जाने की पुष्टि की है।

### ग्राम पंचायत पंचायत भवनों का निर्माण समय सीमा में करें पूरा : डीपीआरओ

अमरोहा। जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा ने कहा कि ब्लाक क्षेत्र में जल्द पंचायत भवनों के निर्माण का कार्य पूरा कराया जाए। गांव में विशेष सफाई व्यवस्था किए जाने के निर्देश ग्राम विकास अधिकारियों को दिए। गुरुवार को ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में सफाई को लेकर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। सफाई कर्मचारी नियमित सफाई करें, यह सुनिश्चित किया जाए। लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। गांवों में कराए जा रहे विकास कार्यो वे शौचालय निर्माण संबंधी जानकारी भी की। इस दौरान एडीओ पंचायत रामचंद्र सिंह, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी संदीप कुमार, नासिम, विदित यादव, कपिल कुमार, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

### मुख्य मार्ग पर जलभराव से आवागमन प्रभावित

सैदनगली। क्षेत्र के गांव झुंडी खादर में गंदगी व जलभराव से आवागमन दुश्वार है। ग्रामीणों का कहना है कि यह गांव का मेन रास्ता है जो पहाड़पुर बकाल, बहापुर, उझारी ,कनेटा की मढैयो को जोड़ता है। गांव में जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने से समस्या बनी हुई है। बच्चे स्कूल जाने के लिए गंदे पानी के बीच से होकर गुजरते हैं। शिकायत के बावजूद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराएंगे। ग्रामीणों ने समस्या समाधान की मांग को लेकर गुरुवार को गांव में प्रदर्शन भी किया।

### पशुओं को खुला छोडने वाले व्यक्तियों पर हो कार्यवाही

बिजनौर। कलेक्टेज्ट सभागार में कृषि तकनीकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) शासी निकाय (गवर्निंग बोर्ड) की बैठक के दौरान उपस्थित कृषको ने जिलाधिकारी उमेश मिश्रा से मांग करते हुए कहा कि ग्रामो मे पशुओ को खुला छोडने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध पशु क्रूरता अधिनियम व एनएसए के अन्तर्गत कार्यवाही की जाये।

# सराफा से लूट करने वाला एक बदमाश मुठभेड़ में घायल

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता

सराफा कारोबारी से लूट करने वाले गैंग के सभी छह सदस्य शहर में ही मौजूद थे। दिन में पुलिस ने चार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। परंतु दो बदमाश यहीं छुपे हुए थे। रात में बाइक पर सवार होकर भागने की फिराक में थे। परंतु गश्त के दौरान पुलिस से मुठभेड़ हो गई। गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। सिपाही को भी छर्रे लगे हैं। दूसरा बदमाश भागने में कामयाब रहा। बुधवार सुबह एसओजी टीम व नगर कोतवाली पुलिस ने सराफ बिट्ठल राव से लूट करने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। परंतु उनके दो साथी पुलिस के हाथ नहीं लगे थे। वह शहर में ही छिपे हुए थे। रात को लगभग साढ़े नौ बजे प्रभारी निरीक्षक सुशील वर्मा हमराह के साथ जटी वन की तरफ गश्त कर रहे थे। उन्होंने बाइक पर सवार दो युवकों को रोकने का प्रयास किया तो एक बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया तथा भागने लगे। छर्रा लगने से सिपाही सुभाष यादव घायल हो गए। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी फायरिंग की। गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल सिपाही व बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम सचिन निवासी मनोहर कालोनी थाना व कस्बा हस्तिनापुर जनपद मेरठ बताया है। जबकि फरार होने वाले साथी का नाम राहुल बताया। उसने बताया कि वह भी सराफ लूट कांड में शामिल था तथा वह ही बाइक चला रहा था। गैंग के सभी लोग बुधवार को लूट गए सामान का बंटवारा करने आए थे। पुलिस ने चारों को पकड़ लिया तथा हम दो फरार हो गए थे। अंधेरा होने पर अब मेरठ जा रहे थे। सीओ सदर विजय कुमार राणा ने बताया कि फरार बदमाश की गिरफ्तारी के लिए कांबिंग चल रही है। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए हैं।

## डीएम ने किया आश्रम पद्धती विद्यालय का निरीक्षण

हसनपुर। जिलाधिकारी बालकृष्ण त्रिपाठी द्वारा विकासखंड हसनपुर के ग्राम पंचायत सोहटपुर में 23 करोड़ 94 लाख की लागत से कार्यदायी संस्था समाज कल्याण निर्माण निगम द्वारा बनवाये जा रहे आश्रम पद्धती विद्यालय का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बुलाये जाने के बाद भी कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियंता को उपस्थित न देखकर नाराजगी व्यक्त की और मुख्य विकास अधिकारी को स्पष्टीकरण काल करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने चल रहे निर्माण कार्य को भृमण कर देखा गुणवत्तापूर्ण न दिखाई देने पर अवर अभियंता को फटकार लगाते हुए भुगतान न करने की हिदायत दी तथा कि प्रयोग की जा रही निर्माण सामग्री शासन द्वारा दिए गए मानक के अनुसार ही होना चाहिये। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिक से अधिक मजदूर लगाकर शीघ्र ही कार्य को पूर्ण कराया जाय। आश्रम पद्धति विद्यालय के निरीक्षण के पूर्व जिलाधिकारी ने हसनपुर के करण पुर माफी में निर्माणाधीन तहसील भवन का निरीक्षण और किया चल रहे कार्य रेनवाटर हार्वेस्टिंग महिला और पुरूष शौचालय वायरिंग पुताई पुट्टी रैम्प एसडीएम चैंबर गैराज सहित अन्य तहसील भवन में किये जाने वाले कार्य को भृमण कर देखा और अधिक से अधिक मजदूर लगाकर शीघ्र ही कार्य को पूर्ण कर हस्तांतरित करने के निर्देश दिए।

## गायों की सरक्षण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम

हसनपुर, प्रात: किरण संवाददाता



जिलाधिकारी बालकृष्ण त्रिपाठी द्वारा विकासखंड हसनपुर ब्रम्हाबाद के गौशाला का मौके पर जाकर निरीक्षण किया जिसमे 214 पशु संरक्षित पाए गए और 01 पशु बीमार पाया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से कितने को सुपुर्द किया गया है, चारा कतरने की मशीन, भूषा कितना उपलब्ध है, हरा चारा व पानी की क्या व्यवस्था है सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी ली और मौके पर पहुंच कर देखा। मौके पर गायों को दिए गए भूसा में हरा चारा व खली का परीक्षण किया जिसमे भूसा में खली व हरा चारा न मिलने पर जिलाधिकारी ने प्रभारी अधिकारी गौशाला पर नाराजगी व्यक्त कर कड़ी फटकार लगाते हुये स्पष्टीकरण काल करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गौशाला के जो पशु कमजोर हैं उन्हें अलग रखा जाए और उन्हें स्वास्थ्य वर्धक पोषण युक्त आहार दिया जाए, जिलाधिकारी ने गायों को केला व गुड़ खिलाया। कहा की अगले निरीक्षण में पशुओं की सेहत में सुधार मिलना चाहिए अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कहा कि गायों के संरक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती ना जाए अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्यवाही की जाएगी गौशाला निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि हरे चारे की व्यवस्था नहीं है इस दौरान उन्होंने ग्राम प्रधान को बुलाकर कहा कि जितने भी खाली जगह दिख रही है गौशाला केंद्र में उसमें हर हाल में हरे चारे की व्यवस्था होनी चाहिए और प्रतिदिन भूसे के साथ हरे चारा मिला कर दिया जाना चाहिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला में गायों को गुड़ व केला खिलाया निर्देश किया कि गायों की देखभाल में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के अवसर मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ल, उपजिलाधिकारी हसनपुर सुधीर कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी मंशाराम यादव ग्राम प्रधान सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## औरालोद कार्याकताओं ने अधिशासी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

प्रात: किरण संवाददाता, मनोज शर्मा



गजरौला। राष्ट्रीय लोक दल के निवर्तमान जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी के नेतृत्व में रालोद कार्यकताओं ने नगर पालिका गजरौला के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी ने बताया कि नगर पालिका बोर्ड की बैठक में डॉ श्याम सिंह चौराहे को पूर्व प्रधानमंत्री किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह चौक , बस्ती रोड को महाराजा अग्रसेन मार्ग, खाद गुजर रोड को पृथ्वीराज चौहान मार्ग बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया था।डॉ श्याम सिंह चौराहे को चौधरी चरण सिंह चौक बनाने का प्रस्ताव वर्ष 2018 में भी पास किया जा चुका है, नगर पालिका द्वारा बार-बार प्रस्ताव पारित करने के बावजूद उसे अमलीजामा न पहना ना सीधे-सीधे सभी महापुरुषों का अपमान है हमारी मांग है कि पालिका द्वारा तीनों महापुरुषों चौधरी चरण सिंह जी, महाराजा अग्रसेन जी, पृथ्वीराज चौहान जी के नाम पर घोषित किए गए चौक , मार्गो पर उनके नाम का बोर्ड लगाया जाए।अगर पालिका को बोर्ड लगाने में कोई आपत्ति है तो रालोद कार्यकर्ता अपने निजी खर्च पर सभी चौक ,मार्गो पर महापुरुषों के बोर्ड लगवाने के लिए तैयार हैं उन्होंने बताया कि अगर 1 सप्ताह के अंदर हमारी मांगे पूरी नहीं की गई तो रालोद बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी नगर पालिका गजरौला की होगी। इस मौके पर रामवीर सिंह, तेजपाल सिंह सभासद, सतीश चौधरी, सुमित शिवाच, लवकुश आदि रहे।

## दरगाहे आलिया पर सालाना मजलिसों का आगाज हुआ

नजीबाबाद। जोगीपुरा में होने वाली सालाना मजलिसों का आगाज मौलाना अकबर अब्बास कारगिल की तिलावते कलामे पाक से हुआ।इसी के साथ पहली मजलिस की मरसिया खानी फिरोज हैदर, जिया अब्बास, जमाल अख्तर, मोहम्मद रजा, एजाज हैदर ने की। और पहली मजलिस को मौलाना आबिद मेंहदी इमामे जुमा दरगाहे आलिया ने खिताब किया। दूसरी मजलिस को अम्मार जरवली ने तीसरी मजलिस को मौलाना नकी आब्दी गङ्गेरु,चैथी मजलिस को मौलाना मिर्जा शफीक साखनी।

## ओवर रेट पर बिकती मिली शराब, लगाया जुमार्ना

गजरौला/धनौरा। शराब की दुकानों पर कंट्रोल रेट से ज्यादा पर शराब व बीयर की बिक्री की जा रही है। बढ़ रही शिकायतों पर एसडीएम ने बुधवार रात छापामारी की। डमी ग्राहक को दुकान पर भेजा गया तो पूरा मामला सामने आया। दुकान पर कंट्रोल रेट से दस रुपये ज्यादा में शराब दी गई। एसडीएम ने दुकान पर एक लाख पांच हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है।बुधवार रात मंडी धनौरा एसडीएम अरुण कुमार गजरौला के फाजलपुर स्थित शराब की दुकान पर पहुंचे। वह कुछ ही दूरी पर खड़े हो गए व एक व्यक्ति को डमी ग्राहक बनाकर शराब की दुकान पर शराब खरीदने के लिए भेज दिया। आरोप है कि दुकान पर मौजूद सेल्समैन ने व्यक्ति को कंट्रोल रेट से 10 रुपये ओवररेट में शराब व बीयर दी। एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर सेल्समैन से जानकारी की तो वह कुछ जबाव नहीं दे पाया। जानकारी मिलने पर आबकारी विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। एसडीएम ने दुकान पर एक लाख पांच हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। एसडीएम ने सेल्समैन के खिलाफ भी धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किए जाने के निर्देश दिया है।

## बरसात से पहले पूर्ण किया जाएं नंदी अभ्यारण का कार्य : डीएम

रहरा, प्रात: किरण संवाददाता

जिलाधिकारी बालकृष्ण त्रिपाठी द्वारा विकासखंड गंगेश्वरी के रहरा गंवा मार्ग पर ग्राम गुरैठा में गौ संरक्षण के लिए विकसित किए जा रहे लगभग 300 बीघे के नंदी अभ्यारण का निरीक्षण किया।उन्होंने विकसित किए जा रहे इस नंदी अभ्यारण में चल रहे जेसीबी से खाई खोदने के कार्य का भ्रमण कर चारों ओर निरीक्षण किया और खंड विकास अधिकारी को कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश दिया। जिलाधिकारी के निर्देश दिया कि जो जो जमीन संदिग्ध है उसकी लेखपाल के द्वारा माप करा कर चिन्हित कर कवर किया जाय और खुदाई कराया जाय।जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि अभयारण्य में गेट लगाया जाए।उन्होंने कहा कि बरसात के पहले यह अभ्यारण्य का कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए।यह जिले का सबसे बड़ा ड्रीम प्रोजेक्ट है जो कि गौ संरक्षण के लिये नंदी अभयारण्य के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके चारों ओर खाई के



ऊपर बांस लगाए जाएंगे और अभ्यारण के चारों ओर नींबू करौंदा सहजन जैसे फलदार वृक्ष व बीच में बरगद पीपल शीशम पिलखन जैसे छायादार वृक्ष भी लगाए जाएंगे।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी चंद शेखर शुक्ल, उप जिला अधिकारी हसनपुर, खंड विकास अधिकारी गंगेश्वरी, प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंसाराम यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## कृषि विज्ञान केंद्र पर धान की बुआई करने के दिए टिप्स

गजरौला। कृषि विज्ञान केंद्र गजरौला पर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत गन्ने के साथ ही सब्जियों की सहफसली खेती विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।केंद्र के प्रभारी अधिकारी डा. एके मिश्र ने कहा कि किसान 0238 प्रजाति को छोड़कर नवीन प्रजातियों को की बुआई करें। इस प्रजाति में बीमारियों का प्रकोप अधिक होने के कारण इसकी पैदावार में गिरावट आ रही है। साथ ही इस समय धान की बुआई के लिए नर्सरी की किसान तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए बासमती धान की नवीनतम प्रजाति जैसे पूसा 1692, 1637, 17, 18 आदि प्रजातियों की बुआई करें। उन्होंने कहा की किसान खेती से जुड़े अन्य व्यवसाय मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, वर्मी कंपोस्ट उत्पादन, मुर्गी पालन एवं मछली पालन कर अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकते हैं। डा.एके मिश्र ने बताया कि अनुसूचित उप परियोजना के तहत अनुसूचित जाति के 100 किसानों को धान का बीज प्रजाति पूसा 1509 का पांच-पांच किलोग्राम बीज निशुल्क वितरित किया गया है। इस दौरान देवी चरण, बलवंत सिंह, अजीत सिंह, हरपाल, अंजू कुमारी, संगीता देवी आदि प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पोषण पाठशाला का हुआ आयोजन

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता

बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा जन-मानस एवं लाभार्थियों को विभाग की सेवाओं के संबंध में जागरूक किया गया। शीघ्र स्तनपान-केवल स्तनपान थीम पर ही पोषण पाठशाला का आयोजन किया गया। केंद्रों पर पंजीकृत गर्भवती महिलाएं, धात्री महिलाएं एवं उनके परिवार के सदस्य भी इस कार्यक्रम से जुड़े।जिला कार्यक्रम अधिकारी संजीव सिंह ने बताया कि जनपद के सभी 1430 आंगनवाड़ी केंद्रों पर आंगनबाड़ी द्वारा अपने-अपने केंद्रों पर धात्री महिलाएं व गर्भवती महिलाओं को पोषण पाठशाला के माध्यम से जागरूक किया गया। और शासन से प्राप्त निर्देश के अनुसार बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से प्रथम पोषण पाठशाला का आयोजन वीडियों कॉन्फेसिंग द्वारा अपरान्ह 12 से 2 बजे तक किया गया। पोषण पाठशाला में विभागीय अधिकारियों और विशेषज्ञों की ओर से ह्यशीघ्र स्तनपान- केवल स्तनपान की आवश्यकता, उपयोगिता, विभाग की सेवाओं, पोषण प्रबंधन, कुपोषण से बचाव के उपाय, पोषण शिक्षा आदि के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग में लाभार्थियों व अन्य के द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर दिया गया। उन्हें बताया गया कि स्तनपान बच्चे के लिए महत्वपूर्ण है। स्तनपान से मातृ मृत्यु दर मे 2020 में 3%




की कमी आई है।उन्होंने कहा कि पाठशाला में शिशु को किस तरीके से स्तनपान कराना चाहिए। पाठशाला में बताया गया कि गाय व भैंस के दूध के मुकाबले में मां का दूध 5 गुना ज्यादा फायदा बच्चे को पहुंचाता है। जो बच्चे मां का दूध पीते हैं उन्हें आगे चलकर मधुमेह की बीमारी होने का खतरा कम रहता है जिन बच्चों को मां का दूध नहीं मिलता उन बच्चों में मधुमेह की बीमारी होने का खतरा ज्यादा रहता है। कम से कम बच्चे को 10 से 12 बार दूध पिलाना चाहिए और मां को ज्यादातर दूध रात के समय में बच्चे को पिलाना चाहिए जिससे मां भी स्वस्थ रहती है और बच्चा भी स्वस्थ रहेगा। बच्चे को 6 माह तक केवल अपना ही दूध पिलाना चाहिए।पोषण पाठशाला में प्रतिभाग करने वाली लाभार्थी मुस्कान ने बताया कि मुझे गर्भावस्था का सातवाँ माह चल रहा है। मेरा पहला बच्चा है मुझे पोषण पाठशाला के जरिए बताया गया कि एक माँ को अपने बच्चे को किस तरीके से स्तनपान कराना चाहिए, मां का दूध बच्चे के लिए क्यों जरूरी है आज पाठशाला में जैसे मैंने सीखा उसी तरीके से मैं अपने बच्चे को भी स्तनपान कराऊगी जिससे मेरा बच्चा स्वस्थ रहे और अनेकों बीमारियों से बच सके।इस अवसर पर सीडीपीओ सुधा, सुपरवाइजर नगमा शहर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुनीता जैकब, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मीना, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता यशोदा और आदि लोग उपस्थित रहे।

## व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री का अरुण वर्मा ने किया जोरदार स्वागत



स्योहारा, प्रात: किरण संवाददाता

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र गुप्ता का नगर आगमन पर अरुण कुमार वर्मा ने किया फूल मालाओं से जोरदार स्वागत प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र गुप्ता का रिलायंस पेट्रोल पंप पर नगर के व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा व तमाम व्यापारियों ने स्वागत किया इस मौके पर अरुण कुमार वर्मा के प्रसिद्ध स्थान पर प्रदेश महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने प्रेस वार्ता के दौरान कहां है व्यापारियों का ताजपुर में जिला सम्मेलन उसी में शामिल होने के लिए पाया गया है जिस पर स्थानीय निवासी व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा संगठन के लोकप्रिय ने है इनके अहान पर यहां रुका गया है एक सवाल पर प्रदेश महामंत्री ने कहा है कि सरकार के आने वाले बजट मैं व्यापारियों को आशा है कि व्यापारियों का ध्यान रखते हुए बजट पास किया जाएगा अतिक्रमण हटाओ अभियान के बारे में पूछे जाने पर प्रदेश महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने बताया है व्यापारियों की दुकान से आगे के हाथों को खड़ा होने के लिए स्थान की सीमा नगर पालिका प्रशासन तय करेगी और छोटे व्यापारी ठेले व पटरी पर व्यापार करने वाले व्यापारियों को हटाने से पहले नगरपालिका को उनके व्यापार करने के लिए एक स्थान चिन्हित कर उन्हें बसाने का कार्य करना पड़ेगा हम प्रदेश सरकार के इस अतिक्रमण हटाओ अभियान का स्वागत करते हैं।

## अवैध रूप से बिना लाइसेंस के बेचे जा रहे फर्टिलाइजर

नगीना। अवैध रूप से बिना लाइसेंस के बेचे जा रहे फर्टिलाइजर, कीटनाशक के मामले में जिला कृषि अधिकारी डॉ अवधेश मिस्त्र ने गोदाम को 31 जनवरी 2020 को सील कर अग्रिम कार्यवाई शुरू कर दी थी। जिस पर करीब दो वर्ष चार माह बाद जिलाधिकारी द्वारा मुकदमे में मै. राधिका बायोटेक्नॉलॉजी प्रा. लि. आगरा को आदेश पारित करते हुए 25 अप्रैल को गोदाम में बंद जैविक उत्पादों रसायनों की कुल मूल्य 91548 को राजकोष में जमा करा कर उक्त सील किये गोदाम को खोलने का आदेश जारी किया गया। जिसके अनुपालन के किये जिला कृषि अधिकारी डॉ अबधेश मिस्त्र ने राजकोष में जमा की गई राशि की रसीद मिलने पर व गोदाम पर लगी सील का निरीक्षण में सील सही दशा में पाए जाने पर मै राधिका बायोटेक्नोलॉजी प्रा. लि. आगरा के प्रतिनिधि मुख्तियार सिंह पुत्र नटवरलाल पद डिप्टी ब्रांच मैनेजर की उपस्थिति में सील खोलकर गोदाम को सुपुर्दगी एवं अभिरक्षा में दिया गया। मौके पर गोदाम मालिक ओमप्रकाश की पुत्री विनीता शर्मा भी मौजूद रही।

## नगर में बंद पड़े मकान से लाईसेंसी रायफल, कारतूस तथा घरेलू सामान चोरी की घटना का खुलासा

अफजलगढ़, प्रात: किरण संवाददाता

नगर में बंद पड़े मकान से लाईसेंसी रायफल, कारतूस तथा घरेलू सामान चोरी की घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम का उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल,जैन समाज व समाजसेवियों ने सीओ अतुल प्रधान, कोतवाल मनोज कुमार सिंह, कस्बा इंचार्ज अनोखेलाल गंगवार, कांस्टेबल राहुल चैधरी, विकास बाबू तथा सचिन कुमार को शाल ओढ़ाकर स्मृति चिंन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इसके अलावा टीम में शामिल सिपाहियो को भी प्रतीक चिन्ह दिये गये। इसके पूर्व फूलमालाएं पहनाकर पुलिस टीम का स्वागत किया।

नगर निवासी मुनीश जैन के बंद पड़े मकान से लाईसेंसी रायफल, कारतूस तथा घरेलू सामान चोरी हो गया था जिसका खुलासा अफजलगढ़ पुलिस ने रिकॉर्ड समय में कर दिया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल,जैन समाज व समाजसेवियों ने कोतवाल मनोज




कुमार सिंह, कस्बा इंचार्ज अनोखेलाल गंगवार सहित अफजलगढ़ पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का पुलिस पर विश्वास और बढ़ गया है।

और पुलिस की कार्य शैली की सराहना की। सीओ अतुल प्रधान व कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने अपराधियों के खिलाफ इसी तत्परता के साथ निरंतर काम करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर सम्मान समारोह के दौरान पुलिस टीम में सीओ अतुल प्रधान के अलावा कोतवाल मनोज कुमार सिंह,कस्बा इंचार्ज अनोखेलाल गंगवार,एसएसआई दिनेश कुमार शर्मा,कांस्टेबल राहुल चैधरी,विकास बाबू,सचिन कुमार तथा कांस्टेबल शैलेंद्र कान्त आदि रहे। समारोह के आयोजन में समाज सेवी अतुल जैन,भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा,जेके जैन,मनीष जैन,भीम सिंह रावत,रोबिन अग्रवाल,महेश शर्मा,आर एसएस के प्रचारक सतेन्द्र चैहान, जितेन्द्र जैन,नीरव रस्तौगी,लव अग्रवाल, नितिन गोयल, निर्मल चिलवाल,दीपक अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, निक्की वर्मा, प्रवीण अग्रवाल, मनोज अग्रवाल तथा लोकेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## नाली से बाहर अतिक्रमण, तो होगी कार्यवाही: एसडीएम

नजीबाबाद। स्टेशन और रोडवेज के आस पास अतिक्रमण को हटाने के बाद अब नगर के मुख्य बाजारों में अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू हो गया है जिसके चलते दुकानदारों में हड़कंप मच गया और उन्होंने दुकान के बाहर रखे सामान को खुद ही हटाना शुरू कर दिया।बता दें कि प्रशासन ने अतिक्रमण को लेकर पहले ही चेतावनी दे दी थी और अतिक्रमण हटाओ अभियान में सहयोग करने की अपील भी की थी। एसडीएम मनोज कुमार, सीओ गजेन्द्र पाल सिंह नगर पालिका ईओ ने पुलिस बल के साथ नगर के मुख्य बाजारों चैक बाजार कल्लूगंज, मीना बाजार, चैक जगन्नाथ मछली बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान की भनक लगते ही दुकानदारो में भगदड़ सी मच गई और उन्होने दुकान के बाहर रखे सामान को खुद ही हटाना शुरू कर दिया। एसडीएम ने दुकानों के बाहर नाली से आगे अतिक्रमण को चिंहित कर लाल रंग से निशान लगावा दिए और दुकानदारों से अवैध अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई आत्मा शासी निकाय गवर्निंग बोर्ड की बैठक

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता

कलेक्टेज्ट सभागार में कृषि तकनीकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) शासी निकाय (गवर्निंग बोर्ड) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि कृषि किसी उद्यम से कम नही है। उन्होंने कहा कि कृषि को व्यवसायिक खेती में बदलने के लिए किसानो को प्रोत्साहित व जागरूक करने की आवश्यकता है यही किसानो की समृद्धि व उनकी आय दोगुनी करने मे गेम चेंजर साबित होगी। उन्होने कहा कि आने वाले दिनो मे बायर व सेलर (क्रेता व विक्रेता) मीट करायी जायेगी।

सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा (गवर्निंग बोर्ड) बैठक में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि क्लस्टर खेती को बढावा दे तथा कृषक उत्पादक संघ (एफ0पी0ओ0) बनाने की सार्थकता फलीभूत हो इसके लिए कार्य करें। किसानो को उनके उत्पादो का बेहतर मूल्य मिले। उत्पादो



की बेहतर मार्केटिंग हो किसान समृद्ध हो व किसानो की आय दोगुनी हो इसके लिए योजनाबद्व तरीके से कार्य करे। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानो की किस्मत बदलने के लिए सार्थक प्रयास करने होगे। किसानो को भी जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि बायर (क्रेता) खेत पर ही किसानो के उत्पाद खरीदे इसके लिए योजनाबद्व तरीके से कार्य करना होगा तथा क्लस्टर खेती को बढावा देना होगा। उन्होंने कहा कि कृषि विवधीकरण व सहफसली खेती को भी बढावा देने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि विभाग के एसएमएस योगेन्द्र से कहा कि वह गोशालाओ के गोबर के निस्तारण पर कार्य करें। उन्होंने कहा कि किसानो को जैविक खेती के लिए भी प्रोत्सहित किया जाए। किसानो को उनके उत्पाद के लिए मार्केटिंग की समुचित व्यवस्था सरलता से उपलब्ध हो। किसानो को विभिन्न अनुमन्य सरकारी योजनाओ का लाभ मिले। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानो को कृषि क्षेत्र की नयी तकनीकी की जानकारी उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है तथा किसान इस देश की रीढ है। उन्होंने कहा कि देश की तरक्की का रास्ता गांव से होकर जाता है।

## मनु शर्मा बने नगर पालिका परिषद अमरोहा के पैनल एडवोकेट

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी डॉ बृजेश सिंह ने पालिका के विरुद्ध न्यायालय में लड़े जाने वाले मुकदमों की पैरवी हेतू जनपद न्यायालय के अधिवक्ता श्री मनु शर्मा एडवोकेट को अपना पैनल एडवोकेट नियुक्त किया है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद न्यायालय में प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ता मनु शर्मा गत कई वर्षों से विभिन्न बैंकिंग और बीमा संस्थाओं के पैनल अधिवक्ता के रूप में विभिन्न न्यायालयों में उनकी ओर से पैरवी का कार्य कर रहे हैं ।

इसी श्रंखला को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने जनपद न्यायालय में पैरवी हेतु पालिका चेयर पर्सन श्रीमती शशि जैन की सिफारिश पर नगर पालिका परिषद अमरोहा के पैनल अधिवक्ता के रूप में नियुक्ति पाई है । डॉ० बृजेश सिंह अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अमरोहा की ओर से जारी पत्र के अनुसार अब नगर पालिका परिषद के विरुद्ध माननीय जनपद न्यायालय में



योजित वादों की जोरदार पैरवी उनके द्वारा भी की जाएगी ।

उन्होंने बताया कि वह गत कई वर्षों से भारतीय स्टेट बैंक, न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी सहित कई अन्य बीमा कंपनियों आदि के पैनल एडवोकेट हैं ।उनके लिए यह भी एक पेशेवर उपलब्धि के समान है।

## आधा अधूरा पड़ा राजकीय महिला डिग्री कालेज

नजीबाबाद। नगर पालिका परिषद नजीबाबाद में केंद्र सरकार के अल्पसंख्यक मंत्रालय की मल्टी सेक्टोरल डेवलपमेंट स्कीम के अंतर्गत एक राजकीय महिला डिग्री कॉलेज स्थापित होना स्वीकृत हुआ था जिसके लिए नगर पालिका परिषद नजीबाबाद ने अपनी लगभग 13 हजार वर्ग मीटर जमीन निशुल्क उच्च शिक्षा विभाग को दे दी थी और भवन निर्माण के लिए केंद्र ने लगभग 5 करोड की धनराशि स्वीकृत की थी, परंतु भवन निर्माण करने बाली कार्यदायी संस्था ने एक मंजिल का निर्माण लगभग 3 वर्ष पूर्व किया था उसके बाद निर्माण कार्य बंद हो गया जो आजतक अधूरा ही पड़ हुआ है और जो निर्माण हो चुका है,वह भी धीरे धीरे खराब होता जा रहा है और उसमें अब नशेड़ी आवारा और असमाजिक तत्वों का बसेरा होने लगा है जो देर रात तक रहता है।कालेज का अधूरा रहने से सरकार की महत्वपूर्ण योजना को संबंधित विभाग द्वारा फलीता लगाया जा रहा है। अब इस संबंध में अल्पसंख्यक मंत्रालय के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी को भी शिकायत की गई हैं जिस पर उनके मंत्रालय ने अल्पसंख्यक मंत्रालय के निदेशक पवन कुमार को कार्रवाई के दिशा निर्देश दिए हैं।

## भाकियू टिकैत की समीक्षा बैठक राजपुताना वैंकेट हाल में आयोजित की गई



अफजलगढ़, प्रात: किरण संवाददाता

भारतीय किसान यूनियन टिकैत की एक समीक्षा बैठक बादीगढ़ स्थित राजपुताना वैंकेट हाल में आयोजित की गई ।बैठक में जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक मे काफी कार्यकताओं ने भाग लिया। बुधवार को आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह ने ब्लाक के महत्वपूर्ण पदों में हेराफेरी करते हुए मदनराणा को तीन माह के लिए कार्यवाहक ब्लाक अध्यक्ष व जसवीर फौजी को युवा का कायार्वाहक ब्लाक अध्यक्ष व गुरविन्दर सिंह को सचिव बनाया ओर उनसे संगठन के हित में कार्य करने का आह्वान किया गया। इस मौके पर बैठक की अध्यक्षता चैधरी बलजीत सिंह व संचालन संदीप सिंह भुल्लर ने किया। समीक्षा बैठक मे बाहर से आये पदाधिकारी में आए नरदेव सिंह, मोहन सचिव,कुलदीप सिंह डबास,तहसील अध्यक्ष नगीना राजेंद्र सिंह,तहसील अध्यक्ष धामपुर कबीर सिंह,गजेंद्र सिंह, संदीप सिंह भुल्लर,बाबूराम तोमर व दुष्यंत राणा रहे। इसके अलावा चैधरी बलजीत सिंह,विजेंद्र सिंह, मुख्त्यार सिंह,रणवीर सिंह,अतुल शर्मा,परशुराम, गुरप्रीत मिनटा, सोनू सिंह, गुरदेव सिंह,ककंकी, राजेंद्र सिंह गुर्जर,कुलदीप सिंह, गुरविंदर सिंह,सतनाम सिंह, जोगा सिंह, अजय सिंह, अजमेर सिंह, पूरन सिंह, महेंद्र सिंह, देवेंद्र कौशिक, रमेश चंद शेखावत तथा राजपाल सिंह बब्बू आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### थाना नखासा पुलिस द्वारा दो जिला बदर को किया गिरफ्तार

संभल। थाना नखासा क्षेत्र अंतर्गत पुलिस द्वारा चलाए जा रहे हैं संदिग्ध व्यक्ति चेकिंग वाहन एवं अपराधीयो एवं जिला बदर की धरपकड़ अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह पवार थाना नखासा द्वारा गठित पुलिस टीम द्वारा ग्राम दरियापुर राजदेव के जिला बदर को 1.रविंद्र पुत्र सोमपाल निवासी ग्राम दरियापुर थाना नखासा जिला संभल जिलाबदर के घर से ब ग्राम देहपा अड्डे से ग्राम माण्डली समस्तपुर के जिला बदर 2. फुरकान पुत्र किफायत अल्लाह निबासी ग्राम माण्डली समस्तपुर वर्तमान पता एचौडा कम्बौह को ग्राम दहैपा अड्डे से अपर जिलाधिकारी संभल के जिला बदर के आदेश का उल्लंघन करने पर गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार अभियुक्त रविंद्र उपरोक्त के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा गया। गिरफ्तार करने में प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह पवार उप निरीक्षक सतपाल सिंह राष्ट्रीय राजेश कुमार प्रमोद कुमार सन्नी कुमार उपस्थित रहे।

### अवैध असलाह संग दो जिला बदर गिरफ्तार

बछरायूं। पुलिस ने अवैध असलाह संग जिला बदर दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। गुरुवार को पुलिस टीम ने चौपला पर चेकिंग के दौरान दो लोगों को रोककर पूछताछ की। दोनों ने अपनी पहचान आसिफ पुत्र कलवा निवासी मोहल्ला पठियापुरा व शरीफ पुत्र नसीम निवासी काशीराम कालोनी कस्बा बछरायूं बताई। तलाशी लेने पर उनके पास से दो तमंचे व तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए। थाना प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने बताया कि दोनों अभियुक्त जिला बदर हैं। कई मुकदमों में वांछित चल रहे हैं, चालान किया गया है।

### बजट में किसानों को मिली निराशाः प्रमोद नागर

रहरा। भाकियू भानु के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद नागर ने कहा कि वर्तमान के बजट मे सरकार से किसानों को भारी उम्मीद थी। किसान सम्मान निधि जो 6000 मिलती है उसे बढ़ाकर सरकार को 2000 करनी चाहिए थी तथा अपने चुनावी घोषणा में किए गए वादे को कृषकों की सिंचाई के लिए फ्री बिजली मुहैया कराने के लिए बजट में प्रावधान करना चाहिए था जो कि नहीं किया एक बार फिर निराशा हाथ लगी।

### बीसीसीआई की बोर्ड ट्राफी में यूपी की चार टीमें खिलाने की फिर उठी मांग

मेरठ। उत्तर प्रदेश के पूर्व क्रिकेटर्स ने एक बार फिर बीसीसीआई की बोर्ड ट्राफी में प्रदेश की चार टीमों को खिलाने की मांग उठाई है। पूर्व रणजी खिलाड़ी व पूर्व मंत्री मोहसिन रजा की ओर से यह मांग उठाने के बाद प्रदेश भर के क्रिकेटर इसका समर्थन कर रहे हैं। मेरठ के भी पूर्व क्रिकेटरों का कहना है कि प्रदेश की चार टीमों को खेलने का मौका मिलने से हर क्षेत्र से अधिक खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। चार टीमों प्रदेश के चार क्षेत्रों, पश्चिम, उत्तर, पूर्व और मध्य उत्तर प्रदेश में अलग-अलग क्रिकेट एसोसिएशन बनाने की मांग भी की जा रही है। उत्तर प्रदेश के आधी या एक तिहाई जनसंख्या वाले महाराष्ट्र व गुजरात की तीन टीमें खेलती हैं। आंध्र प्रदेश की दो टीमें खेलती हैं।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में सुनवाई एक जुलाई को

**मथुरा, एजेंसी**



उत्तर प्रदेश में इन दिनों वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद के साथ ही भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा की शाही मस्जिद बेहद चर्चा में है। इस शाही मस्जिद को श्रीकृष्ण जन्मभूमि से अलग करने की मांग हो रही है। इसके साथ ही शाही मस्जिद ईदगाह के लाउड स्पीकर बंद कराने की मांग भी जोर पकड़ रही है। मथुरा में श्री कृष्ण जन्मस्थान मामले में शाही मस्जिद ईदगाह हटाने की मांग को लेकर लखनऊ निवासी अधिवक्ता रंजना अग्निहोत्री के वाद पर गुरुवार को सुनवाई थी। अदालत ने इस मामले में आज वाद दर्ज कर लिया है। इसके बाद शाही मस्जिद ईदगाह कमेटी ने याचिका से संबंधित एक प्रति मांगी जो उन्हें उपलब्ध कराई गई अब अगली सुनवाई एक जुलाई को होगी।

मथुरा में श्री कृष्ण जन्मस्थान मामले में शाही मस्जिद ईदगाह हटाने की मांग को लेकर लखनऊ निवासी अधिवक्ता रंजना अग्निहोत्री के वाद पर गुरुवार को सुनवाई थी। अदालत ने इस मामले में आज वाद दर्ज कर लिया है। इसके बाद शाही मस्जिद ईदगाह कमेटी ने याचिका से संबंधित एक प्रति मांगी जो उन्हें उपलब्ध कराई गई अब अगली सुनवाई एक जुलाई को होगी। उधर मथुरा में ही शाही मस्जिद से लाउडस्पीकर को हटाने की मांग काफी जोर पकड़ रही है। मथुरा में श्री कृष्ण जन्मस्थान मामले में वादी दिनेश शर्मा ने गुरुवार को सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में प्रार्थना पत्र दाखिल कर ईदगाह में लाउड स्पीकर से अजान बंद कराने की मांग की है।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि से सटी हुई शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने की मांग करने वाली एक याचिका पर मथुरा के जिला जज ने गुरुवार को पहली बार सुनवाई की। सीनियर डिविजन जज ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए एक जुलाई को अगली सुनवाई तय की। यह याचिका 25 सितंबर 2020 में कोर्ट में दाखिल की गई थी, जो अब करीब दो वर्ष बाद तब कोर्ट में सुनी गई, जब जिला अदालत ने आदेश दिया कि यह याचिका तो कोर्ट में दायर किए जाने योग्य है। जिला अदालत ने गुरुवार 26 मई के आदेश की कापी सभी पक्षों को उपलब्ध करवाने की कवायद भी की और अगली सुनवाई एक जुलाई को करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता रंजना अग्निहोत्री ने भगवान श्रीकृष्ण विराजमान को वादी बनाकर याचिका में दावा किया था कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट की 13.37 एकड़ जमीन के एक हिस्से पर ही मस्जिद का निर्माण किया गया है इसलिए इसे यहां से हटाकर वह जमीन ट्रस्ट को सौंपी जानी चाहिए। इस याचिका को 30 सितंबर 2020 को सिविल जज ने सुनवाई योग्य न मानकर खारिज कर दिया था अब फिर इस पर सुनवाई की जा रही है।

अग्निहोत्री की याचिका पर जिला जज ने 19 मई को आदेश दिया था कि यह याचिकाकर्ता का अधिकार है इसलिए निचली अदालत को सुनवाई के लिए बाध्य होना पड़ा था। याचिका पर जिला कोर्ट ने रिविजन के तहत सुनवाई 18 जनवरी 2021 को तय की थी। तबसे अब तक यानी 20 महीनों के दौरान इसे 36 तारीखों के बाद आज सुनवाई हुई है। याचिकाकर्ता की ओर से वकील हरिशंकर जैन ने कहा कि कोर्ट ने माना है कि याचिकाकर्ता को दावा करने का अधिकार है। अब माना जा रहा है कि इस मामले में शाही ईदगाह मस्जिद की प्रबंधन कमेटी जिला कोर्ट के आदेश को चुनौती देने का कदम उठा सकती है। उधर मथुरा में ही शाही मस्जिद से लाउडस्पीकर को हटाने की मांग काफी जोर पकड़ रही है।

## उप्र का बजट गरीबी से घिरे राज्य के लिये अंधे कुएं के समान है: मायावती

लखनऊ। मायावती ने उत्तर प्रदेश सरकार के गुरुवार को पेश किये गये बजट को घिसापिटा एवं अविश्वसनीय बताते हुए कहा है कि गरीबी और बेरोजगारी से घिरे राज्य के लिये यह बजट किसी अंधे कुएं के समान है। मायावती ने उप्र के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा विधान सभा में बजट पेश किये जाने के बाद इस पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, यूपी सरकार का बजट प्रथम दृष्टया वही घिसापिटा व अविश्वनीय तथा जनहित एवं जनकल्याण में भी खासकर प्रदेश में छाई हुई गरीबी, बेरोजगारी व गड्ढायुक्त बदहाल स्थिति के मामले में अंधे कुएं जैसा है, जिससे यहाँ के लोगों के दरिद्र जीवन से मुक्ति की संभावना लगातार क्षीण होती जा रही है। उन्होंने बजट पर सोशल मीडिया के माध्यम से जारी प्रतिक्रिया में कहा, यूपी के करोड़ों लोगों के जीवन में थोड़े अच्छे दिन लाने के लिए कथित डबल इंजन की सरकार द्वारा जो बुनियादी कार्य प्राथमिकता के आधार पर होने चाहिए थे, वे कहाँ किए गए। स्पष्टतः नीयत का अभाव है तो फिर वैसी नीति कहाँ से बनेगी। जनता की आँख में धूल झोंकने का खेल कब तक चलेगा? गौरतलब है कि खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिये प्रदेश का 6.15 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित व्यय वाला बजट प्रस्ताव विधान मंडल के दोनों सदनों में पेश किया।

# विवेकानंद डोबरियाल के करीबी कानूनगो का फर्जीवाड़ा उजागर

**लखनऊ, एजेंसी**

पूर्व राजस्व कर्मी विवेकानंद डोबरियाल के करीबी और विवादों में चल रहे सरोजनीनगर के तत्कालीन कानूनगो का फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। कानूनगो ने बंथरा निवासी रामकली की करीब दो बीघा जमीन अपने घरेलू नौकर रामसजीवन के नाम करवा ली थी। रामकली को एक ग्राम प्रधान के जरिए बुलवाया गया था। इसके बाद उन्हें झांसे में लेकर कहा गया था कि आपकी जमीन सरकार ले रही है। आपको साढ़े छह लाख रुपये मिलेंगे। रामकली से आशीष मिश्र नाम के युवक की मदद से कागजात पर अंगूठा लगवा लिया गया था। खास बात ये है कि ये सारा फजीर्वाड़ा डिफेंस कारिडोर की जमीन के लिए नोटिफिकेशन जारी होने के बाद किया गया। सरकार ने 12 फरवरी 2021 को नोटिफिकेशन जारी किया, जिसके बाद जमीनों की हेरफेर शुरू कर दी गई। रामकली को साढ़े छह लाख रुपये देने के बाद आरोपितों ने सरकार से 70 लाख रुपये मुआवजा ले लिया। रामकली का आरोप है कि उन्हें इसकी भनक अब तक नहीं लगी थी। पुलिस ने छानबीन की तो पुरा फजीर्वाड़ा उजागर हुआ।

रामकली का आरोप है कि सरोजनीनगर तहसील के तत्कालीन अफसर और कर्मचारियों ने उनके साथ धोखाधड़ी की है। जाली कागजों पर अंगूठा लगवाया और उनकी जमीन हड़प ली। रामकली को वह जमीन पट्टे में मिली थी। सूत्रों का कहना है कि करोड़ों रुपये की जमीनों में ये फजीर्वाड़ा हुआ है। कई किसानों और गरीबों को झांसे में लेकर सरकारी कर्मचारियों ने स्थानीय प्रापर्टी डीलर व भूमाफिया से मिलकर उनकी जमीनें अपने नाम करवाई है। पुलिस अब उन पीड़ितों की तलाश कर रही है, जिनके साथ धोखाधड़ी की गई है।

जांच के घेरे में तत्कालीन कानूनगो भी हैं, जिन्होंने सारा खेल किया था। बताया जा रहा है कि सरोजनीनगर तहसील से जमीनों की खरीद फरोख्त से संबंधित कई फाइलें गायब हो गई हैं। इस संबंध में भी पुलिस छानबीन करेगी। पुलिस तत्कालीन कानूनगो के पैतृक आवास पर काम करने वाले नौकर से पूछताछ की तैयारी कर रही है। नौकर के पास साढ़े छह लाख रुपये कहां से आए और उसके नाम जमीन दर्ज करवाकर 70 लाख रुपये किसने लिए, इस दिशा में पुलिस छानबीन करेगी।

# लखनऊ नगर निगम को भारी नुकसान, अधिकारियों और कर्मचारियों ने किया करोड़ों का घपला

**लखनऊ, एजेंसी**




ट्रांसपोर्टनगर की पार्किंग से नगर निगम को कई करोड़ का चूना लगाने वाले अधिकारी से लेकर कर्मचारियों की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पहला सवाल यह है कि पार्किंग से जुड़े अभिलेख आडिट टीम को क्यों नहीं दिए जा रहे थे। मुख्य नगर लेखा परीक्षक की आडिटर प्रियंका सेठ की तरफ से जोनल अधिकारी आठ को कई पत्र भी लिखे गए थे लेकिन पार्किंगों के अभिलेख नहीं दिए गए। दैनिक जागरण को मिले इस पत्र में कई पार्किंगों से जुड़े अभिलेख मांगे गए थे, जिसमें घपले के कारण चर्चा में आई ट्रांसपोर्ट नगर पार्किंग भी है। अगर अभिलेख दे दिए गए होते तो गड़बड़ी पहले ही पकड़ ली जाती। इस तरह हो रहा था घपला : नगर निगम ने ट्रांसपोर्ट नगर की पार्किंग नंबर दस का ठेका 38 लाख में दिया है, जबकि शेष नौ पार्किंगों का संचालन नगर निगम खुद से ही कर रहा था। इसमें साल भर की वसूली मात्र तीस लाख ही दिखाई गई। सवाल यह है कि मात्र एक पार्किंग का 38 लाख और ठेकेदार भी उसमें लाभ कमा रहा होगा तो नगर निगम के कर्मचारी कुल पार्किंगों से इतनी कम रकम कैसे वसूल रहे थे। हर पार्किंग से पंद्रह से बीस हजार तक की वसूली ही हर माह में दिखाई जा रही थी।

अगर अप्रैल माह की वसूली का चार्ट देखा जाए तो वह चौंकाने वाला है। पार्किंग नंबर एक से 17,500 रुपये, दो से 15350 रुपये, तीन से 37, 500 रुपये, चार से 21800 रुपये, पांच से 21,250 रुपये, सात से 22750 रुपये, नौ से 58200 रुपये, और दस से पचास हजार की वसूली ही दिखाई गई है, जबकि वहां पर पार्किंग शुल्क की वसूली घंटे के हिसाब से की जाती है।

यह था मामला, शासन को भेजी गई रिपोर्ट : सोमवार को अचानक निरीक्षण पर ट्रांसपोर्टनगर पार्किंग स्थल पहुंचे नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी ने यह घपला पकड़ा था, जहां फर्जी रसीदों से शुल्क वसूलने का खेल चल रहा है और अवैध दुकानें संचालित हो रही थीं। इस अनियमिमताओं पर नगर आयुक्त ने जोनल अधिकारी संगीता कुमारी को कारण बताओं नोटिस देने के साथ मुख्यालय से संबंद्ध कर दिया था तो दो कर अधीक्षकों में सुनील त्रिपाठी, केशव प्रसाद, राजस्व निरीक्षक (श्रेणी प्रथम) पीयूष तिवारी, धनीराम तिवारी के निलंबन का बुधवार कोनिदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय को भेजा गया है।

## मोदी सरकार के आठ साल: हाईवे का बिछाया जाल

मेरठ। भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज आठ साल पूरे कर रही है। आठ साल के कार्यकाल में मेरठ के विकास पर नजर डाले तो काफी कुछ बदलाव होता नजर आता है। स्थानीय सांसद राजेंद्र अग्रवाल शहर से लेकर देहात तक विकास के रूप में बदलते चित्र को अपनी बातों से सांझा करते हुए बताते हैं कि केंद्र सरकार की दूर की सोच के कारण मेरठ की आज देशभर में पुख्ता पहचान बन रही है। यहां रैपिड़.रेल कारिडोर का निर्माण कार्य जारी है। शीघ्र ही निर्माण कार्य पूरा होगा और मेरठ से दिल्ली के बीच की दूर घट जाएगी। ऐसे ही दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे बेहतर यातायात का साधन बनकर सामने आया है। कनेक्टिविटी के मामले में मेरठ तेजी से आगे बढ़ा है। उधर, विपक्ष की बात करें तो उनकी नजर में मेरठ का अपेक्षित विकास नहीं हो सका है। कई बार वायदा करने के बाद भी मेरठ से उड़ान शुरू होना सपना ही बना हुआ है और हाईकोर्ट बेंच की मांग भी पूरी नहीं हो सकी है।

# प्रेमी संग लिव-इन में रह रही महिला ने एसएसपी दफ्तर में की आत्मदाह करने की कोशिश

**मेरठ, एजेंसी**



मेरठ में गुरुवार को एसएसपी आफिस में खासा अफरातफरी का माहौल रहा। प्रेमी संग लिव-इन में रह रही एक महिला ने एसएसपी कार्यालय में तारपीन का तेल छिड़ककर आत्मदाह का प्रयास किया। किसी तरह पुलिसकर्मियों ने महिला से तेल की बोतल और माचिस छीनी और उसे हिरासत में ले लिया। महिला थाने से उसे कंकरखेड़ा थाने भेज दिया। कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के नंगला ताशी निवासी 30 वर्षीय महिला का रोहटा रोड स्थित पूठ खास निवासी पति से तलाक हो गया था। तभी से महिला अपने पांच वर्षीय बेटे के साथ किराये के मकान में रहने लगी। इसी बीच महिला की मुलाकात क्षेत्र में रहने वाले एक युवक से हो गई। यह युवक टाइल्स पत्थर लगाने का काम करता है। उसने शादी का झांसा देकर महिला को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। दोनों लिव इन में रह रहे थे। दो साल बीत जाने पर महिला ने युवक से शादी की बात की तो उसने इंकार कर दिया। जिस वजह से उनमें कहासुनी हो गई।

दो सप्ताह पहले महिला ने युवक के खिलाफ कंकरखेड़ा थाने में शिकायत पत्र दिया था। लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। इसी बात से नाराज होकर महिला ने कंकरखेड़ा स्थित एक दुकान से 40 रुपये का तारपीन का तेल खरीदा और एसएसपी ऑफिस लेकर पहुंच गई जिसे पुलिसकर्मियों ने देख लिया। एसपी ट्रैफिक जितेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि महिला उस युवक से शादी की जिद पर अड़ी है। दोनों पक्षों को थाने बुला लिया गया है। उन्होंने आपस में बात करने का समय मांगा है। यदि इसके बावजूद बात नहीं बनी तो महिला की तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी। मेरठ में आइजी कार्यालय के सामने गाड़ी में गंदी बात की सूचना पर पुलिस पहुंच गई। गाड़ी में शिक्षक और उसकी छात्रा थी। पुलिस दोनों को थाने ले गई। उनके स्वजन भी पहुंच गए थे।सिविल लाइंस क्षेत्र में बुधवार दोपहर आइजी कार्यालय के सामने एक नई एक्सयूवी गाड़ी खड़ी थी। उसके शीशे भी काले थे। लोगों को शक हुआ तो उन्होंने आइजी कार्यालय में जानकारी दी। स्टाफ ने थाना पुलिस को बुला लिया। गाड़ी में एक युवक और युवती आपत्तिजनक स्थिति में थे। पूछताछ की तो युवक ने बताया वह एक इंस्टीट्यूट में शिक्षक हैं। युवती उनकी छात्रा है। पुलिसकर्मी दोनों को थाने ले गए। जानकारी पर युवती और युवक के स्वजन भी पहुंच गए। सिविल लाइन थाना प्रभारी रमेश चंद्र शर्मा ने बताया कि युवक शादीशुदा था, जबकि युवती की शादी नहीं हुई थी। दोनों के स्वजन ने उनको जमकर खरी-खोटी सुनाई थी। हालांकि किसी ने भी इस संबंध में कोई तहरीर नहीं दी थी। युवती को उसके स्वजन के सुपुर्द कर दिया, जबकि युवक को भी छोड़ दिया था।

# बाबा बिरयानी के मिलकियत के साक्ष्य मांगता रहा प्रशासन

**कानपुर, एजेंसी**

शत्रु संपत्तियों पर कब्जा करने, उनकी खरीद फरोख्त करने, धोखाधड़ी कर बैंक से लोन लेने और एक संपत्ति का वास्तविक स्वरूप में बदलाव कर बिरयानी रेस्टोरेंट चलाने जैसे आरोप मुख्तार बाबा और उसके बेटे महफूज पर हैं लेकिन मुख्तार इन आरोपों को सिरे से खारिज करता रहा है और संपत्तियों पर अपनी संपत्ति बताता रहा है। हालांकि पिछले डेढ़ साल से जिला प्रशासन इसे सबूत मांग रहा है लेकिन मुख्तार है लगातार जानकारी देने से बच रहा है। रामजानकी मंदिर, दारुल मौला और बशीर स्टेट की तीनों शत्रु संपत्तियों को लेकर तत्कालीन अपर नगर मजिस्ट्रेट ने छह नवंबर 2020 को नोटिस जारी की थी। उस समय जांच अधिकारी ने मुख्तार बाबा और उसके भाइयों को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया था। जिसके मुख्तार से शत्रु संपत्तियों पर उसकी संपत्ति संबंधी सभी दस्तावेज मांगे गए थे। प्रशासन यह जानना चाहता था कि किस तरह से वह इन संपत्तियों पर अपनी दावेदारी कर रहा है। इसके साथ ही उसने बेकनगंज डा. बेरी चौराहा स्थित रामजानकी मंदिर और नालारोड स्थित दारुल मौला की बिल्डिंग पर 1.61 करोड़ रुपये लोन बैंक आफ बड़ौदा से किस आधार पर लिया, यह भी पूछा गया था लेकिन, उसने अपना कोई पक्ष नहीं रखा। इसके बाद तत्कालीन एसडीएम ने मामले की जांच शुरू की। रेस्टोरेंट में जाकर उन्होंने जांच शुरू की और क्षेत्रीय लोगों से भी उनका पक्ष लिया। इस दौरान बाबा और उसका बेटा नदारद रहा। एसडीएम ने 17 नवंबर 2021 को जिलाधिकारी को दी अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट कहा कि मौके पर जाकर जांच की गई लेकिन मुख्तार उसके बेटे और भाइयों ने अपना कोई पक्ष नहीं रखा। फोन पर भी संपर्क करने के उपरांत उसका कोई जवाब सामने नहीं आया। उसे अपना पक्ष रखने के लिए कई अवसर दिए गए लेकिन हर बार वह बचता रहा।

## जयंत राज्यसभा के लिए सपा-रालोद के संयुक्त उम्मीदवार

लखनऊ। राष्ट्रीय लोक दल प्रमुख जयंत चौधरी उत्तर प्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए सपा और रालोद के संयुक्त प्रत्याशी होंगे। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं को बताया कि रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी राज्यसभा चुनाव में सपा और रालोद के संयुक्त प्रत्याशी होंगे। इससे पहले सपा के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर भी इसकी जानकारी दी गई। राष्ट्रीय लोक दल सपा का सहयोगी संगठन है और उसने हाल में संपन्न राज्य विधानसभा चुनाव सपा के साथ मिलकर लड़ा था और उसे आठ सीटें मिली थीं। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश से राज्यसभा की 11 सीटों के लिए आगामी 10 जून को मतदान होगा। सपा ने कांग्रेस के पूर्व वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल और सपा के पूर्व राज्यसभा सदस्य जावेद अली को बुधवार को ही अपना राज्यसभा प्रत्याशी घोषित किया था। दोनों ने कल ही नामांकन भी कर दिया था। उत्तर प्रदेश की 403 सदस्यीय विधानसभा में सपा के 111 सदस्य हैं और वह अपने तीन उम्मीदवारों को आसानी से राज्यसभा भेज सकती है।

# ऊर्जा मंत्री का सख्त निर्देश, प्रदेश में तत्काल लागू किए जाएं बिजली चोरी रोकने के उपाय

### रोज हो रहा 80 करोड़ का घाटा, बिजली विभाग कई दशकों से घाटे में

**लखनऊ, एजेंसी**



प्रदेश में प्रतिदिन की जा रही विद्युत आपूर्ति और बिजली बिल वसूली के अंतर के कारण ऊर्जा विभाग को रोज 80 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। विधान सभा में प्रश्नकाल के दौरान सपा के इकबाल महमूद की ओर से किये गए अनुपूरक प्रश्न पर ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने यह जवाब दिया। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग कई दशकों से घाटे में चल रहा है। विभाग जितनी बिजली की आपूर्ति करता है, उतना पैसा वसूल नहीं पाता है।

बिजली चोरी रोकने के उपायों को सख्ती से लागू कर हम लाइन हानि को 40 प्रतिशत से घटाकर 29 प्रतिशत तक ले आए हैं। इसमें अभी और कमी लाएंगे। उन्होंने बताया कि 5280 मेगावाट अतिरिक्त उत्पादन हो रहा है। पांच पावर स्टेशन पाइपलाइन में हैं। इनके बनने से बिजली उत्पादन क्षमता दोगुनी हो जाएगी। सपा के मनोज पारस की ओर से बड़े बकायेदारों पर नरमी और छोटे बकायेदारों के उत्पीडन के सवाल पर ऊर्जा मंत्री ने तंज किया कि आप अपने बड़े लोगों को बता दीजिए कि हम उनके यहां भी पहुंचने वाले हैं।

कटेहरी में बाईपास नहीं चार लेन सड़क बनेगी : लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा है कि अंबेडकरनगर के कटेहरी क्षेत्र में अब बाईपास नहीं चार लेन सड़क बनाई जाएगी। सपा सदस्य लालजी वर्मा के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इस सड़क की अनुमानित लागत 100 करोड़ रुपये है।

सड़क निर्माण के लिए सरकार के पास 22 से 24 मीटर जमीन उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि पहले यहां बाईपास बनाने की घोषणा हुई थी लेकिन मया बाजार और गोसाईंगंज में नए बाईपास बनने के कारण अब कटेहरी में ट्रैफिक लोड कम हो गया है। इसलिए अब वहां बाईपास नहीं बनाया जाएगा।

## अब धुलेगा बागपत के माथे से डार्क जोन का कलंक

बागपत। बुंदेलखंड बनने की दहलीज पर पहुंचे बागपत को पानीदार बनाने की कवायद तेज हो गई। अब तालाबों तथा नालों से अवैध कब्जा हटाने को बुलडोजर चल रहे। वहीं आम जन को पानी की बबार्दी रोकने एवं बूंदे सहेजने को शपथ दिलाई जा रही। पानी बचाने को सिंचाई का तरीका बदलने को किसानों को जल प्रबंधन का पाठ पढ़ाने का काम चालू हो गया है। बागपत के माथे से डार्क जोन का कलंक धोने को प्रशासन ने सजल बागपत अभियान शुरू किया है। दो सप्ताह पहले डीएम राज कमल यादव के नेतृत्व में दो हजार लोगों का श्रमदान रंग लाया, क्योंकि बुढेडा से हिंडन तक 20 किमी लंबा 700 साल पुराना नाला वजूद में आ गया। इस नाले से दस गांवों के तालाब रिचार्ज होने लगेंगे। अब लूंब गांव का 12 किमी लंबा नाला श्रमदान से बचाने का काम जल्द होगा। बरवाला में तालाब का पाटकर अवैध ढंग से बनाई माफिया यशपाल तोमर की हवेली को बुलडोजर से ध्वस्त की।

# पुलिस ने वांछित अभियुक्तों को देसी तमंचा तथा जिंदा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

**संभल, प्रात: किरण संवाददाता**




थाना नखासा क्षेत्र अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह पवार मय पुलिस टीम के तलाश वांछित अपराधी व गश्त के दौरान थाना नखाशा पर पंजीकृत मुकदमा में चार वांछित अभियुक्त 1.शमीम पुत्र अब्दुल वहीद निवासी ग्राम ताजपुर थाना नखासा जनपद संभल 2. तहसीन पुत्र तस्लीम निवासी ग्राम ताजपुर थाना नखासा जनपद संभल 3.सफीक पुत्र अब्दुल मजीद निवासी ग्राम ताजपुर थाना नखासा जनपद संभल को एक देशी बंदूक 12 बोर मय दो जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ 4.फहीम पुत्र अब्दुल वहीद निवासी ग्राम ताजपुर थाना नखासा जनपद संभल को एक 315 बोर देसी तमंचा व दो जिंदा कारतूस के साथ तथा 1. और अभियुक्त मोनिस पुत्र जरीफ व 2. रिहान पुत्र जाहिद ग्राम ताजपुर थाना नखासा जनपद संभल को ग्राम ताजपुर से गिरफ्तार किया गया ।अभियुक्त शफीक व फहीम से घटना में प्रयुक्त बरामद अवैध असलाह के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना नखासा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। 24 मई को ग्राम ताजपुर में प्रथम पक्ष के शाहिद पुत्र अजीत और द्वितीय पक्ष के शफीक पुत्र अब्दुल हमीद आदि के मध्य प्रेम प्रसंग को लेकर के विवाद हुआ था। इसमें दोनों पक्ष ने थाना नखासा पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसमें प्रथम पक्ष के दो वांछित अभियुक्त और द्वितीय पक्ष के चार वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों का चालान माननीय न्यायालय किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार पवार, उप निरीक्षक उपेंद्र मलिक, उप निरीक्षक सत्यपाल सिंह, हेड कांस्टेबल हरिओम कांस्टेबल राजेश कुमार कांस्टेबल बलराम सिंह कांस्टेबल रवि कुमार आदि शामिल रहे।

**जानकारी** | अयोध्या में 31 मई से मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा, शामिल होंगे योगी आदित्यनाथ

# रामलला के दर्शन से पहले करें देवस्थानम में पूजन-अर्चन

**अयोध्या, एजेंसी**



रामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर तो निर्मित हो ही रहा है लेकिन रामलला के दर्शन मार्ग पर ही द्रविड़ शैली में निर्मित रामलला देवस्थानम पूर्ण हो चुका है। यहां 31 मई से मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। देवस्थानम में श्रीराम, सीता, भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न एवं हनुमान जी के विग्रहों की प्राण-प्रतिष्ठा का अनुष्ठान चार जून तक चलेगा। इसका निर्माण प्रख्यात कथाव्यास एवं रामानुजीय परंपरा के शीर्ष आचार्य जगद्गुरु डा. राघवाचार्य करा रहे हैं। उन्होंने तीन वर्ष पूर्व करीब एक एकड़ परिसर में देवस्थानम का शिलान्यास रामलला की इस प्रार्थना के साथ किया था कि देवस्थानम का निर्माण पूरा होते-होते रामजन्मभूमि पर मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा और आज देवस्थानम की पूर्णता के साथ उनकी यह प्रार्थना भी पूरी भव्यता से फलीभूत हो रही है।

द्रविड़ परंपरा में मंदिर को दिव्य देश कहा जाता है। स्थापत्य की शास्त्रीयता के अनुरूप दिव्य देश में गर्भगृह, अर्द्ध मंडप, पूर्ण मंडप, गोपुरम, राज गोपुरम, गरुड़ स्तंभ एवं बलि पीठ के रूप में मुख्यतया सात प्रखंड होते हैं और देवस्थानम इन सभी प्रखंडों से संयोजित है। राज गोपुरम यानी मंदिर का सिंहद्वार भव्यता और कला का शानदार उदाहरण है। राज गोपुरम पांच तल का है। प्रत्येक तल जय-विजय की प्रतिमा से सज्जित है और 55 फीट ऊंचा संपूर्ण राज गोपुरम अनेक शिखरों-श्रेणियों के साथ भगवान के सभी 24 अवतारों और अनेकानेक देव प्रतिमाओं से सज्जित है। अकेले पूर्वाभिमुख राज गोपुरम ही नहीं गोपुरम यानी मंदिर का उत्तराभिमुख उप द्वार भी भव्यता का पर्याय है। गर्भगृह का शिखर राज गोपुरम से कुछ ऊंचा है।

यहां हुआ था श्रीराम का नामकरण संस्कार : पारंपरिक मान्यता के अनुसार, जिस स्थल पर रामलला देवस्थानम का निर्माण हो रहा है, वहां गुरु वशिष्ठ ने श्रीराम सहित चारों भाइयों का नामकरण संस्कार भी किया था।

मंदिर निर्माण की तीन शैलियां : देश में मंदिर निर्माण की तीन शैलियां हैं। ये हैं, नागर, द्रविड़ और बेसर शैली। उत्तर भारत में प्रचलित नागर शैली के मंदिर का प्रवेश द्वार भव्य लेकिन सादा होता है और उसकी ऊंचाई आरोही क्रम में गर्भगृह की ओर उन्मुख होती है। गर्भगृह के ऊपर बने शिखर से उसे चरम का स्पर्श मिलता है। दूसरी ओर दक्षिण भारत में प्रचलित द्रविड़ शैली के मंदिर गोपुरम यानी प्रवेश द्वार से ही चमत्कृत करते हैं। ये विशालता-भव्यता के साथ कला का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। बेसर शैली के मंदिर में नागर और द्रविड़ शैली का समावेश होता है। इसका विन्यास द्रविड़ शैली का और रूप नागर शैली का होता है।

मृगशिरा नक्षत्र में होगा गर्भगृह का भूमि पूजन : राम मंदिर के गर्भगृह का निर्माण शुरू होने से एक जून को भूमि पूजन होगा। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उप मुख्यमंत्री केशवप्रसाद मौर्य तथा रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारी शामिल होंगे। विहिप के प्रवक्ता शरद शर्मा ने बताया कि राम मंदिर के लिए शिलाओं की तराशी सितंबर 1990 से ही हो रही है।

गर्भगृह के लिए तराशी गई शिला का ही पूजन शुभ मुहूर्त में किया जाएगा। भूमि पूजन की शुरूआत एक जून को सुबह नौ बजे हो जाएगी। यह जयेष्ठ शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि होगी। इस दिन बुधवार पड़ रहा है। वास्तुविद् पं. प्रवीण शर्मा के अनुसार, द्वितीया तिथि वास्तुकर्म, प्रतिष्ठा के लिए सर्वथा अनुकूल होती है।

# रैपिड रेल के लिए जून में शुरू हो जाएगा सुरंग बनाने का काम

**मेरठ, एजेंसी**



मेरठ में रैपिड रेल कारिडोर अंतर्गत मेरठ में भूमिगत स्टेशनों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। जून में गांधी बाग से बेगमपुल की तरफ सुरंग बनाने का काम शुरू हो जाएगा। एमईएस कालोनी ( गांधी बाग ) के पास नार्थ शाफ्ट से बेगमपुल स्टेशन के बीच टनल निर्माण के लिए तीसरी टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) की असेंबलिंग अंतिम दौर में है। मेरठ में रैपिड रेल कारिडोर अंतर्गत मेरठ सेंट्रल, भैंसाली और बेगमपुल तीन भूमिगत रैपिड रेल स्टेशन हैं। इन स्टेशनों को आपस में जोड़ने के लिए कुल तीन जुड़वां समानांतर टनल बनेंगी, जिनमें पहली टनल भैंसाली से मेरठ सेंट्रल (दो किमी) के बीच, दूसरी टनल भैंसाली से बेगमपुल (एक किमी) और तीसरी टनल एमईएस कालोनी के पास के नार्थ शाफ्ट से बेगमपुल (लगभग 700 मीटर) के बीच बनेगी। बेगमपुल और नार्थ शाफ्ट के बीच बनने वाली टनल मेरठ की सबसे छोटी टनल होगी। बेगमपुल स्टेशन से नार्थ शाफ्ट की तरफ जाने वाली रैपिड ट्रेनें रैंप के जरिये एमईएस कालोनी स्टेशन पर एलिवेटेड हो जाएंगी। इस कड़ी में भैंसाली से मेरठ सेंट्रल के बीच टनल बनाने का काम पहले ही शुरू हो चुका है, अब नार्थ शाफ्ट से बेगमपुल की ओर के टनल निर्माण के लिए नार्थ शाफ्ट पर करीब 17 मीटर की गहराई में टीबीएम लांचिंग शाफ्ट बनाया गया है। जिसमें तीसरी टीबीएम की असेंबलिंग चल रही है। जो यहां से बेगुमपुल की ओर की टनल बनाएगी। चौथी टीबीएम भी यहां पर जल्द लांच होगी। टनल का व्यास 6.5 मीटर होगा। टनल निर्माण पूरा होने पर टीबीएम को बेगमपुल में बनाई गई रिट्रीविंग शाफ्ट से बाहर निकाला जाएगा।

# 13वें अंतर्राष्ट्रीय उच्च ऊर्जा सामग्री सम्मेलन व प्रदर्शन-2022 का शुभारंभ

पंचकूला, प्रात : किरण संवाददाता

हाई एनर्जी मैटेरियल्स सोसाइटी ऑफ इंडिया, चंडीगढ़-दिल्ली चैप्टर द्वारा टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी, चंडीगढ़ के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय 13वें अंतर्राष्ट्रीय उच्च ऊर्जा सामग्री सम्मेलन और प्रदर्शन, एचईएमसीई-2022 का उद्घाटन आज मुख्य अतिथि डॉ जी सतीश रेड्डी सचिव, रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग और डीआरडीओ के अध्यक्ष ने टी.बी.आर.एल. रेंज, रामगढ़, पंचकुला में किया गया।

डॉ पीके मेहता, डीएस और महानिदेशक आयुध, डॉ बीएचवीएस नारायण मूर्ति, डीएस और महानिदेशक मिसाइल और सामरिक प्रणाली और डॉ ए राजराजन, डीएस और निदेशक, सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र-शार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया।

इस अवसर पर, डॉ जी सतीश रेड्डी ने अपने संबोधन में कहा कि एचईएमसीई-2022 जैसा सम्मेलन ऊर्जावान सामग्री में प्रगति में ज्ञान और अनुभव को साझा करने के लिए एक आदर्श मंच है, जिसे सफल प्रौद्योगिकियों का नेतृत्व करना चाहिए।



● इस मेगा इवेंट में 100 से अधिक भारतीय अकादमिक प्रतिनिधि और डीआरडीओ, डीएई, इसरो, सीएसआईआर, सेवाओं के 600. वैज्ञानिक समुदाय भाग ले रहे हैं।

सहयोगात्मक अनुसंधान एवं विकास आगे का रास्ता है।

डीआरडीओ - उच्च ऊर्जा सामग्री और शॉक एंड डेटोनिक्स में उत्कृष्टता केंद्र की योजना आईआईटी में शिक्षा की क्षमता का दोहन करने के लिए बनाई गई है। उद्योग, एमएसएमई और स्टार्ट अप प्रौद्योगिकी विकास कोष के माध्यम से विकास के प्रयासों में शामिल हैं। डीआरडीओ पेटेंट भारतीय उद्योग के लिए बिना किसी कीमत के उपलब्ध हैं।

डॉ. केपीएस मूर्ति, निदेशक एचईएमआरएल पुणे और अध्यक्ष एचईएमएसआई ने भारत की तकनीकी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में एचईएमएसआई की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि उद्योग की भागीदारी जबरदस्त है और उनकी प्रतिक्रिया आर. एंड डी. चरण में दैनिक भाग लेने और निर्बाध तरीके से उत्पादन के लिए तैयार होने के उद्देश्यपूर्ण सहयोगात्मक प्रयासों के लिए प्रदान करती है। इस मेगा इवेंट में 100 से अधिक भारतीय अकादमिक प्रतिनिधि और डीआरडीओ, डीएई, इसरो, सीएसआईआर, सेवाओं के 600. वैज्ञानिक समुदाय भाग ले रहे हैं। सम्मेलन के लिए रूस, जर्मनी, चेक गणराज्य, इजराइल आदि सहित 10 से अधिक देशों ने पंजीकरण कराया है।

यह सम्मेलन उच्च ऊर्जा सामग्री से संबंधित रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में चर्चा करने, अनुसंधान कार्य साझा करने और वैज्ञानिक ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए एक साझा मंच प्रदान करेगा। 70 से अधिक संस्थानों के प्रतिनिधि, 50 उद्योग भागीदार प्रदर्शक के रूप में उच्च ऊर्जा सामग्री और संबंधित प्रौद्योगिकियों से संबंधित अपने काम का प्रदर्शन करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### पाईप चुराते हुए दो चोरों को किया पुलिस के हवाले

पुन्हाना। पुन्हाना दल्लाबास गांव के पास रखे जनस्वास्थ्य विभाग के पाइपों को चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। विभाग के जेई ने मौके से दोनों चोर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया पुलिस ने विभाग के जेई की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में जनस्वास्थ्य विभाग के जेई मुफीद खान ने बताया कि वो और विभाग के ठेकेदार दल्लाबास गांव में रखे पाइपों को चेक करने के गए तो वहां पर अरमान व राय खान निवासी पुन्हाना पाईप को चोरी कर टैंपो में रख रहे थे। आरोपियों ने तीन पाइप टैंपो मे रख लिये थे। दोनों आरोपियों को अपने साथियों की मदद से पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुन्हाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### चोरी की बाइक सहित बाईक चोर गिरफ्तार

पुन्हाना। बाईक की नंबर प्लेट बदलकर चोरी की बाइक को चलाने के आरोप में पुलिस ने एक बाईक चोर को बाईक सहित गिरफ्तार किया है। बाइक चोर की पहचान बडेड गांव निवासी राशिद पुत्र ईसब के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक डोंडल पुलिस नाका पर पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी तभी मानौता गांव की और से आ रही एक बाइक को पुलिस कर्मचारियों ने रुकवाया और बाइक के कागजात मांगे। लेकिन बाइक सवार बाइक के कोई भी कागजात पेश नहीं कर सका। पुलिस ने बाइक के चेचिस नंबर से जांच की तो बाइक चोरी की निकली। पुलिस ने आरोपी को बाईक सहित गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया है।

### तावडू में व्यक्ति ने लगाया खोखे में आग लगाने का आरोप, मामला दर्ज।

तावडू। उपमंडल के गांव शिकारपुर निवासी 1 व्यक्ति ने अपने ही गांव के 1 व्यक्ति पर उसके खोखे में आग लगाने का आरोप लगाया है। इस आग से उसके खोखे में 50-60 हजार रूपए का नुकसान हो गया। पुलिस ने खोखा मालिक की शिकायत पर नामजद व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव शिकारपुर लिनवासी साहून ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसने तावडू बाईपास पर हयात होटल के सामने चाय व परचून के सामान की दुकान खोली हुई है। गत 23 मई को उसी के गांव का जुबेर ने उसकी दुकान पर आकर उसके साथ कहासुनी की व धमकाकर गया था कि उसे बर्बाद कर दूंगा। अगले दिन वह अपनी दुकान बंद करके अपनी रिश्तेदारी में चला गया। मौका देखकर जुबैर ने रात 10 बजे के लगभग उसके खोखे में आग लगा दी। जिस कारण उसका सारा सामान जिसमें 1 एलसीडी, फ्रीज, गैस चूल्हा व परचून का सामान जलकर राख हो गया। जिससे उसका लगभग 50-60 हजार रुपए का नुकसान हो गया। पुलिस ने साहून की शिकायत पर जुबेर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# विधायक सुधीर सिंगला ने किया राजकीय कन्या कालेज का निरीक्षण



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

● आगामी 29 मई को मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे उद्घाटन

गुरुग्राम सेक्टर-52 स्थित राजकीय कन्या कालेज का आगामी 29 मई 2022 को मुख्यमंत्री मनोहर लाल उद्घाटन करेंगे। इसके लिए गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने गुरुवार को निरीक्षण किया और वहां अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। 29 मई को गुरुग्राम में कोर्ट के सामने की पार्किंग में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जिला स्तरीय प्रगति रैली आयोजित की जा रही है। जिसकी तैयारियां जोरों पर है। इसी रैली स्थल से मुख्यमंत्री मनोहर लाल सेक्टर-52 के राजकीय कन्या महाविद्यालय का वर्चुअली उद्घाटन भी करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम में विकास कार्यों की झड़ी लगा रखी है। हर तरफ काम चल रहे हैं। आगे भी कार्य जारी रहेंगे। इस रैली के माध्यम से भी मुख्यमंत्री विकास कार्यों की घोषणा करेंगे। उन्होंने गुरुग्राम की जनता से अपील की है कि इस रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल के विचार सुनें। इस निरीक्षण के दौरान विधायक के साथ एसडीएम सतीश यादव, सीटीएम दर्शन यादव, पार्षद मनीष वजीराबाद, सीएम विंडो के एमिनेंट सदस्य अमित गोयल, प्राचार्या मोहम्मद रफीक, सहायक प्रोफेसर डा. अशोक कुमार यादव, एसोसिएशन प्रोफेसर सुंदर सिंह, एक्सईएन विकास शर्मा, जेई सूरज प्रकाश, जेई केशव जेई, एसडीओ कृष्ण कुमार, सुनील मेंबर समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# तजिन्द्र खरबन्दा ने नगर निगम चुनाव न लड़नें का लिया फैसला

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता




तजिन्द्र खरबन्दा की कोर कमेटी की मीटिंग चुनाव प्रभारी हरीश चन्द्र आजाद की अध्यक्षता में समपन्न हुई, जिसमें तजिन्द्र खरबन्दा ने नगर निगम चुनाव न लडने. के फैसले के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने इसका कारण बताते हुए कहा कि हाई कोर्ट ने फैसला लिया है कि अधूरे पड़े केस जल्द से जल्द निपटाये जाएं क्योंकि जिसकी वजह से मेरा कार्यभार अधिक हो गया है। मुझे लगता है कि शायद मैं समाज को इतना समय न दे पाऊं। इसलिए मैंने नगर निगम चुनाव न लडने. का निर्णय लिया है। तजिन्द्र ने कहा कि अगर मैं अब भी चुनाव लड़ता हूँ तो मैं अपने वार्ड की जनता और उनके द्वारा दी जाने वाली एक - एक कीमती वोट के साथ अन्याय करूँगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि बेशक मैं चुनाव नहीं लड़ रहा लेकिन समाज के कार्य इसी लगन व जुनून के साथ करता रहूँगा। अंत में उन्होंने अपने समर्थकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि मैं आप सब का आभारी हूँ कि आप लोगों ने मुझे पार्षद उम्मीदवार के योगय समझते हुए चुनाव लडने. के लिए प्रेरित किया। इसलिए मैं अपने वार्ड निवासियों को वादा करता हूँ कि अगले चुनाव जरूर लडूंगा। सभा के अंत में प्रभारी हरीश चन्द्र आजाद ने तजिन्द्र खरबंदा के फैसले की सराहना करते हुए कहा कि आप जैसे सच्चे समाजसेवकों की समाज को जरूरत है इसलिये हम उम्मीद करते हैं कि अगले चुनावों में आप और ज्यादा मजबूती से लड़ेगें। आज की सभा में हरीश चन्द्र आजाद, अजय खरबंदा, सतीश नागपाल, पकंज खरंबदा व मनोज उपस्थित थे ।

# दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को सक्षम बनाना सरकार का ध्येय : राजेश नागर

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में सरकार के सहयोग से दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को दिए जाने वाले कृत्रिम उपकरणों के पंजीकरण को लेकर वीरवार को तिगांव स्थित वृंदावन गार्डन में जांच माप पंजीकरण कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजेश नागर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला आयोग की चेयरमैन रेनू भाटिया मौजूद रही। कैम्प का उद्घाटन करते हुए विधायक राजेश नागर ने कहा कि दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को सक्षम बनाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रयासरत्त है और इस कार्यक्रम के तहत फरीदाबाद में 10 हजार से अधिक दिव्यांगों एवं वरिष्ठ नागरिकों को कृत्रिम उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। जिसके लिए हर विधानसभा में पंजीकरण कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है। जो भी जरूरतमंद बुजुर्ग एवं दिव्यांग सरकार की इस योजना का लाभ उठाना चाहता है, यहां पर पंजीकरण करा सकता है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थि रही हरियाणा महिला आयोग की चेयरमेन रेनू भाटिया ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि सभी दिव्यांगजनों को हम वह वैकल्पिक हर संसाधन उपलब्ध करवा सके, जिससे वे स्वयं आत्मनिर्भर होकर अपने परिवार का लालन-पालन कर सकें। इससे एक सशक्त भारत के निर्माण में अपना सहयोग करें। जो रेडक्रॉस सोसाइटी समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है और जल्द ही फरीदाबाद को दिव्यांगजन मुक्त बनाने का संकल्प पूरा किया जाएगा। इस मौके पर भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को के पदाधिकारी हरीश लाल, राजेश दास, डॉक्टर एमपी सिंह, संयोजक विमल खंडेलवाल, रेडक्रॉस सोसाइटी के उप अधीक्षक पुरुषोत्तम सैनी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और बुजुर्ग तथा दिव्यागजन उपस्थित थे।



● सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं : रेनू भाटिया

# राजस्थान में तीन हजार का इनामी बदमाश हथियार सहित गिरफ्तार

होडल, प्रात : किरण संवाददाता

होडल सीआइए पुलिस ने एक युवक को अबैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पकडे गए युवक पर राजस्थान पुलिस द्वारा लूट के मामले में तीन हजार रुपये का इनाम भी घोषित है। इसके अलावा युवक पुलिस के साथ मुठभेड के मामले में भी लिप्त है। पुलिस ने पकड़े गए युवक को अदालत में पेश करके रिमांड पर ले लिया है।

जांच अधिकारी हनीश खान ने जानकारी में बताया कि उन्हें मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि गांव कोर्ट निवासी शाबिर हथियार लेकर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सीआइए की टीम ने पुन्हाना मोड पर पहुंचकर शाविर को हथियार सहित हिरासत में ले लिया। पुलिस ने जब शाबिर की तलाशी ली तो उसके पास से देशी कट्टा बरामद किया। पुलिस शाबिर को अपने साथ सीआइए कार्यालय में ले आई। पुलिस ने जब शाबिर से पूछताछ की तो पूछताछ में पता चला की शाबिर 2005 में राजस्थान भरपुर में हुई लूट के मामले में लिप्त है और राजस्थान पुलिस ने उसपर तीन हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ है।



इसके अलावा पूछताछ में शाबिर ने बताया कि गांव उटावड में पुलिस के साथ हुई मुठभेड में भी शाबिर सामिल है और उसके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज है। पुलिस ने पकडे गए शाबिर को अदालत में पेश करके रिमांड पर ले लिया है।

# अमृत महोत्सव के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए किया प्रेरित

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

फरीदाबादः पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए स्टूडेंट पुलिस कैडेट प्रभारी इंस्पेक्टर सविता की अगुवाई में फरीदाबाद के गांव सीही स्थित सरकारी स्कूल पहुंचकर छात्र छात्राओं को सड़क दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक करते हुए किताबें वितरित की।

इस अवसर पर उनके साथ ट्रैफिक ताऊ विरेंद्र तथा दुर्गा शक्ति की टीम मौजूद रही। वहीं स्कूल की तरफ से दुर्घटना प्रिंसिपल रमेश चंद्र तथा शिक्षक नीरज, भारती गोयल, दिशा शालिनी, प्रियंका, सुमन, सोनी तथा मीनाक्षी भी उपस्थित रहे। इंस्पेक्टर सविता की टीम ने स्कूल में पहुंचकर वहां पर मौजूद छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया और बताया कि किशोरावस्था में नवयुवकों के अंदर बहुत ज्यादा जोश रहता है जिसकी वजह से वह हर काम जल्दी-जल्दी पूरा करना चाहते हैं और इसीलिए सड़क पर यात्रा करते समय वह बहुत तेज स्पीड में वाहनों को चलाते हैं और सड़क सुरक्षा यंत्रों का उपयोग भी नहीं करते।



नवयुवक सड़क सुरक्षा नियमों का पालन न करने की वजह से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बिल्कुल नहीं सोचते और अपनी मर्जी से वाहनों को सड़कों पर दौड़ते हैं जिसकी वजह से गंभीर सड़क दुर्घटनाएं घटित हो सकती हैं। महिला हेल्पलाइन 1091, साइबर अपराधों से संबंधित शिकायतें 1930 और बच्चों से संबंधित किसी भी अपराध के लिए वह 1098 पर संपर्क कर सकते हैं। इसी के साथ इस जागरूकता कैंपेन का समापन किया गया जिसमें बच्चों द्वारा पूरी पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया।

# जिला में जल संरक्षण के लिए अन्य विभागों के साथ मिलकर काम करेगी अटल भुजल योजना : डीसी

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

डीसी जितेन्द्र यादव ने कहा कि भूजल की चुनौतियों और उन चुनौतियों का समाधान करने की कोशिश कर रही अटल भुजल योजना के बारे में जोर दिया जा रहा है। जल प्रबंधन योजनाओं जैसे सूक्ष्म सिंचाई छिडकाव और ड्रिप सिंचाई तथा फसल विविधीकरण को शामिल किया गया है।

इसी तरह जल पंचायत में भूजल पुनर्भरण के लिए आपूर्ति पक्षीय प्रबंधन योजना जैसे तालाब कायाकल्प, चेक-डैम, सोक-पिट, वर्षा-जल संचयन की योजना बनाई गई है। इन्हें प्राप्त करने के लिए जिला में उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए अन्य आपसी बेहतर तालमेल करके विभाग मिलकर काम करेंगे। सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता राजीव कुमार बत्रा ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अटल भुजल योजना के जिला में कार्यान्वयन भागीदार मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च स्टडीज के साथ तालमेल करके पाखल ग्राम पंचायत में जल पंचायत का आयोजन किया गया। भूजल की चुनौतियों और उन चुनौतियों का समाधान करने की कोशिश कर रही अटल भुजल योजना के बारे में जोर दिया गया। उन्होंने उन योजनाओं पर जोर दिया जिन्हें भूजल उपयोग के मांग पक्ष प्रबंधन और आपूर्ति पक्ष प्रबंधन दोनों पर जिला कार्यान्वयन भागीदार द्वारा तैयार की गई, जल सुरक्षा योजनाओं में शामिल किया जाना है।



● जल पंचायत में भूजल पुनर्भरण के लिए आपूर्ति पक्षीय प्रबंधन योजना जैसे तालाब कायाकल्प, चेक-डैम, सोक-पिट, वर्षा-जल संचयन की योजना बनाई गई है।

उपस्थित गणमान्य सदस्यों द्वारा मांग पक्ष प्रबंधन योजनाओं जैसे सूक्ष्म सिंचाई (छिडकाव और ड्रिप सिंचाई) और फसल विविधीकरण को शामिल किया गया है। इसी तरह जल पंचायत में भूजल पुनर्भरण के लिए आपूर्ति पक्षीय प्रबंधन योजना जैसे तालाब कायाकल्प, चेक-डैम, सोक-पिट, वर्षा-जल संचयन की योजना बनाई गई है। अटल भुजल योजना के बारे में जोर दिया।

जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के विशेषज्ञों की टीम आतिश एक्का और प्रमोद कुशवाहा के साथ डीआईपी टीम समन्वयक सुश्री स्नेहा राय व उनकी टीम के सदस्य अमित, राहुल पांडे, रवि परमार और देवेंद्र जल पंचायत की सुविधा के लिए उपस्थित थे।

# प्रवेश उत्सव को लेकर स्कूली बच्चों द्वारा निकाली रैली

गुरुदत्त भारद्वाज, प्रात : किरण संवाददाता




पुन्हाना बच्चों को स्कूल तक लाने के लिए नीति आयोग द्वारा चलाए जा रहे आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत उपमंडल के बीसरू व गंगवानी गांच के स्कूल के बच्चों द्वारा जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से बच्चों व उनके परिजनों को शिक्षा का महत्व बताया इसके अलावा प्रदेश सरकार की ओर से दी छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति व अन्य योजनाओं को बारे में भी जानकारी दी।

प्रवेशोत्सव रैली को संकुल प्रभारी नरेश कुमार के मार्गदर्शन में प्राथमिक विद्यालय के हेड मास्टर जुबेर अहमद सहित समस्त शिक्षकगण, कदम सेंटर के अध्यापक सहित आंगनवाड़ी वर्करों के साथ मिलकर पीरामल फाउंडेशन एजुकेशन के प्रोग्राम लीडर चंदन वर्मा व गांधी फेलो दुर्गेश सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान फाउंडेशन के अधिकारियों ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बच्चों को स्कूल में प्रवेश कराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि जिन बच्चों के स्कूल में दाखिले नहीं है उनका स्कूल में दाखिला कराएं। इसके साथ ही सरकारी स्कूलों में छात्रों को मुहैया करायी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी अवगत कराया गया, अभिभावकों, ग्राम वासियों को सरकारी स्कूलों में बच्चों के लिए सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न छात्रवृत्ति व अन्य योजनाओं के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी दी, साथ ही अभिभावकों से ये भी अपील की कि वो प्रतिदिन अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें जिससे उसके अंदर शिक्षा को लेकर रुचि बनी रहे। कोरोना महामारी के बाद से लड़कियों के सरकारी स्कूलों में दाखिलों में आई कमी को ध्यान में रखते हुए इस विषय को रैली में प्रमुखता से रखा गया कि एक-एक बच्चियों का माता-पिता स्कूलों में दाखिला जरूर कराये, ये विषय शिक्षा विभाग व सरकार (नीति आयोग) दोनों के लिए बहुत चिंता का विषय बना हुआ है कि कैसे दोबारा से उन सभी बच्चियों को स्कूल लाया जाये जो कोरोना काल मे किन्हीं कारणों से दूर हो गयीं।

**जागरूकता**

● स्लोगन लिखी पट्टियों व नारो से साथ ग्रामीणों को किया जागरूक

रैली से पूर्व समस्त आंगनबाड़ी, कदम सेंटर, विद्यालय के शिक्षक गण व पीरामल फाउंडेशन (कैवल्य एजुकेशन फाउंडेशन) के टीम ने एक बैठक भी की, जिसमे निपुण भारत मे निर्धारित लक्ष्यों को पाने के लिए योजना बनाई गई, जिसमें सभी एक दूसरे के सहयोगी बनकर कार्य करने और लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए योजना बनाई।

### प्रतियोगिता में द्वितीय आने वाली छात्रा को किया सम्मानित

**होडल।** पुन्हाना मोड के निकट स्थित राजकीय महाविद्यालय में गुरूवार को विजेता छात्रा का सम्मान किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अनिल कुमार ओझा ने राजकीय महाविद्यालय खेड़ी गुजरान, फरीदाबाद में संपन्न इंटर कॉलेज प्रतियोगिता पर्यावरण विषय पर प्रस्ताव लेखन में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा का सम्मान किया। कला स्नातक तृतीय वर्ष की छात्रा रेशमा ने प्रस्ताव लेखन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उपरोक्त प्रतियोगिता में फरीदाबाद पलवल से अनेक महाविद्यालयों ने भाग लिया था। राजकीय महाविद्यालय होडल के विद्यार्थियों ने भी अनेक प्रतियोगिता में बढ़-चढकर भाग लिया था। इस अवसर पर प्राचार्य ने विजेता छात्रा को उसके उज्जवल भविष्य के लिए शुभ शुभकामनाएं दी और बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि हमें महाविद्यालय में होने वाली गतिविधियों में चढकर भाग लेना चाहिए। इन गतिविधियों में भाग लेने से ही हमारा डर और झिझक खत्म हो जाती है। हम मंच पर पहुंचकर ही अपनी बात को रख सकते हैं। भूगोल विभाग के अध्यक्ष विजेंद्र ने विद्यार्थियों को भूगोल विषय में किस प्रकार अपना भविष्य बना सकते हैं।

# कागजों में विकास करके लोगों को गुमराह कर रही है भाजपा सरकार : ओमपाल टोंगर

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

आगामी 29 मई को कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाली आम आदमी पार्टी की रैली को सफल बनाने के लिए जिले के आप नेताओं ने एड़ी चोटी का जोर लगाना शुरू कर दिया है। आप नेता शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोगों को इस रैली में आने का न्यौता दे रहे है।

इसी कड़ी में आज बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता ओमपाल टोंगर ने अपने कार्यालय पर कार्यकताओं की बैठक ली और उन्हें रैली के संबंध में जिम्मेवारियां सौंपी और उनसे आह्वान किया कि बल्लभगढ़ क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग कुरुक्षेत्र कूच करेंगे।

इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए ओमपाल टोंगर ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से आमजन बुरी तरह से दुखी हो चुका है, महंगाई और भ्रष्टाचार ने तमाम रिकार्ड ध्वस्त कर दिए, लेकिन सरकार कागजों में विकास करके लोगों को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि मात्र 10 महीनों में फरीदाबाद में भाजपा का फाईव स्टार कार्यालय तो बनकर तैयार हो गया, लेकिन शहर की टूटी सडकें, पानी की समस्या आदि का अभी तक समाधान नहीं हुआ है। भाजपाईयों की स्वयंभू स्मार्ट सिटी को देखकर आज हर जिलेवासी का मन अंदर ही अंदर भाजपा को कोस रहा है। शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण हर जगहों पर सडकों में गडढ्े नहीं बल्कि गड्ढों में सडकें है।



उन्होंने कहा कि मानसून से पहले ही एक घंटे की बरसात ने सरकार और निगम प्रशासन के सभी दावे झुठला दिए, पूरा शहर जलमग्र हो गया, लेकिन भाजपा के मंत्रियों व विधायकों के निवास व कार्यालयों के आसपास पानी नहीं भरा, जो इस सरकार की दोहरी नीति को दशार्ता है।

इस मौके पर संदीप चेयरमैन, धर्मेन्द्र, महेश, विक्की, सन्नी, इमरान, बबूल, शिवा, लक्ष्य, मोनू, रेखा, शाहिदान खान, राजदाई, सविता देवी, लच्छो देवी, रानी कुमारी सहित अनेकों आप कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें



### गोवा सरकार आईटी उद्योग के लिए श्रमशक्ति की उपलब्धता पर ध्यान देगी: मंत्री

पणजी। गोवा के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रोहन खुंटे ने कहा कि राज्य सरकार श्रमशक्ति की उपलब्धता और क्षेत्र विशेष के उद्योग की आवश्यकताओं के बीच जो अंतराल है उसे पाटने का काम करेगी। पणजी में आयोजित एक सत्र की अध्यक्षता करने के दौरान खुंटे ने अकादमिक क्षेत्र के लोगों, आईटी उद्योग और सरकारी अधिकारियों से कहा कि वे उद्योग की जरूरतों और मानव संसाधन के बीच जो दूरी है उसे समझने का प्रयास करें। उन्होंने कहा, इस अंतर को पाटने के लिए सभी हितधारकों को भरोसे में लेकर समाधान निकाला जाएगा। हम आईटी क्षेत्र में और निवेश आमंत्रित कर रहे हैं, वहीं हमें यह भी समझना होगा कि उस जरूरत को पूरा करने के लिए हमारे पास कुशल मानव संसाधन हैं या नहीं।

### एनआरएल ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 2.5 करोड़ रुपये दिए

गुवाहाटी। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) ने बाढ़ग्रस्त असम में राहत प्रयासों में मदद देने के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में 2.5 करोड रुपये दिए हैं। एनआरएल ने बृहस्पतिवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि कंपनी के प्रबंध निदेशक (प्रभारी) भास्कर ज्योति फुकान ने हाल में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा को औपचारिक रूप से चेक सौंपा। इसमें बताया गया कि राज्य में बाढ़ के कारण बड़े पैमाने पर हुई क्षति को देखते हुए और इससे निपटने में सरकारी मशीनरी की मदद करने की खातिर एनआरएल ने यह आर्थिक मदद की है। मुख्यमंत्री सरमा ने संकट की घड़ी में एनआरएल के योगदान की सराहना की।

### ट्विटर के शेयरधारकों की बैठक, कंपनी के अधिग्रहण को लेकर नहीं हुआ मतदान

न्यूयॉर्क। ट्विटर के शेयरधारकों की बुधवार को हुई नियमित बैठक में उद्योगपति एलन मस्क के इस कंपनी को खरीदने के 44 अरब डॉलर के सौदे को लेकर मतदान नहीं हुआ। ट्विटर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पराग अग्रवाल ने बैठक शुरू होने पर कहा कि ट्विटर को खरीदने के प्रस्ताव संबंधी सवालों के जवाब अधिकारी नहीं देंगे। ट्विटर के सबसे बड़े शेयरधारक होने के नाते मस्क भी इस बैठक में आ सकते थे लेकिन वह इसमें शामिल नहीं हुए। यह भी नहीं बताया गया कि सौदे को लेकर शेयरधारक मतदान कब करेंगे। टेस्ला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने हाल में कहा था कि ट्विटर को खरीदने का उनका सौदा तब तक आगे नहीं बढ़ सकता, जब तक कि कंपनी सार्वजनिक रूप से इस बात के सबूत नहीं दिखाती है कि उसके मंच पर फर्जी या स्पैम खाते पांच प्रतिशत से कम हैं।

# बच्चों को सैटेलाइट कोडिंग में सक्षम बनाने को व्हाइटहैट जूनियर व एंडुरोसैट ने किया सहयोग

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




व्हाइटहैट जूनियर हमेशा अपने छात्रों को नए शिक्षा अनुभव तथा अभिनवता प्रदान करना चाहता है। इस बार अपने छात्रों को अंतरिक्ष अन्वेषण एवं अंतरिक्ष विज्ञान में ज्यादा जानकारी प्रदान करने हेतु एक लाइव सैटेलाइट का उपयोग किया जाएगा। अयाना नामक उपग्रह को प्रमुख अंतरिक्ष सेवा संगठन एंडुरोसैट द्वारा व्हाइटहैट जूनियर टीम के इनपुट और विशेषज्ञता के साथ विकसित किया गया है। अयाना स्पेसएक्स फाल्कन 9 राइडशेयर रॉकेट द्वारा ले जाए गए पेलोड का हिस्सा था, जिसे 25 मई को 18:35 जीएमटी पर केप कैनावेरल, फ्लोरिडा, यूएसए से लॉन्च किया गया था। यह अपनी तरह का बिल्कुल नया अनुभव होगा जहां हजारों छात्र अंतरिक्ष में काम कर रहे एक लाइव सैटेलाइट को कमांड भेज सकेंगे तथा उससे डाटा प्राप्त कर सकेंगे।

'अयाना' व्हाइटहैट जूनियर के कोड ए सैटेलाइट कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसे व्हाइटहैट जूनियर छात्रों को 'अयाना' सैटेलाइट की मदद से अंतरिक्ष को समझने तथा कुछ नई खोज करने के लिए डिजाइन किया गया था। 'अयाना' सैटेलाइट का इस्तेमाल करने से पहले छात्रों को कोडिंग की बुनियादी समझ होनी चाहिए तभी वह इस कार्यक्रम का पूर्णतया उपयोग करने में सक्षम होंगे। सभी छात्रों को निम्नलिखित अनुप्रयोगों को करने का एक अनूठा अवसर प्राप्त होगा:

**अवसर**

- अयाना नाम का ये सैटेलाइट, स्पेसएक्स फाल्कन 9 राइडशेयर रॉकेट द्वारा अंतरिक्ष में 25 मई को 18:35 जीएमटी पर केप कैनावेरल, फ्लोरिडा, यूएसए से लॉन्च किया गया

- एक शानदार 90-डिग्री कैमरे के माध्यम से रियल टाइम में अयाना सैटेलाइट की यात्रा को ट्रैक और मॉनिटर करें
- पृथ्वी के परिदृश्य और मौसम का निरीक्षण करें
- पावर और सन सेंसर वैल्यू के बीच संबंध को समझने के लिए ग्राफ को देखना
- सेंसर वैल्यू में कुछ बदलाव के द्वारा सैटेलाइट के व्यवहार को समझना

इस पहल के बारे में बोलते हुए, व्हाइटहैट जूनियर सीईओ अनन्या त्रिपाठी ने कहा, हम हमेशा सीमाओं से परे जाकर रचनात्मकता, अन्वेषण और इनोवेशन में विश्वास करते हैं। सैटेलाइट और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को अक्सर छात्रों की पहुंच से बाहर माना जाता है। 'कोड ए सैटेलाइट प्रोग्राम' के साथ, हम अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को बच्चों की पहुंच में ला सकेंगे और अपने छात्रों को रियल टाइम में एक लाइव सैटेलाइट के साथ काम करने का एक असाधारण अवसर प्रदान करेंगे।

हमें विश्वास है कि यह दुनिया भर में हजारों प्रतिभाशाली छात्रों को उत्साहित और प्रोत्साहित करेगा तथा उन्हें एक स्पेस साइंटिस्ट की तरह कोड करने एवं परियोजना बनाने में सहायता करेगा।

इस प्रोग्राम के जरिए छात्रों को अप्लाइड साइंस को समझने का एक बेहतर अवसर प्राप्त होगा। किसी भी सैटेलाइट में 30 से अधिक सेंसर होते हैं जिनमें इंफ्रारेड, तापमान, सन सेंसर, जायरोस्कोप, आदि शामिल हैं, छात्र इन सभी सेंसर्स के द्वारा प्राप्त डेटा का विश्लेषण कर सकेंगे।

इसके अलावा बच्चे सैटेलाइट पर उपलब्ध कैमरा को नियंत्रित कर अंतरिक्ष में मौजूद विभिन्न वस्तुओं की तस्वीर ले सकेंगे। सैटेलाइट के जरिए संदेश को प्रसारित कर सकेंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से अंतरिक्ष कोडर बनने के लिए 500 से अधिक बच्चे पहले ही 'कोड-ए-सैटेलाइट' कार्यक्रम के लिए अपना नामांकन करा चुके हैं।

व्हाइटहैट जूनियर भारत में पहली बार इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के लिए लाइव सैटेलाइट उपलब्ध करा रहा है।

# एलन मस्क की कुल संपत्ति 200 बिलियन डॉलर से नीचे आई



सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

टेस्ला के शेयरों में हाल ही में 11 महीने के निचले स्तर पर पहुंचने के बाद टेक अरबपति एलन मस्क की कुल संपत्ति 200 बिलियन डॉलर से नीचे आ गई है।

टेस्लाराती के अनुसार, मस्क ने अब तक अपनी कुल संपत्ति का लगभग 77.6 बिलियन डॉलर खो दिया है।

साल की शुरूआत के बाद से शेयरों में लगभग 40 प्रतिशत की गिरावट के साथ, टेस्ला स्टॉक भारी दबाव में रहा है। परिणामस्वरूप मस्क की कुल संपत्ति में भारी गिरावट आई है।


ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, 25 मई तक मस्क की कुल संपत्ति 193 बिलियन डॉलर है। इसका मतलब है कि इस साल की शुरूआत के बाद से मस्क की संपत्ति में 77.6 बिलियन डॉलर की कमी आई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि, मस्क अभी भी नेट वर्थ के हिसाब से दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी, अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस, वर्तमान में 128 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति के साथ सूचीबद्ध हैं।

मस्क की तरह, बेजोस की कुल संपत्ति में भी इस साल एक गिरावट दर्ज की गई, जिसमें 64.6 बिलियन डॉलर की कमी आई है।

मस्क और उनके साथी अरबपतियों ने इस साल अपनी कुल संपत्ति में कमी देखी है। दुनिया के 50 सबसे धनी लोगों, जिनमें बिल गेट्स और मार्क जुकरबर्ग शामिल हैं, ने वर्ष की शुरूआत से कुल मिलाकर आधा ट्रिलियन डॉलर की संपत्ति खो दी है।

# डेमलर इंडिया के तमिलनाडु विनिर्माण संयंत्र में 2025 तक शुरू होगा कार्बन मुक्त परिचालन



नई दिल्ली, एजेंसी

डेमलर इंडिया कमर्शियल व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड (डीआईसीवी) का तमिलनाडु के ओरगडम स्थित अपने विनिर्माण संयंत्र में 2025 तक शत-प्रतिशत कार्बन मुक्त परिचालन शुरू करने का लक्ष्य है।

कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। ल्लभारत बेंज ब्रांड के तहत ट्रकों और बसों का विनिर्माण करने वाली कंपनी ने यह भी कहा कि उसकी संगठन को 2023 के अंत तक कागज मुक्त बनाने की योजना भी है। डीआईसीवी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्यकाम आर्य ने कहा कि कंपनी ने अपने घरेलू और निर्यात कारोबार में सतत वृद्धि हासिल की है।

उन्होंने एक बयान में कहा, अगले दशक के लिए हमारा प्रमुख उद्देश्य 2025 तक 100 प्रतिशत कार्बन रहित परिचालन हासिल करना और 2023 के अंत तक 100 प्रतिशत कागज मुक्त संगठन बनना है। कंपनी ने कहा कि अपनी टिकाऊ व्यावसायिक योजनाओं के तहत वह वर्तमान में 85 प्रतिशत ऊर्जा नवीकरणीय स्त्रोतों से प्राप्त करती है।

# भारत प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से वृद्धि करने वाला देश: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी

हैदराबाद, एजेंसी




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत आज दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से वृद्धि करने वाला देश है और हम देश दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार बन गया है। श्री मोदी अपराह्न हैदराबाद में प्रतिष्ठित इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'भारत आज आर्थिक वृद्धि के बड़े केंद्र के रूप में उभर रहा है और पिछले साल भारत में अबतक का सबसे ज्यादा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया।' गौरतलब है कि वर्ष 2021-22 में कोविड की चुनौतियों और भू-राजनैतिक तनाव के बावजूद देश में एफडीआई 83.57 अरब डॉलर के बराबर रहा। श्री मोदी ने कहा,'आज दुनिया यह महसूस कर रही है कि भारत जो भी कहता है काम की बात कहता है।' श्री मोदी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने आईएसबी को राष्ट्र को समर्पित किया था। आज यह एशिया के सर्वश्रेष्ट बिजनेस स्कूलों में गिना जाने लगा है। इस संस्थान से अबतक 50,000 छात्र-छात्राएं शिक्षित होकर निकले हैं।

मोदी ने भारत में उद्योग व्यवसाय और नवप्रवर्तन के क्षेत्र में तेजी से हो रही प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा,'आज भारत जी-20 देशों के समूहों में सबसे तेजी से वृद्धि कर रही अर्थव्यवस्था है। स्मार्टफोन का डाटा के उपयोग के मामले में भारत पहले नंबर पर है और इंटरनेट उपयोगकताओं की संख्या को देखें तो हम दुनिया में दूसरे नंबर पर हैं।' श्री मोदी ने समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप (नवप्रवर्तनकारी विचारों को लेकर शुरू किए गए उद्यम) का तीसरा सबसे तंत्र विकसित हो चुका है और देश दुनिया का तीसरा सबसे उपभोक्ता बाजार बन चुका है। उन्होंने कहा,'वैश्विक रिटेल इंडेक्स में भारत दुनिया में दूसरे नंबर है।' उन्होंने कहा कि आईएसबी से सीख-पढ़कर कर निकले देश में कारोबार को गति दे रहे हैं और बड़ी कंपनियों के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। इन विधार्थियों ने सैंकड़ों स्टार्ट-अप खड़े किए हैं और अनेकों यूनीकॉर्न्स(एक अरब डॉलर से ऊपर की हैसियत वाली कंपनियों) को खड़ा करने में उनकी भूमिका रही है। आईएसबी की इस उपलब्धि पर देश को गर्व है। विभिन्न एजेंसियों ने 2022-23 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर को 7-7.5 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान लगाया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अप्रैल के अपने अनुमान में चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर के अनुमान को पहले के 7.8 प्रतिशत से घटाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। केंद्रीय बैंक ने मुद्रास्फीति के दबाव के कारण अप्रैल में वृद्धि दर के अनुमान को घटा दिया था। इसी तरह रेंटिंग एजेंसी एसएनपी (स्टैंडर्ड्स एंड पूअर्स) ने चालू वित्त वर्ष की वृद्धि दर को अप्रैल के 7.8 प्रतिशत के अनुमार की जगह 7.3 प्रतिशत कर दिया है।

### भारत के साथ व्यापार समझौते पर औपचारिक वार्ता शुरू करेंगे: यूरोपीय संघ

**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ के कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं व्यापार आयुक्त वालदिस डोम्ब्रोवस्किस ने कहा कि यूरोपीय संघ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर भारत के साथ बातचीत बहुत जल्द शुरू करेगा। डोम्ब्रोवस्किस ने जिनेवा में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की बैठक से इतर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की।

उन्होंने ट्वीट किया, भारत के मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक शानदार रही। मुक्त व्यापार समझौते को लेकर औपचारिक बातचीत जल्द शुरू करेंगे। भारत के वाणिज्य सचिव बी वी आर सुब्रमण्यम ने अप्रैल में कहा था कि 27 देशों वाला यूरोपीय संघ और भारत काफी समय से लंबित मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत जून में शुरू करेंगे। भारत और ईयू के बीच यह समझौता विभिन्न मुद्दों के कारण मई 2013 से अटका है।

# कथित तौर पर खुदरा कर्मचारियों को यूनियन बनाने से रोक रहा एप्पल

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

जैसा कि एप्पल रिटेल स्टोर के कर्मचारी वेतन समानता और अन्य मुद्दों पर एक संघ बनाने के लिए आगे बढ़ रहे हैं, वहीं टेक दिग्गज में लोगों और खुदरा की उपाध्यक्ष, डिएड्रे ओब्रायन, कथित तौर पर उन्हें एक संघ में शामिल होने से रोकने की कोशिश में लगी हुई हैं। द वर्ज द्वारा एक्सेस किए गए एक आंतरिक वीडियो के अनुसार, ओब्रायन स्पष्ट रूप से कर्मचारियों को एक संघ में शामिल होने से रोक रही हैं। बुधवार देर रात प्रकाशित रिपोर्ट में उनके हवाले से कहा गया, मुझे इस बात की चिंता है कि हमारे रिश्ते के बीच में एक और संगठन डालने का क्या मतलब होगा। उन्होंने कहा, एक ऐसा संगठन जिसे एप्पल या हमारे व्यवसाय की गहरी समझ नहीं है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मुझे विश्वास नहीं है कि आपके प्रति हमारी प्रतिबद्धता साझा करता है।

एप्पल के अपने तीन स्टोर- न्यूयॉर्क, मैरीलैंड और अमेरिका में जॉर्जिया में एक-एक यूनियन बनाने की योजना बनाई जा रही है।जबकि जॉर्जिया में एप्पल स्टोर 2 जून से मतदान करेगा, मैरीलैंड में एप्पल का खुदरा स्टोर यूनियन बनाने के लिए 15 जून से मतदान करेगा। ओब्रायन ने कथित तौर पर कहा था कि एक संघ कर्मचारियों की चिंताओं का जवाब देने के लिए कंपनी की क्षमता को धीमा कर देगा। उन्होंने कहा, एप्पल अविश्वसनीय रूप से तेजी से आगे बढ़ रहा है। खुदरा क्षेत्र में हमारे काम के बारे में यह एक चीज है जो मुझे पसंद है। इसका मतलब है कि हमें भी तेजी से आगे बढ़ने में सक्षम होना चाहिए। और मुझे चिंता है क्योंकि संघ अपने कानूनी रूप से अनिवार्य नियम लाएगा जो यह निर्धारित करेगा कि हम कैसे काम करते हैं, मुद्दों के माध्यम से यह हमारे लिए आपके द्वारा उठाई गई चीजों को संबोधित करने के लिए तेजी से कार्य करना कठिन बना सकता है। ओब्रायन पिछले कुछ हफ़्तों से व्यक्तिगत रूप से एप्पल रिटेल स्टोर्स का दौरा कर रहे हैं। आज तक, किसी भी एप्पल स्टोर ने सफलतापूर्वक यूनियन नहीं बनाई है। न्यूयॉर्क सिटी स्टोर के एप्पल रिटेल स्टोर के कर्मचारियों ने स्वयं को वर्कर्स युनाइटेड लेबर यूनियन से संबद्ध करने के लिए मतदान किया। वर्कर्स यूनाइटेड ने हाल ही में पूरे अमेरिका में स्टारबक्स स्टोर्स में यूनियनीकरण के प्रयासों का समर्थन किया।

# कोलगेट-पामोलिव इंडिया के चौथी तिमाही का मुनाफा 324 करोड़

नई दिल्ली, एजेंसी




दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनी, कोलगेट-पामोलिव इंडिया लिमिटेड का शुद्ध लाभ मार्च 2022 को समाप्त चौथी तिमाही में लगभग तीन प्रतिशत बढ़कर 323.57 करोड़ रुपये हो गया। कोलगेट-पामोलिव इंडिया लिमिटेड (सीपीआईएल) ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले जनवरी-मार्च तिमाही में उसे 314.66 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी की परिचालन आय 1.43 प्रतिशत बढ़कर 1,293.35 करोड़ रुपये हो गयी। एक साल पहले 2020-21 की जनवरी-मार्च तिमाही में यह 1,275.01 करोड़ रुपये थी। मार्च 2022 को समाप्त तिमाही में सीपीआईएल का कुल खर्च मामूली रूप से बढ़कर 917.01 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 908.45 करोड़ रुपये था। पूरे वित्त वर्ष 2021-22 में सीपीआईएल का शुद्ध लाभ 4.14 प्रतिशत बढ़कर 1,078.32 करोड़ रुपये हो गया। इससे पिछले वित्त वर्ष 2020-21 में यह 1,035.39 करोड़ रुपये था। आलोच्य वित्त वर्ष में कंपनी की परिचालन आय 5.32 प्रतिशत बढ़कर 5,066.46 करोड़ रुपये हो गयी जो इससे पूर्व वित्त वर्ष में 4,810.48 करोड़ रुपये थी। कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए कुल 21 रुपये प्रति शेयर के दूसरे अंतरिम लाभांश की घोषणा की है। इससे पहले, 25 अक्टूबर, 2021 को, निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 19 रुपये प्रति शेयर के पहले अंतरिम लाभांश की घोषणा की थी।

### मूडीज ने 2022 के लिये भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 8.8 % किया

**नई दिल्ली।** साख निर्धारण करने वाली मूडीज इनवेस्टर्स सर्विस ने बृहस्पतिवार को ऊंची महंगाई दर का हवाला देते हुए 2022 के लिये भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 8.8 प्रतिशत कर दिया। इससे पहले इसके 9.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। वर्ष 2022-23 के लिये वृहद वैश्विक परिदृश्य का अद्यतन करते हुए मूडीज ने कहा कि निर्यात, जीएसटी, माल ढुलाई जैसे आंकड़ें बताते हैं कि दिसंबर, 2021 की तिमाही से वृद्धि ने गति पकड़ी है और यह इस साल पहले चार महीने जारी रही। हालांकि, कच्चे तेल, खाद्य और उर्वरक के दाम में तेजी से घरों की वित्तीय स्थिति और आने वाले महीनों में खर्च पर असर पड़ेगा। ऊर्जा और खाद्य मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिये नीतिगत दर में वृद्धि से मांग में सुधार की गति धीमी पड़ेगी। मूडीज ने कहा, हमने वर्ष 2022 के लिये भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 8.8 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले, मार्च में इसके 9.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। हालांकि, वर्ष 2023 के लिये आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 5.4 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि कर्ज में अच्छी वृद्धि, कंपनियों के बड़े स्तर पर निवेश की घोषणा और सरकार के बजट में पूंजीगत व्यय पर आवंटन बढ़ाये जाने से निवेश में मजबूती आने का संकेत मिलता है। मूडीज ने कहा, अगर वैश्विक कच्चे तेल और खाद्य कीमतों में और वृद्धि नहीं होती है, तो अर्थव्यवस्था तेज वृद्धि की गति बनाये रखने के लिये पर्याप्त मजबूत लग रही है।

# ओप्पो एफ21 प्रो यूजर्स के बीच जबरदस्त हिट, कुल मिलाकर 68 फीसदी ग्रोथ हासिल की

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक स्मार्टफोन ब्रांड ओप्पो ने गुरुवार को घोषणा की है कि उसका हाल ही में लॉन्च किया गया स्मार्टफोन एफ 21 प्रो यूजर्स के बीच सुपरहिट बन गया है और लॉन्च के बाद से कुल मिलाकर 68 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है।

कंपनी ने कहा कि डिवाइस को देश भर में अच्छी तरह से प्राप्त किया गया था। शीर्ष 10 बाजारों ने डिवाइस की बिक्री में 55 प्रतिशत से अधिक का योगदान दिया। इनमें अहमदाबाद, दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, पुणे, जयपुर और कोलकाता जैसे शहर शामिल हैं।

ओप्पो इंडिया के मुख्य विपणन अधिकारी दमयंत खानोरिया ने एक बयान में कहा, ओप्पो एफ-सीरीज को सभी पीढ़ियों से यूजर्स द्वारा बहुत अच्छी तरह से प्राप्त किया गया है और ओप्पो एफ21 प्रो ने सफलता को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। उन्होंने कहा, उत्पाद की सफलता उद्योग के पहले फाइबर ग्लास चमड़े के डिजाइन, सेगमेंट-फर्स्ट फ्लैगशिप सोनी आईएमएक्स709 सेल्फी कैमरा सेंसर और उपभोक्ताओं की गहन समझ के आधार पर बाजार में जाने की रणनीति और उनकी जरूरतों के बीच सही तालमेल का परिणाम है। हमने मिलकर सफलता का नुस्खा बनाया है। ओप्पो एफ21 प्रो में 32 एमपी सेल्फी कैमरा जैसी अत्याधुनिक तकनीकें हैं, जो कि सेगमेंट-फर्स्ट फ्लैगशिप सोनी आईएमएक्स709 सेल्फी कैमरा सेंसर द्वारा समर्थित है। यह सेगमेंट-फर्स्ट 2 एमपी माइक्रोलेंस से लैस है जो 15एक्स/30एक्स वृद्धि प्रदान करता है।

**उत्पाद**

- कंपनी ने कहा कि डिवाइस को देश भर में अच्छी तरह से प्राप्त किया गया था। शीर्ष 10 बाजारों ने डिवाइस की बिक्री में 55 प्रतिशत से अधिक का योगदान दिया।

यह डिवाइस ओप्पो के नए कलर ओएस 12 के साथ भी आता है जिसमें प्राइवेसी के लिए एक स्मार्ट नोटिफिकेशन हाइडिंग फीचर शामिल है, जहां मैसेज के पॉप अप होने पर फोन आपकी स्क्रीन को देखने वाले किसी अन्य व्यक्ति का पता लगाता है।

ओप्पो ने कहा कि एफ21 प्रो सीरीज के लॉन्च के दौरान चलाए गए डिजिटल कैंपेन को यूजर्स ने खूब सराहा। हैशटैग फ्लॉन्ट यॉर बेस्ट शीर्षक वाले इस अनूठे डिजिटल अभियान में वरुण धवन ने अभिनय किया और युवा भारतीयों की सहजता को प्रमुख अंतर्धष्टि के रूप में लिया।

वरुण के जन्मदिन की पार्टी पर छिड़े अभियान ने यूजर्स को अगले ओप्पो अभियान में फीचर करने का मौका प्राप्त करें के तहत अभियान में भाग लेने और इंस्टाग्राम रील्स के माध्यम से हुक स्टेप्स को लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया।

अभियान ने वरुण की अनूठी, विचित्र शैली में नए एफ21 प्रो की सेगमेंट-फर्स्ट विशेषताओं को भी प्रदर्शित किया। इस अभियान को टीजर और मुख्य फिल्म में 35 मिलियन से अधिक बार देखा गया, 45 मिलियन इंप्रेशन, 12 मिलियन ऑर्गेनिक पहुंच और इंस्टाग्राम पर 3 मिलियन इंटरैक्शन देखे गए। इसके अलावा, अभियान के दौरान प्रीहीट पोस्ट को अन्य पोस्ट की तुलना में पांच गुना अधिक कमेंट्स मिले।

कंपनी ने उल्लेख किया कि उसने यूजर्स को निकटतम खुदरा स्टोर के बारे में जानने में मदद करने के लिए ऑनलाइन से ऑफलाइन धष्टिकोण के हिस्से के रूप में एक स्थानीय अभियान सक्रिय किया है और बदले में हमें उन सभी कारणों को जानने की इजाजत देता है जो यूजर्स को खुदरा स्टोर के करीब ले जाते हैं।

शुरूआती छूट और ओप्पो अपग्रेड के माध्यम से 70 प्रतिशत तक की सुनिश्चित बायबैक पेशकश, वफादार ग्राहकों के लिए 180-दिवसीय मुफ्त स्क्रीन रिप्लेसमेंट के साथ-साथ फिलेक्सिबल ईएमआई ऑप्शन्स के साथ इस अभियान ने ब्रांड को यूजर्स के लिए पसंदीदा बना दिया है। 50 प्रतिशत उपयोगकर्ता ओप्पो डिवाइस से अपग्रेड कर रहे हैं।

### किआ इंडिया ने इलेक्ट्रिक मॉडल ईवी6 की बुकिंग की शुरू

**नई दिल्ली।** वाहन विनिमार्ता कंपनी किआ इंडिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में अपने पहले इलेक्ट्रिक मॉडल ईवी6 की बुकिंग उसने शुरू कर दी है। ईवी6 बिजली चालित वाहनों के लिए समर्पित मंच द इलेक्ट्रिक ग्लोबल मॉड्यूलर प्लेटफॉर्म (ई-जीएमपी) पर आधारित है। इस साल भारत में ईवी6 की केवल 100 इकाइयां ही बेची जाएंगी जिन्हें पूर्ण रूप से निर्मित इकाई (सीबीयू) के रूप में लाया जाएगा। यह आयातीत मॉडल देश में अगले हफ्ते उतारा जाएगा। कंपनी ने एक बयान में कहा कि ईवी6 को तीन लाख रुपये की आरंभिक राशि देकर बुक किया जा सकता है। किआ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी ते जिन पार्क ने कहा, भारत का वाहन उद्योग परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और इसमें सबसे आगे है किआ। ईवी6 एक बार में पूरी चार्ज होने पर 528 किलोमीटर तक चल सकती है और महज 5.2 सेकेंड में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की गति ले सकती है।

# लगातार चौथे दिन भी मजूबत शुरूआत के बाद गिरा शेयर बाजार

नई दिल्ली, एजेंसी

मौजूदा कारोबारी सप्ताह में लगातार चौथे दिन घरेलू शेयर बाजार मजबूती के साथ खुलने के बाद दबाव की स्थिति में आकर गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। बाजार ने आज कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ की, लेकिन शुरूआती कारोबार में ही बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही सूचकांक लगातार गिरते चले गए। हालांकि बाजार में बीच-बीच में लिवाली का रुझान भी बनता नजर आया, लेकिन बिकवाली का दबाव अधिक होने के कारण शेयर बाजार में लगातार गिरावट की स्थिति बनी रही। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने आज 201.58 अंक की मजबूती के साथ 53,950.84 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली शुरू हो गई, जिसके कारण सेंसेक्स नीचे की ओर लुढ़कने लगा। बीच-बीच में होने वाली मामूली खरीदारी के बावजूद शुरूआती आधे घंटे के कारोबार में ही सेंसेक्स गिरकर 53,861.64 अंक के स्तर पर आ गया। इस गिरावट के बाद एक बार फिर खरीदारों ने लिवाली का दौर शुरू करके बाजार को संभालने की कोशिश की। खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स में करीब 100 अंकों की उछाल भी आई। लेकिन थोड़ी देर बाद बाजार पर बिकवाल दोबारा हावी हो गए, जिससे सेंसेक्स को नीचे गिरने के लिए मजबूर होना पड़ा। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 86.19 अंक की मजबूती के साथ 53,835.45 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने 79.20 अंक की मजबूती के साथ 16,105 अंत के स्तर से आज के कारोबार की शुरूआत की। कारोबार की शुरूआत से ही बिकवाली के दबाव के कारण निफ्टी लगातार नीचे गिरता चला गया। बीच-बीच में खरीदारों ने लिवाली करके बाजार को सपोर्ट देने की भी कोशिश की, लेकिन बिकवाली का दबाव अधिक होने की वजह से ये सूचकांक लगातार फिसलता गया।

## संक्षिप्त खबरें

### चेसेबल मास्टर्स : डिंग लिरेन ने प्रज्ञानानंदा पर बढत बनाई

चेन्नई। दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी डिंग लिरेन ने भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा के खिलाफ मेल्टवाटर चैम्पियंस शतरंज टूर चेसेबल मास्टर्स आनलाइन टूर्नामेंट के फाइनल में पहले दिन 2.5.1.5 से बएत बना ली। पहला गेम हारने वाले 16 वर्ष के प्रज्ञानानंदा ने मजबूती से वापसी करके दूसरा गेम जीता। लिरेन ने हालांकि तीसरे गेम में फिर उसे हराया। इस मुकाबले से पहले प्रज्ञानानंदा ने अपने 11वीं कक्षा के इम्तिहान दिये थे। चौथे गेम में दोनों खिलाड़ियों ने 39 चालों के बाद ड्रॉ पर सहमति जताई। दूसरे दिन के मुकाबले से पहले लिरेन के पास एक अंक की बढत है। दूसरे दिन चार गेम और जरूरत पड़ने पर टाइब्रेकर होगा।

### कार्लोस अलकाराज ने रामोस विनोलास को हराया

पेरिस। उन्नीस वर्ष के कार्लोस अलकाराज ने मैच प्वाइंट बचाकर अपने से 15 वर्ष बड़े स्पेन के ही अलबर्ट रामोस विनोलास को हराकर फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। अपने संक्षिप्त कैरियर में नोवाक जोकोविच और रफेल नडाल जैसे धुरंधरों को एक ही क्लेकोर्ट टूर्नामेंट में हरा चुके अलकाराज ने 6.1, 6.7, 5.7, 7.6, 6.4 से जीत दर्ज की। अन्य मैचों में गत चैम्पियन नोवाक जोकोविच ओर 13 बार के चैम्पियन रफेल नडाल ने जीत दर्ज की। तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव भी अपना मुकाबला जीत गए। महिला वर्ग में अमेरिका ओपन चैम्पियन 19 वर्ष की एम्मा राडुकानू को एलियासैंड्रा सेस्नोविच ने 3.6, 6.1, 6.1 से हराया। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बेलिंडा बेंचिच ने 2019 अमेरिकी ओपन चैम्पियन बियांका आंद्रिस्कू को 6.2, 6.4 से हराया।

### फ्रेंच ओपन चैम्पियन क्रेसिकोवा ने कहा कि वह कोरोना संक्रमित है

पेरिस। पिछले साल एकल और युगल में फ्रेंच ओपन चैम्पियन रही बारबोरा क्रेसिकोवा ने यह कहकर टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया कि वह कोरोना संक्रमित है। चेक गणराज्य की क्रेसिकोवा एकल वर्ग के पहले ही दौर में हार गई थी। उन्होंने बुधवार को इंस्टाग्राम पर लिखा था कि अब उनका फोकस युगल खिताब बरकरार रखने पर है। उन्होंने अब लिखा, पिछली रात मुझे अच्छा महसूस नहीं हो रहा था। सुबह मुझे बुखार था तो मैने कोरोना जांच कराई जो पॉजिटिव आई है। उन्होंने कहा, यह दुखद है कि मैं अपना युगल खिताब बरकरार नहीं रख सकूंगा लेकिन अच्छी बात यह है कि मैं चोटिल नहीं हूं और फिर अभ्यास पर लौटूंगी इससे पहले चेक गणराज्य की ही मारी बुजकोवा ने दूसरे दौर के मैच से पहले कोरोना संक्रमण के कारण नाम वापिस ले लिया था।

### मैथ्यूज ने श्रीलंका को बांग्लादेश पर बढत दिलाई

ढाका। लगातार दूसरे टेस्ट में शतक के करीब पहुंचे एंजेलो मैथ्यूज ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के चौथे दिन श्रीलंका को लंच तक पांच विकेट पर 369 रन पर पहुंचाकर चार रन की बढत दिला दी। पहले टेस्ट की पहली पारी में 199 रन बनाने वाले मैथ्यूज ने नाबाद 93 रन बनाये और दिनेश चांदीमल के साथ छठे विकेट की अटूट साझेदारी में 103 रन जोड़ लिये। चांदीमल 61 रन बनाकर खेल रहे हैं। अपने कल के स्कोर पांच विकेट पर 282 रन से आगे खेलते हुए श्रीलंका ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। चांदीमल ने पहले ही ओवर में इबादत हुसैन को चौका लगाया। मैथ्यूज को कल 37 के स्कोर पर जीवनदान देना बांग्लादेश को काफी भारी पड़ा।

# दूसरे क्वालीफायर में राजस्थान का सामना करेगी आरसीबी

## सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले रजत पाटीदार इस लय को कायम रखना चाहेंगे

**अहमदाबाद, एजेंसी**



पिछले मैच में औसत गेंदबाजी प्रदर्शन को भुलाकर राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर में आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा जिसके हौसले पिछले मैच में मिली जीत के बाद बुलंद हैं। नाटकीय ढंग से किस्मत के सहारे प्लेआफ में जगह बनाने के बाद आरसीबी ने एलिमिनेटर में लखनऊ सुपर जाइंट्स को हराया। पिछले चौदह वर्ष से खिताब का इंतजार कर रही टीम से अपेक्षायें जबर्दस्त हैं और खिलाड़ी उन पर खरे उतरने के लिये बेताब भी हैं।

दूसरी ओर रॉयल्स पहले क्वालीफायर में गुजरात टाइटंस से हार गई। कोलकाता में कुछ मैचों के बाद अब आईपीएल का कारवां गुजरात आ पहुंचा है। आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने लखनऊ पर मिली जीत के बाद आईपीएल वेबसाइट से कहा, अच्छी बात यह है कि एक दिन बाद हमें फिर खेलना है। अहमदाबाद में फिर खेलने को लेकर बेताब हैं। हम अपने प्रदर्शन से खुश हैं और काफी रोमांचित भी। उम्मीद है कि दो मैच और जीतकर जश्न मना सकेंगे। एलिमिनेटर में अपने कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले रजत पाटीदार इस लय को कायम रखना चाहेंगे। आईपीएल मेगा नीलामी में बिक नहीं सके पाटीदार वैकल्पिक खिलाड़ी के रूप में आरसीबी का हिस्सा बने और एक पारी ने उनकी तकदीर बदल दी। कोहली और कप्तान फाफ डु प्लेसी दोनों बड़े मैचों के खिलाड़ी हैं और पिछले मैचों में कम स्कोर के बाद अब बड़ी पारी खेलने को लालायित होंगे।

आरसीबी के लिये फिनिशर की भूमिका निभा रहे दिनेश कार्तिक कुछ और रन अपने नाम करना चाहेंगे। विजयी टीम में बदलाव की संभावना कम ही है। वानिंदु हसरंगा ने साहसी गेंदबाजी की तो आखिरी ओवरों में हर्षल पटेल का सानी नहीं है। मोहम्मद सिराज ने भी वापसी के बाद पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया। डैथ ओवरों में उम्दा गेंदबाजी की अपनी छवि के साथ जोश हेजलवुड ने न्याय किया और अब सटीक यॉर्कर के साथ उन्हें खेलना और मुश्किल हो गया है। आरसीबी के गेंदबाजों के सामने सबसे बड़ी चुनौती जोस बटलर और रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन के बल्लों पर अंकुश लगाने की है। दोनों ने गुजरात के खिलाफ रन बनाये लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

सैमसन अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में बदलना चाहेंगे। गेंदबाजों को पिछले मैच को भुलाकर नये सिरे से अच्छा प्रदर्शन करना होगा। आर अश्विन गुजरात के खिलाफ खराब फॉर्म में दिखे तो प्रसिद्ध कृष्णा ने आखिरी ओवर में डेविड मिलर को फुललैंग्थ गेंद डालने की गलती की।

**बल्लेबाजी**

- आरसीबी के लिये फिनिशर की भूमिका निभा रहे दिनेश कार्तिक कुछ और रन अपने नाम करना चाहेंगे

### अफगानिस्तान के गेंदबाजी कोच बने उमर गुल

**काबुल।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज उमर गुल को बुधवार को अफगानिस्तान का नया गेंदबाजी कोच बनाए गए हैं। गुल के कार्यकाल की शुरूआत जून में जिम्बाब्वे के खिलाफ अफगानिस्तान की आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला होगी। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के 2021 सीजन में क्वेटा ग्लैडिएटर्स के गेंदबाजी कोच के रूप में काम करने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गुल का यह पहला कोचिंग असाइनमेंट होगा। अप्रैल में अबुधाबी में टीम के प्रशिक्षण और तैयारी कैंप के दौरान गुल को अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने अपना गेंदबाजी सलाहकार नियुक्त किया था। उनके पूर्व पाकिस्तान टीम के साथी यूनिस खान शिविर के लिए बल्लेबाजी सलाहकार के रूप में शामिल हुए थे। एसीबी ने कहा, पाकिस्तानी दिग्गज ने हमारे राष्ट्रीय टीम में तेज गेंदबाजों के साथ काम किया और इसके बाद जरूरत के आधार पर उन्हें राष्ट्रीय टीम के गेंदबाजी कोच के रूप में नियुक्त किया गया। 39 वर्षीय गुल ने राष्ट्रीय टी-20 कप में बलूचिस्तान के लिए खेलने के बाद अक्टूबर 2020 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। 2003-2016 तक पाकिस्तान के लिए अपने करियर में गुल ने 47 टेस्ट खेले, जिसमें 34.06 की औसत से 163 विकेट लिए।

# आईबीए खिलाड़ी समिति की अध्यक्ष बनी लवलीना

**नई दिल्ली, एजेंसी**



ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन को खिलाड़ी समिति का अध्यक्ष चुना गया और वोटिंग अधिकार के साथ निदेशक मंडल में शामिल किया गया है। अंतराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। महिला विश्व चैंपियनशिप 2022 के दौरान हुए चुनाव में लवलीना को सर्वाधिक मत मिले।

लवलीना ने विज्ञप्ति में कहा, आईबीए की खिलाड़ी समिति का अध्यक्ष चुने जाने पर मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं, मैंने सदस्य बनने की उम्मीद की थी लेकिन कभी नहीं सोचा था कि मैं समिति की अध्यक्ष बनूंगी, इससे मुझे भारतीय मुक्केबाजी को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी, विशेषकर दुनिया की अन्य मुक्केबाजों के बीच महिला मुक्केबाजी का प्रचार करने में। उन्होंने कहा, यह मुक्केबाजी को बढ़ावा देने का मेरे पास बड़ा मौका है और मैंने सबसे पहले अन्य सदस्यों और दुनिया भर के मुक्केबाजों के साथ चर्चा करने की योजना बनाई है कि इस साल मुक्केबाजी में क्या करने की जरूरत है और इसके बाद समिति के निदेशक मंडल के सुझाव और शिकायतों पर गौर किया जाएगा। भारतीय मुक्केबाज शिव थापा को भी 2021 आईबीए पुरुष विश्व चैंपियनशिप के दौरान हुए चुनाव में आईबीए की खिलाड़ी समिति का सदस्य चुना गया था। लवलीना और थापा का चयन उन मुक्केबाजों ने किया जिन्होंने पुरुष और महिला विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा लिया जिनका आयोजन क्रमशः अक्टूबर 2021 और मई 2022 में किया गया।

**लवलीना ने कहा**

- मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं, मैंने सदस्य बनने की उम्मीद की थी लेकिन कभी नहीं सोचा था कि मैं समिति की अध्यक्ष बनूंगी

# न्यूजीलैंड की एमी सैटरथवेट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया सन्यास

**क्राइस्टचर्च, एजेंसी**



न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान एमी सैटरथवेट ने न्यूजीलैंड क्रिकेट से सालाना कॉन्ट्रैक्ट न मिलने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा की है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने गुरुवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि 2007 में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू करने वाली एमी ने अपने 15 साल लंबे करियर के दौरान न्यूजीलैंड के लिये 111 टी20 और 145 एकदिवसीय मुकाबले खेले। न्यूजीलैंड के लिये सबसे ज्यादा एकदिवसीय मुकाबले खेलने वाली एमी को सूचित किया गया था कि उन्हें 2022-23 सत्र के लिये कॉन्ट्रैक्ट पेश नहीं किया जाएगा, जिसके बाद उन्होंने यह फैसला लिया।

2018-19 में न्यूजीलैंड की कप्तानी करने वाली एमी कैंटरबरी मजीशियन्स के लिये घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखेंगी। इसके अलावा वह अगस्त में होने वाले वुमेन्स हंड्रेड में मैनचेस्टर ओरिजिनल के लिये भी खेलेंगी। अपने क्रिकेटिंग करियर के बारे में बात करते हुए एमी ने कहा, मैं बहुत दुख के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा करती हूं। न्यूजीलैंड क्रिकेट के नई दिशा में बढ़ने और युवा खिलाड़ियों को कॉन्ट्रैक्ट देने के फैसले की जानकारी मिलने के बाद पिछले कुछ दिन मेरे लिये मुश्किल रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं कॉन्ट्रैक्ट न मिलने के कारण निराश हूं और मेरा मानना है कि मैं अभी टीम में और योगदान दे सकती थी। फिर भी, मैं न्यूजीलैंड क्रिकेट के निर्णय का सम्मान करती हूं और कॉमनवेल्थ खेलों सहित आगामी क्रिकेट सत्र के लिये टीम को बधाई देती हूं। मैं उनका लगातार समर्थन करती रहूंगी। न्यूजीलैंड महिला टीम के लिये सबसे ज्यादा रन बनाने वाली एमी ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में सात शतक और 27 अर्ध-शतक सहित 38.33 की औसत से 4,639 रन बनाये हैं। उन्होंने एकदिवसीय मुकाबलों में 50 विकेट भी लिये। एमी ने अपने अंतरराष्ट्रीय टी20 करियर में 1784 रन बनाये हैं जो न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट के इतिहास में तीसरे सर्वाधिक रन हैं।

# आईपीएल के चार सत्रों में 600 से अधिक रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने केएल राहुल

**कोलकाता, एजेंसी**

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 के एलिनिमेटर मुकाबले में रायल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के हाथों 14 रन से हारकर भले ही लीग से बाहर होना पड़ा हो, लेकिन यह मैच एलएसजी के कप्तान केएल राहुल के लिए खास रहा। राहुल ने इस मुकाबले में 79 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली, इसी के साथ वह आईपीएल के चार सत्रों में 600 से अधिक रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने आईपीएल 2022 सीजन के 15 मैचों में 661 रन बनाए हैं। इस साल के संस्करण से पहले, राहुल ने 2021 संस्करण के 13 मैचों में 626 रन, 2020 सीजन के 14 मैचों में 670 रन और 2018 संस्करण में 659 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज क्रिस गेल और ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने तीन अलग-अलग सत्रों में आईपीएल में 600 से अधिक रन बनाए हैं और अब इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं।

गेल ने आरसीबी की तरफ से खेलते हुए लगातार तीन वर्षों (2011, 2012, 2013) में 600 रन का आंकड़ा पार किया। दूसरी ओर, डेविड वार्नर ने भी सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान के रूप में 2016 से 2019 तक लगातार तीन सीजन में 600 का आंकड़ा पार किया है। आरसीबी और एलएसजी के बीच मैच की बात करें तो इस मुकाबले में रजत पाटीदार के बेहतरीन नाबाद शतकीय (112) पारी की बदौलत आरसीबी ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 207 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

रजत के अलावा दिनाश कार्तिक ने नाबाद 37 और विराट कोहली ने 25 रन बनाए। एलएसजी की तरफ से मोहसिन खान, क्रुणाल पांड्या, आवेश खान और रवि बिश्नोई ने 1-1 विकेट लिया।

# हर्षल पटेल के ओवर ने पलटा मैच का रुख : फाफ डू प्लेसी

**कोलकाता, एजेंसी**

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ एलिमिनिटेर मुकाबले में मिली जबरदस्त जीत को लेकर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के कप्तान फाफ डू प्लेसी ने बड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि हमने इसे एक बहुत बड़े गेम के तौर पर नहीं लिया था और हम काफी शांत थे। एक टीम के तौर पर इस जीत से हम काफी खुश हैं। आरसीबी और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच कोलकाता के इडेन गार्डेन मैदान में एलिमिनेटर मुकाबला खेला गया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 207 रनों का विशाल स्कोर बनाया। रजत पाटीदार ने जबरदस्त शतक जड़ा और 54 गेंद पर 112 रनों की नाबाद पारी खेली। जवाब में लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 193 रन ही बना सकी। कप्तान केएल राहुल ने सबसे ज्यादा 79 रन बनाए लेकिन टीम को हार झेलनी पड़ी। आरसीबी का अगला मैच अब राजस्थान रॉयल्स से होगा और उसे जीतने पर वो फाइनल में पहुंच जाएंगे। आरसीबी के कप्तान फाफ डू प्लेसी ने अपनी टीम की इस शानदार जीत को लेकर बड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने मैच के बाद कहा, आगे बड़ा मुकाबला आने वाला है, इसके बावजूद इस जीत को सेलिब्रेट करना काफी जरूरी है। हम एक ग्रुप के तौर पर काफी खुश हैं। एक टीम के तौर पर हमें शांत तरीके से खेलना था। हमने कभी ये नहीं महसूस होने दिया कि ये बहुत बड़ा गेम है।

# हॉकी इंडिया की कर्मचारी बनी रह सकती हैं नॉर्मन : सीओए

**नई दिल्ली, एजेंसी**




हॉकी इंडिया को चलाने के लिये गठित प्रशासकों की समिति ( सीओए ) ने बृहस्पतिवार को कहा कि एलेना नॉर्मन के महासंघ के कर्मचारी के तौर पर काम करने में उन्हें कोई आपत्ति नहीं है लेकिन उसे प्रबंध समिति और कार्यकारी बोर्ड से अपना पद छोड़ना होगा। सीओए ने कहा कि जल्दी ही हॉकी इंडिया के रोजमर्रा के कामकाज को चलाने के लिये उचित व्यक्ति तलाशा जायेगा। हॉकी इंडिया की सीईओ होने के नाते नॉर्मन हॉकी इंडिया के कार्यकारी बोर्ड और कई समितियों में है लेकिन उन्हें मतदान का अधिकार नहीं है।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को दिये फैसले में हॉकी इंडिया के सीईओ और आजीवन सदस्य का पद खत्म कर दिया। अदालत ने हॉकी इंडिया के कामकाज के संचालन के लिये उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश ए आर दवे की अध्यक्षता में प्रशासकों की समिति का भी गठन किया है। इसमें पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाय कुरैशी और भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान जफर इकबाल शामिल हैं। कुरैशी ने कहा, जहां तक एलेना नॉर्मन का सवाल है तो वह हॉकी इंडिया की एक कर्मचारी भर है। उन्हें कार्यकारी बोर्ड और प्रबंध समिति में कोई अधिकार नहीं मिल सकता। यह खेल कोड के खिलाफ है। वह कर्मचारी के तौर पर अपना काम कर सकती है।

उन्होंने कहा कि जल्दी ही हॉकी इंडिया के लिये भी अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की तरह एक पेशेवर अधिकारी की नियुक्ति की जायेगी। उन्होंने कहा, हमारी प्राथमिकता हॉकी इंडिया के संविधान में सुधार करके खेल कोड के अनुरूप बनाना है। इसके बाद नये सिरे से चुनाव कराके नयी लोकतांत्रिक ईकाई को कार्यभार सौंपना है।

यह पूछने पर कि बाहरी दखल के कारण क्या हॉकी इंडिया पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ प्रतिबंध लगा सकता है, उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता। हम यहां बरसों तक नहीं रहने वाले हैं। हम चीजों को दुरूस्त करने आये हैं। इसके बाद चुनाव कराने हैं और एफआईएच भी लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव चाहता है। कुरैशी इस समय विदेश में हैं और उन्होंने कहा कि भावी कार्रवाई तय करने के लिये जल्दी ही सीओए की वर्चुअल बैठक होगी। भारत की 1980 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य रहे इकबाल ने कहा कि अब खेल को कुछ लौटाने का समय है।

उन्होंने कहा, मेरे कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी है। मैने फैसला अभी पढा नहीं है लेकिन जो कुछ भी मुझसे कहा जायेगा, मैं अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ करने की कोशिश करूंगा। हॉकी के खेल और खिलाड़ियों को इसका कोई खामियाजा नहीं उठाना पड़ेगा। अदालत ने सीओए को ताजा चुनाव कराने के लिये 20 सप्ताह का समय दिया है।

**जानकारी**

- सीओए ने कहा कि जल्दी ही हॉकी इंडिया के रोजमर्रा के कामकाज को चलाने के लिये उचित व्यक्ति तलाशा जायेगा
- हॉकी इंडिया के सीईओ और आजीवन सदस्य का पद खत्म कर दिया

# रोमा ने फेनोर्ड को हराकर पहला यूरोपा कॉन्फ्रेंस लीग खिताब जीता

**अल्बानिया, एजेंसी**




एएस रोमा ने यहां तिराना एयर अल्बानिया स्टेडियम में यूईएफए यूरोपा कॉन्फ्रेंस लीग के फाइनल में फेयेनोर्ड को 1-0 से हराया। फेनोर्ड ने बुधवार को मैच की शानदार शुरूआत की क्योंकि उन्होंने पिच का अच्छा इस्तेमाल किया। रोमा के पुर्तगाली मिडफील्डर सर्जियो ओलिवेरा ने मैच के शुरूआत में ही एक गोल करना चाहा, लेकिन फेनोर्ड ने वो नाकाम कर दिया।

रोमा के निकोलो जानियोलो ने 32वें मिनट में एक बढ़त हासिल की। उन्होंने अपनी चतुराई के साथ एक गोल किया और टीम को एक अंक के साथ बढ़त दिलाने में मदद की। 22 वर्षीय जानियोलो मई 1997 में यूईएफए चैंपियंस लीग मैच में एलेसेंड्रो डेल पिएरो के बाद एक प्रमुख यूरोपीय प्रतियोगिता के फाइनल में स्कोर करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। फेनोर्ड ने हाफ टाइम के बाद अपने आक्रमण को मजबूत किया, लेकिन 50वें मिनट में गोल के लिए किए गए प्रयास को रोमा के गोलकीपर रुई पेट्रीसियो ने अच्छी तरह से बचा लिया। इतालवी टीम ने यूईएफए यूरोपा सम्मेलन लीग के पहले सीजन को जीतने के लिए अंत तक बढ़त बनाए रखी। इस जीत के साथ रोमा के कोच जोस मोरिन्हो तीनों प्रमुख यूरोपीय खिताब (यूईएफए यूरोपा कॉन्फ्रेंस लीग, यूईएफए चैंपियंस लीग और यूईएफए कप/यूरोपा लीग) जीतने वाले पहले मैनेजर बने।

**जीत**

- रोमा के निकोलो जानियोलो ने 32वें मिनट में एक बढ़त हासिल की
- अपनी चतुराई के साथ एक गोल किया और टीम को एक अंक के साथ बढ़त दिलाने में मदद की

# क्रिकेट आस्ट्रेलिया में राजनीति पर बरसे लैंगर

**पर्थ, एजेंसी**

आस्ट्रेलियाई टीम के मुख्य कोच के पद से विवादित तरीके से रवानगी के बाद जस्टिन लैंगर ने देश के क्रिकेट बोर्ड में राजनीति की आलोचना करते हुए अंतरिम प्रमुख रिचर्ड फ्रेउडेनस्टेन को खास तौर पर लताड़ा है। फरवरी में लैंगर ने अनुबंध में छह महीने के विस्तार को स्वीकार करने से इनकार करते हुए मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। टी20 विश्व कप में खिताबी जीत और एशेज श्रृंखला जीतने के बाद उन्हें अनुबंध लंबी अवधि के लिये बढाये जाने की उम्मीद है।

मार्क वॉ, एडम गिलक्रिस्ट, रिकी पोंटिंग, स्टीव वॉ, मैथ्यू हेडन और दिवंगत शेन वॉर्न समेत कई आस्ट्रेलियाई दिग्गजों ने लैंगर के साथ किये गए बर्ताव की निंदा की थी। लैंगर ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा, सबसे पहले उन्होंने (रिचर्ड ने) मुझसे कहा कि तुम्हें यह जानकार अच्छा लग रहा होगा कि तुम्हारे सभी साथी मीडिया के सामने तुम्हारा साथ दे रहे हैं। उन्होंने कहा, मैने कहा कि बिल्कुल ये सभी आस्ट्रेलियाई क्रिकेट के महानतम खिलाड़ी हैं और दुनिया भर में काम करते हैं। अपने कोचिंग कैरियर के 12 साल में मैने पिछले छह महीने सबसे ज्यादा आनंद महसूस किया है। हमने जीता ही नहीं बल्कि मेरे भीतर ऊर्जा थी, फोकस था और मैं खुश था। गंदी राजनीति के बावजूद। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि क्रिस सिल्वरवुड की रवानगी के बाद इंग्लैंड का कोच बनने के बारे में उन्होंने किसी से बात नहीं की है। उन्होंने कहा, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एंड्रयू स्ट्रॉस ने मेरे इस्तीफे के एक दिन बाद मुझे फोन किया था। मैं उसे लंबे समय से जानता हूं। उसके अलावा इंग्लिश क्रिकेट में किसी से बात नहीं की।

# सब-जूनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप: हरियाणा के 18 मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंचे

**बेल्लारी, एजेंसी**



अपने शानदार प्रदर्शन को आगे बढ़ाते हुए हरियाणा के 18 मुक्केबाजों ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया और यहां कर्नाटक में इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में 2022 सब-जूनियर पुरुष और महिला नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया है।

14 भार वर्गों में से हरियाणा की महिलाओं ने 10 श्रेणियों में और पुरुषों के वर्ग में आठ मुक्केबाजों ने सेमीफाइनल में जगह बनाने में कामयाबी हासिल की। सोनिका और अंशु ने हरियाणा का नेतृत्व किया, जब उन्होंने महिलाओं के 38 किग्रा और 40 किग्रा क्वार्टर फाइनल में दिल्ली की महक वर्मा और मध्य प्रदेश की हिमानी को समान 5-0 के अंतर से हराया। आरजू (42 किग्रा), जोनी (44 किग्रा) और पायल (46 किग्रा) ने भी जीत दर्ज की, जबकि दीप्ति (48 किग्रा), भूमिका (50 किग्रा), हंसिखा (60 किग्रा) और लक्ष्य (63 किग्रा) ने शक्तिशाली आरएससी पर जीत दर्ज की। साक्षी को लड़कियों के 36 किग्रा क्वार्टरफाइनल में दिल्ली की ख्याति पंवार के खिलाफ कड़ी मेहनत करनी पड़ी, लेकिन उन्होंने 3-2 के अंतर से जीत दर्ज की। पुरुष के वर्ग में महेश ने 46 किग्रा क्वार्टर फाइनल में पश्चिम बंगाल के एसके आर्यन के खिलाफ 5-0 से जीत के साथ हरियाणा के लिए शानदार शुरूआत की। बाद में विनीत कुमार (40 किग्रा), पीयूष (49 किग्रा), योगेश डंडा (52 किग्रा), लोकेश (64 किग्रा), जितेश सांगवान (67 किग्रा), यश कुमार (70 किग्रा) और पर्यास (प्लस 70 किग्रा) ने भी जीत हासिल की। एलीट पुरुष वर्ग में मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन सर्विस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एसएससीबी) ने सब-जूनियर वर्ग में भी अपना दबदबा जारी रखा, क्योंकि उनके 10 मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया और अंतिम -4 चरण में प्रवेश किया। मानशु ने एसएससीबी के लिए आक्रामक तरीके से दिन की शुरूआत की और 35 किग्रा क्वार्टर फाइनल में राजस्थान के चंदन सैनी के खिलाफ आरएससी की जीत का दावा किया।

# भारत के मुरली श्रीशंकर ने यूनान में लंबी कूद में स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारत के लंबी कूद के खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ने यूनान में 12वीं अंतरराष्ट्रीय जंपिंग मीट में 8.31 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता। तोक्यो ओलंपिक खेल चुके श्रीशंकर के नाम 8.36 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। स्वीडन के टोबियास मोंटलेर ने 8.27 मीटर की कूद लगाकर रजत पदक जीता जबकि फ्रांस के जुलेस पोमेरी को कांस्य पदक मिला।

सिर्फ शीर्ष तीन खिलाड़ी ही आठ मीटर से आगे निकल सके। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने ट्वीट किया, श्रीशंकर ने यूनान के कालिथिया में 12वीं अंतरराष्ट्रीय जंपिंग मीट में 8.31 मीटर की कूद लगाई। ओलंपिक के बाद से पहली अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में भाग ले रहे श्रीशंकर ने कल अभ्यास में 7.88 और 7.71 मीटर की कूद लगाई थी। केरल के इस एथलीट ने सत्र की पहली इंडिया ओपन जंप्स मीट में 8.14 और 8.17 मीटर की कूद लगाई थी। उन्होंने कोझिकोड में फेडरेशन कप में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा।

## संक्षिप्त खबरें

### कनाडा में मंकीपॉक्स के 16 मामलों की पुष्टि

ओटावा। कनाडा की सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी (पीएचएसी) ने कनाडा में मंकीपॉक्स के 16 मामलों की पुष्टि की। ये सभी मामले क्यूबेक प्रांत में दर्ज किए गए हैं। पीएचएसी ने बुधवार को एक बयान में कहा, कई मामलों की पुष्टि के लिए नमूने लिए जा रहे हैं। बयान के अनुसार, मंकीपॉक्स के मामलों की पहचान की जा रही है और स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र द्वारा इलाज किया जा रहा है। कनाडा में प्रांतों और क्षेत्रों के साथ टीकों पर योजना चल रही है। मंकीपॉक्स एक सिल्वेटिक जूनोसिस है, जो मनुष्यों में संक्रमण का कारण बन सकता है और यह रोग आमतौर पर मध्य और पश्चिम अफ्रीका के जंगलों में होता है।

### सेनेगल में अस्पताल में आग लगने से 11 बच्चों की मौत

डैकर। सेनेगल के राष्ट्रपति मैकी साल ने कहा कि बुधवार देर रात राजधानी डैकर के निकट एक अस्पताल में आग लगने से 11 बच्चों की मौत हो गई। राष्ट्रपति ने ट्वीट किया, मैंने हाल ही में टिवाउने के मामे अब्दुल अजीज सई दबाख अस्पताल के नवजात विभाग में लगी आग में 11 नवजात शिशुओं की मौत के दर्द और घबराहट महसूस किया है। उन्होंने कहा, उनकी माताओं और उनके परिवारों के लिए, मैं अपनी गहरी सहानुभूति व्यक्त करता हूं।

### मारियुपोल में वितरित हो रहे रूसी पासपोर्ट : यूक्रेनी अधिकारी

कीव। मारियुपोल के मेयर के सलाहकार पेट्रो एंड्रीशचेंको ने कहा है कि पूर्वी यूक्रेन के मारियुपोल शहर में रूसी पासपोर्ट वितरित किए गए हैं, जिसे इस महीने की शुरूआत में रूसी सेना ने अपने नियंत्रण में ले लिया था। एंड्रीशचेंको ने फेसबुक पर लिखा कि विशेष रूप से मारियुपोल का वास्तविक विलय शुरू हो गया है। इससे पहले मीडिया रिपोर्टें के अनुसार रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के दक्षिणी जापोरिजिया और खेरसान क्षेत्रों के निवासियों को एक फास्ट-ट्रैक प्रक्रिया के तहत रूसी नागरिकता के लिए आवेदन करने की अनुमति देने वाले एक आदेश पर हस्ताक्षर किए।

### कीव ने यूक्रेनी नागरिकों के लिए रूस के पासपोर्ट जारी करने के आदेश की निंदा की

कीव। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के उस आदेश की निंदा की है, जो यूक्रेन के दक्षिणी जापोरिजिया और खेरसान क्षेत्रों के निवासियों को फास्ट-ट्रैक प्रक्रिया के तहत रूसी नागरिकता के लिए आवेदन करने की अनुमति देता है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने मंत्रालय के हवाले से कहा, रूस के राष्ट्रपति का फरमान कानूनी रूप से अमान्य है और इसका कोई कानूनी परिणाम नहीं होगा। बयान के अनुसार, रूस द्वारा जब्त किए गए क्षेत्रों में रहने वाले यूक्रेनी नागरिकों को रूसी पासपोर्ट जारी करना यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता, मानदंडों और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के सिद्धांतों का घोर उल्लंघन है।

# बाइडेन ने पुलिस सुधार कार्यकारी आदेश पर किए हस्ताक्षर


वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने देश की जनता और कानून प्रवर्तन के बीच विश्वास बनाने के लिए पुलिस सुधार के संबंध में एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए।

श्री बाइडेन ने बुधवार को कहा, यह एक उपाय है कि हम इस देश को सही दिशा में ले जा सकते हैं। व्हाइट हाउस ने एक अलग बयान में कहा कि श्री बाइडेन का कार्यकारी आदेश अमेरिकी अटॉर्नी जनरल को एक राष्ट्रीय डेटाबेस स्थापित करने का निर्देश देता है, जिसमें पुलिस कदाचार के रिकॉर्ड शामिल होंगे, जिसका उपयोग सभी संघीय एजेंसियों द्वारा कर्मियों की स्क्रीनिंग के लिए किया जाएगा।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि डेटाबेस राज्य और स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के उपयोग के लिए भी उपलब्ध होगा।

इसके अलावा, श्री बाइडेन ने संघीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों को उन नीतियों को अपनाने का भी निर्देश दिया जो यह सुनिश्चित करेंगी कि गिरफ्तारी और तलाशी के दौरान शरीर में पहने जाने वाले कैमरे सक्रिय हों। विज्ञप्ति में कहा गया है कि कार्यकारी आदेश संघीय कानून प्रवर्तन को चोकहोल्ड और कैरोटिड प्रतिबंधों का उपयोग करने से रोकता है, जब तक कि यह आवश्यक न हो और यह खोजों के दौरान घरों में नो-नॉक प्रविष्टियों के उपयोग को भी सीमित करता है।



- व्हाइट हाउस ने एक अलग बयान में कहा कि श्री बाइडेन का कार्यकारी आदेश अमेरिकी अटॉर्नी जनरल को एक राष्ट्रीय डेटाबेस स्थापित करने का निर्देश देता है

## कोरोना के वैश्विक मामले बढ़कर 52.7 करोड़ हुए

**वाशिंगटन।** कोरोना के वैश्विक मामले बढ़कर 52.7 करोड़ हो गए हैं। इस महामारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 62.8 लाख हो गई है। वहीं इससे बचाव के लिए टीके की कुल 11.48 अरब डोज दी गई है। जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी ने यह जानकारी दी।

गुरुवार सुबह अपने नवीनतम अपडेट में, यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर सिस्टम साइंस एंड इंजीनियरिंग (सीएसएसई) ने बताया कि वर्तमान वैश्विक मामले और मरने वालों की संख्या क्रमशः 527,265,341 और 6,282,780 है, जबकि दिए गए कुल टीकों की संख्या बढ़कर 11,485,421,664 हो गई।

सीएसएसई के अनुसार, 83,706,662 मामलों और 1,003,743 मौतों के साथ अमेरिका दुनिया के सबसे प्रभावित देश बना हुआ है। भारत 43,142,192 मामलों के साथ इस सूची में दूसरे स्थान पर है। 10 मिलियन से अधिक मामलों वाले अन्य देश ब्राजील (30,851,191), फ्रांस (29,605,758), जर्मनी (26,159,106), यूके (22,462,129), रूस (18,038,920), दक्षिण कोरिया (18,036,720), इटली (17,312,432), तुर्की (15,066,784), स्पेन (12,238,073) और वियतनाम (10,712,733) हैं।

जिन देशों में इस महामारी की वजह से 1 लाख से अधिक लोगों की जान गई है, उनमें ब्राजील (666,261), भारत (524,507), रूस (370,972), मैक्सिको (324,768), पेरू (213,122), यूके (178,973), इटली (166,264), इंडोनेशिया (156,553), फ्रांस (149,095), ईरान (141,293), कोलंबिया (139,833), जर्मनी (138,643), अर्जेंटीना (128,825), पोलैंड (116,290), स्पेन (105,947) और दक्षिण अफ्रीका (101,043) शामिल है।

## शिवराज की अपील, आंगनवाड़ियों से जुड़े समाज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज प्रदेश की जनता से भावुक अपील करते हुए कहा कि समाज का हर वर्ग आंगनवाड़ियों से जुड़ कर देश के भविष्य से जुड़े और संकल्प ले कि हर बच्चा स्वस्थ हो। श्री चौहान ने सुबह प्रदेश की जनता के नाम अपने करीब दस मिनट के संदेश में कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य और वर्तमान दोनों हैं। स्वस्थ, शिक्षित और संस्कारित बच्चे समर्थ राष्ट्र का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक वैभवशाली और शक्तिशाली भारत के निर्माण का महायज्ञ चल रहा है। उसकी पूरी सफलता के लिए जरूरी है कि बच्चे स्वस्थ रहें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वे जनता से अपील करते हैं कि जनता आंगनवाड़ियों से जुड़े अभियान में जुड़े और आंगनवाड़ी की जरूरतों को पूरा करने में सहयोग करे। उन्होंने कहा कि इस अभियान में किसान अनाज, व्यापारी सामग्री और अन्य काम में लगे लोग अपने सामर्थ्य के अनुरूप आंगनवाड़ियों की जरूरतों को पूरा करने में सामान दे सकते हैं। उन्होंने अपील की कि लोग अपना जन्मदिन या माता-पिता की पुण्यतिथि जैसे अवसरों को आंगनवाड़ी के बच्चों के साथ मना सकते हैं।

## सेना को मजबूत करने और यूक्रेन पर पकड़ बनाने के लिए रूस ने उठाए कदम

कीव, एजेंसी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को दक्षिणी यूक्रेन के कुछ हिस्सों में निवासियों के लिए रूसी नागरिकता को तेजी से अमल में लाने के लिए आदेश जारी किया, जबकि मॉस्को में सांसदों ने विस्तारित रूसी सेना को मजबूत करने के लिए एक विधेयक पारित किया।

खेरसॉन और जापोरिजिया क्षेत्र पर लागू होने वाले पुतिन के फरमान के बाद रूस की पूर्वी यूक्रेन के बीच स्थित क्षेत्र पर पकड़ मजबूत हो सकती है, जहां मास्को समर्थित अलगाववादियों ने क्रीमिया प्रायद्वीप समेत कुछ क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया है।

रूस की सेना यूक्रेन के पूर्वी औद्योगिक गढ़ डोनबास के लिए व्यापक युद्ध लड़ रही है। क्रेमलिन के अपनी सैन्य मशीनरी को मजबूत करने की कोशिश के संकेत के तौर पर, रूसी सांसदों ने स्वैच्छिक सैन्य अनुबंधों पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्तियों के लिए 40 साल की आयु सीमा को समाप्त करने पर सहमति व्यक्त की।

रूसी संसद की रक्षा समिति के अध्यक्ष आंद्रेई कार्तपोलोव ने कहा कि इस उपाय से इन-डिमांड कौशल वाले लोगों को काम पर रखना आसान हो जाएगा। रूस के अधिकारियों ने कहा कि यूक्रेन में केवल स्वयंसेवक अनुबंध सैनिकों को लड़ने के लिए भेजा जाता है। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि युद्ध के शुरूआती चरणों में गलती से कुछ सैनिकों को लड़ाई में शामिल किया गया था।

क्रेमलिन ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान में कहा कि पड़ोसी देश पर रूस के आक्रमण के तीन महीने बाद पुतिन ने मॉस्को में एक सैन्य अस्पताल में यूक्रेन में घायल हुए कुछ सैनिकों से मुलाकात की।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की घायल सैनिकों, नागरिकों और बच्चों से मिलने ऐसे समय में गए जब रूसी सैनिक कीव के बाहरी इलाके में लड़ रहे थे।

जेलेंस्की ने बुधवार को दोहराया कि वह पुतिन के साथ सीधे बातचीत करने के लिए तैयार होंगे, लेकिन मॉस्को को आक्रमण से पहले पीछे हटने की जरूरत है और यह दिखाना होगा कि वह खूनी युद्ध से कूटनीति में बदलाव के लिए तैयार है।

उन्होंने यह भी कहा कि यूक्रेन सभी कब्जे वाले क्षेत्रों से रूसी सैनिकों को खदेड़ना चाहता है। जेलेंस्की ने कहा यूक्रेन तब तक लड़ेगा जब तक कि वह अपने सभी क्षेत्रों को पुनः प्राप्त नहीं कर लेता।

# इमरान खान को इस्लामाबाद में रैली करने की सुप्रीम कोर्ट ने दी इजाजत, गिरफ्तारी पर लगाई रोक

इस्लामाबाद, एजेंसी

सत्ता से हटने के बाद सड़कों पर उतरे पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की इस्लामाबाद रैली को सुप्रीम कोर्ट ने हरी झंडी देने के साथ गिरफ्तारी पर भी रोक लगा दी है। यह इमरान खान के लिए सरकार द्वारा लगाई रोक के बाद बड़ी राहत है। इमरान खान ने बुधवार को अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ इस्लामाबाद की ओर मार्च किया। इस मार्च को रोकने के लिए प्रशासन की ओर से जगह-जगह लगाए गए बैरिकेड्स को समर्थक हटाते नजर आए।

न्यायमूर्ति इजाजुल अहसन की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने आदेश दिया कि राष्ट्रीय राजधानी यानी इस्लामाबाद में जी-9 और एच-9 सेक्टरों के बीच का मैदान इमरान खान की रैली के लिए उपलब्ध कराया जाना चाहिए। इस पीठ में न्यायमूर्ति मुनीब अख्तर और न्यायमूर्ति सैय्यद मजहर अली अकबर नकवी भी शामिल हैं।

इस्लामाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद शोएब शाहीन की ओर से मंगलवार को दायर याचिका पर निर्देश जारी करते हुए शीर्ष अदालत ने सरकार और पीटीआई की एक द्विदलीय समिति को शांतिपूर्ण तरीके से रैली आयोजित करने के लिए नियम और शर्तें तय करने का आदेश दिया।

अदालत ने अधिकारियों को बल प्रयोग नहीं करने और पीटीआई नेताओं और कार्यकताओं के घरों और कार्यालयों पर छापेमारी या गिरफ्तारी नहीं करने का भी निर्देश दिया।



पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से शहबाज शरीफ की सरकार को बड़ा झटका लगा है। इस आदेश ने इमरान खान के ह्यआजादी मार्चह्न को विफल करने के प्रशासन की कवायद पर पानी फेर दिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक अब तक इमरान की पार्टी के एक हजार से अधिक कार्यकताओं को गिरफ्तार किया जा चुका है। इमरान खान का कहना है कि वह नए चुनावों की घोषणा होने तक इस्लामाबाद पहुंचकर धरना जारी रखेंगे।

## काबुल की मस्जिद में विस्फोट

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में मस्जिद के भीतर हुए एक विस्फोट में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और देश के उत्तर में तीन मिनी वैन में हुए बम विस्फोटों में नौ लोगों की मौत हो गई। तालिबान ने यह जानकारी दी। मिनी वैन में हुए विस्फोटों की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट (आईएस) से संबद्ध एक स्थानीय समूह ने ली है। काबुल इमरजेंसी हॉस्पिटल ने बताया कि मस्जिद में बमबारी के कारण घायल हुए 22 लोग अस्पताल लाए गए, जिनमें से पांच की मौत हो गई। काबुल में तालिबान पुलिस के एक प्रवक्ता खालिद जदरान ने बताया कि पुलिस डिस्ट्रिक्ट 4 की हजरत जकारिया मस्जिद में हुए विस्फोट के बारे में अभी और कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। जदरान ने कहा, जब मस्जिद में विस्फोट हुआ, उस समय लोग शाम की नमाज के लिए एकत्र हुए थे। इस बीच, बाल्ख प्रांत में तालिबान के प्रवक्ता मोहम्मद आसिफ वजीरी ने बताया कि मजार-ए-शरीफ शहर में तीन मिनीवैन को निशाना बनाया गया और उनमें विस्फोटक उपकरण रखे गए। उन्होंने बताया कि विस्फोटों में नौ लोगों की मौत हो गई और 15 लोग घायल हो गए।

# सुरक्षा परिषद में उत्तर कोरिया पर और कड़े प्रतिबंधों को लेकर गुरुवार को मतदान

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में इस वर्ष प्योंगयांग के कई मिसाइल प्रक्षेपणों के मद्देनजर उत्तर कोरिया पर प्रतिबंधों को और कड़ा करने के लिए गुरुवार को मतदान होगा। इस प्रस्ताव का मसौदा अमेरिका ने तैयार किया है। समाचार एजेन्सी स्पूतनिक ने बुधवार को सूत्रों के हवाले से बताया कि मतदान कल होने की उम्मीद है।

उत्तर कोरिया ने कल प्योंगयांग के सुनन क्षेत्र से जापान सागर की ओर तीन बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया। एजेन्सी द्वारा हासिल की गयी मसौदे की प्रति के अनुसार इस प्रस्ताव में उत्तर कोरिया के परमाणु हथियार या बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम में भूमिका निभाने वाले जहाजों पर प्रतिबंधों को और कड़ा किया जायेगा।

इस तरह के उपायों से उत्तर कोरिया पर खनिज ईंधन, खनिज तेल और उनके आसवन के अन्य उत्पादों के साथ-साथ बिटुमिनस पदार्थों, खनिज मोम और घड़ियों के निर्यात पर भी प्रतिबंध लगाया जाएगा। इसी तरह यह प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सभी सदस्यों को भी इन उत्पादों के आयात करने से प्रतिबंधित करेगा।



**आरोप**

- उत्तर कोरिया ने कल प्योंगयांग के सुनन क्षेत्र से जापान सागर की ओर तीन बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया

इस प्रस्ताव के तहत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों पर भी उत्तर कोरिया को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से तंबाकू या तंबाकू निर्मित अन्य सामानों को भेजने से प्रतिबंध लगा दिया जायेगा। इसी तरह इस प्रस्ताव के अनुसार सुरक्षा परिषद के सदस्य देश उत्तर कोरिया से प्रौद्योगिकी से संबंधित सेवाएं प्राप्त नहीं करेंगे। इसके अतिरिक्त सदस्य देश सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव के अनुसार निषिद्ध वस्तुओं को जब्त करने और उन्हें निबटाने के लिए अधिकृत होंगे।

# चीन को 10 प्रशांत देशों से व्यापक समझौता करने की उम्मीद

वेलिंगटन, एजेंसी

चीन चाहता है कि 10 छोटे प्रशांत देश सुरक्षा से लेकर मत्स्य पालन तक के क्षेत्र में एक व्यापक समझौते का समर्थन करें, जबकि अमेरिका ने आगाह किया कि यह क्षेत्र पर कब्जा जमाने के लिए बीजिंग की बड़ी और महत्वपूर्ण कवायद है। समझौते के मसौदे से पता चलता है कि चीन प्रशांत देशों के पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षित करना चाहता है, पारंपरिक और गैर-पारंपरिक सुरक्षा पर उनसे जुड़ना चाहता है और कानून प्रवर्तन पर सहयोग बढ़ाना चाहता है। चीन मत्स्य पालन के लिए एक समुद्री योजना भी संयुक्त रूप से बनाना चाहता है, जिसमें प्रशांत क्षेत्र की पसंदीदा टूना मछली पकड़ना भी शामिल है। वह क्षेत्र के इंटरनेट नेटवर्क को चलाने पर सहयोग बढ़ाना चाहता है और सांस्कृतिक कन्फ्यूशियस इंस्टीट्यूट्स तथा कक्षाएं स्थापित करना चाहता है।



















स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129